सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 19 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 19, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

रोहित की कप्तानी में खेली जायेगी चैंपियन्स ट्रॉफी

अमेरिका, रूस, जर्मनी, जापान और इजरायल में महाकुम्भ से जुड़े समाचारों की बड़ी डिमांड

पूरी दुनिया में महाकुम्भ की सूचनाएं प्रसारित करने का सबसे प्रमुख केंद्र बना डिजिटल मीडिया सेंटर, स्वीडिश रेडियो पर महाकुम्भ के कार्यक्रम की धूम

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ के अद्भुत आयोजन का जीवंत दृश्य पूरी दुनिया को दिखाने के लिए आधुनिकतम मीडिया सेंटर महाकुम्भ में कार्यरत है। इसमें करोड़ों रुपए की लागत से उच्च गुणवत्ता वाले हाईली

- **इंटरनेशनल मीडिया के 30 पत्रकारों ने महाकुम्भ की विशेष कवरेज शुरू की***
- **करोड़ों रुपए के हाईली प्रोफेशनल कैमरे कर रहे महाकुम्भ का लाइव टेलीकास्ट**
- **50 लाख के लेंस वाले कैमरों से दुनिया को कराया जा रहा महाकुम्भ का दिव्य दर्शन**

प्रोफेशनल कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए महाकुम्भ के हर छोटे-बड़े पल को न केवल लाइव दिखाया जा रहा है, बल्कि हर दृश्य को ऐसी तकनीक से रिकॉर्ड किया जा रहा है कि दर्शक रियल टाइम अनुभव कर पा रहे हैं। इस तकनीकी व्यवस्था के जरिए, महाकुम्भ का जीवंत अनुभव सीधे दुनिया भर के श्रद्धालुओं तक एक साथ पहुंच रहा है। इसके लिए पचास लाख तक के लेंस वाले कैमरे के जरिए महाकुम्भ से संबंधित समाचार डिजिटल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे हैं। अब तक इंटरनेशनल मीडिया के 30 पत्रकारों ने भी महाकुम्भ की विशेष कवरेज की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए मीडिया सेंटर पर हर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर व्यक्ति को पल पल अपडेट मिलती रहे। यहां अमेरिका, रूस, जर्मनी, जापान और इजरायल में महाकुम्भ से जुड़े समाचारों की बड़ी डिमांड है। इसके अलावा स्वीडिश रेडियो पर चले महाकुम्भ के कार्यक्रम को लोगों ने बहुत पसंद किया है। यहां कॉन्फ्रेंस रूम के साथ चाय, नाश्ते और भोजन सब उपलब्ध हैं। इसके अलावा यहां सुरक्षा के सभी पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं।

साउथ एशिया की नाइला जेसिका, डेर स्पाइगल की लौरा, ईपीडी की अंतेज स्टेबिट्ज ने बजाया महाकुम्भ का डंका : महाकुम्भ न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार के महाकुम्भ को पहले के सभी कुम्भ से अधिक नव्य और भव्य रूप दिया है। इसी वजह से महाकुम्भ पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और पल पल की अपडेट दुनिया देखना चाहती है, इसलिए इंटरनेशनल मीडिया को बड़ी प्रमुखता दी गई है। यहां महाकुम्भनगर में बने मीडिया सेंटर में महाकुम्भ की रिपोर्टिंग का बहुत क्रेज है। इसी वजह से अभी हाल ही में स्वीडन के स्वीडिश रेडियो पर चले महाकुम्भ के कार्यक्रम की धूम रही। वहां की पत्रकार ने अपने पॉडकॉस्ट का प्रोग्राम चलाया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। दुनिया के सबसे भव्य कार्यक्रम की कवरेज के लिए साउथ एशिया की नाइला जेसिका ने महाकुम्भ को दिव्य और भव्य आयोजन बताया। वहीं, महाकुम्भ में अखाड़े के साधु संतों पर स्पेशल स्टोरी के लिए ईपीडी की तरफ से अंतेज स्टेबिट्ज भी पहुंची हुई हैं। न केवल देश, बल्कि विदेश में खास तौर पर अमेरिका, रूस, जर्मनी, जापान और इजरायल में महाकुम्भ से जुड़े समाचार की बड़ी डिमांड है।

फाइल फोटो

मीडिया सेंटर के सेल्फी प्वाइंट से हो रहा सूचना का प्रवाह: मीडिया सेंटर के सेल्फी प्वाइंट में बहुत ही शानदार तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस सेल्फी प्वाइंट के बीचो बीच कैमरा लगा है। जो सेल्फी प्वाइंट के सामने आते ही उनकी फोटो क्लिक कर लेता है। इसके बाद इस सेल्फी प्वाइंट के जरिए ही क्यूआर कोड सामने आ जाता है। इस क्यूआर कोड को एक्सेस करते ही टाइम स्लॉट दिखता है, जहां देश ही नहीं विदेश का मीडिया भी अपने स्लॉट बुक कर सकता है। पॉडकॉस्ट में भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां चलने वाला हर कार्यक्रम सीधे लाइव हो जाता है। इसके साथ ही इसका पूरा विवरण सर्वर में भी आ जाता है। इसके बाद पूरे कार्यक्रम की डिटेल विभाग के साथ साथ सभी मीडिया संस्थानों के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाती है।

पॉडकास्ट रूम से महाकुम्भ की दिलचस्प चर्चा : मीडिया सेंटर में एक विशेष पॉडकास्ट रूम भी तैयार किया गया है। जहां प्रतिदिन महाकुम्भ से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाएँ की जा रही हैं। इस रूम में महाकुम्भ के इतिहास, इसकी सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व, आयोजन की जटिलताओं और पर्यावरणीय प्रभावों पर गहराई से चर्चा की जाती है। यह पॉडकास्ट रूम मीडिया कर्मियों और विशेषज्ञों का एक प्रमुख मंच बन चुका है, जहां से महाकुम्भ को लेकर हर पहलू को उजागर किया जाता है।

कॉन्फ्रेंस रूम में मीडिया के लिए बेहतरीन सुविधाएं : लाइव टेलीकास्ट की टीम के हेड राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्क स्टेशन पर 65 से ज्यादा कंप्यूटर लगाए जा चुके हैं। मीडिया सेंटर में एक अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम भी है, जहां पत्रकारों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां चाय, नाश्ता और भोजन की उत्तम सुविधा प्रदान की गई है, ताकि वे आयोजन की कवरेज में किसी भी प्रकार की असुविधा महसूस न करें। पीसीआर रूम में दो बड़े और दो छोटे स्क्रीन लाइव फीडिंग के माध्यम से महाकुम्भ की हर घटना को दिखा रहे हैं, जिससे मीडिया कर्मी आयोजन के हर पहलू से वाकिफ हो सकें।

सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म का बेहतरीन उपयोग

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं और दुनिया भर के दर्शकों को लगातार जानकारी देने के लिए यूट्यूब, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग किया जा रहा है। इन माध्यमों के जरिए मीडिया सेंटर से जुड़े हर छोटे से छोटे अपडेट्स और समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता भी महाकुम्भ के हर अपडेट से अवगत हो सके।

ब्रॉडकास्ट कैमरे और अपलिंक की विशेष व्यवस्था : इस मीडिया सेंटर में ब्रॉडकास्ट कैमरे और अपलिंक की विशेष तकनीकी व्यवस्था की गई है, जो लाइव प्रसारण के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचाव करती है।

विशेष सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था : मीडिया सेंटर में वीआईपी लाउंज, आरामदायक डबल बेड वाले कमरे, और 56 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता वाला विशाल कैफेटेरिया मौजूद हैं। इसके अलावा प्रेस ब्रीफिंग के लिए 400 लोगों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए

- **पॉडकास्ट रूम से प्रतिदिन की जा रही महाकुम्भ को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा**
- **कॉन्फ्रेंस रूम के साथ डाइनिंग रूम में चाय, नाश्ता और भोजन सबकुछ कराया जा रहा उपलब्ध**
- **प्रेस ब्रीफिंग के लिए 400 लोगों के एक साथ बैठने की है व्यवस्था**

हैं, जिससे मीडिया कर्मियों और अन्य अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। देश दुनिया तक सटीक जानकारी पहुंचाने के लिए ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया है।

महाकुम्भः अडाणी समूह के साथ मिलकर इस्कॉन लाखों श्रद्धालुओं को परोस रहा भोजन

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेले में पहली बार देश के दिग्गज कॉरपोरेट घराने अदाणी समूह का साथ पाकर इस्कॉन उत्साहित है और अब वह पहले की तुलना में कहीं अधिक क्षमता से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद उपलब्ध करा रहा है।

यहां सेक्टर 19 में हर्षवर्धन मार्ग पर स्थित इस्कॉन के शिविर में धार्मिक संगठन के निदेशक (सीएसआर) मधुकांत दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एक रसोई में एक सत्र में 30 से 35 हजार लोगों का खाना तैयार होता है। एक दिन में तीन सत्रों में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक लोगों के लिए खाना तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस्कॉन का भोजन प्रसाद पूरी तरह से संतुलित है जिसमें दाल, छोले या राजमा, सब्जी और रोटी-चावल के साथ ही मीठे में हलवा या बूंदी के लड्डू शामिल हैं। ये भोजन मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी और गोबर के कंडों की आग पर तैयार किए जाते हैं जिससे इनका स्वाद लाजवाब है।

दास ने बताया कि पूरे प्रयागराज में 40 केंद्रों पर भोजन प्रसाद वितरण किया जा रहा है जिनमें बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कई होल्डिंग एरिया शामिल हैं जहां मुख्य स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को रोका जाता है। उन्होंने बताया कि भोजन प्रसाद के वितरण के लिए 100 गाड़ियां लगाई गई हैं जिन्हें अदाणी समूह की तरफ से उपलब्ध कराया गया है। अदाणी समूह और इस्कॉन की ओर से तीन से साढ़े तीन हजार स्वयंसेवक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूरी परियोजना पर्यावरण-अनुकूल है और 45 दिनों तक चलने वाले इस मेले में कहीं भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस्कॉन के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अदाणी समूह का साथ मिलने से संगठन की भोजन प्रसाद वितरण की क्षमता आठ से 10 गुना बढ़ गई है। अडाणी समूह के एक अधिकारी ने कहा कि महाकुम्भ मेले में सेवा देने को लेकर कंपनी के लोगों में भारी उत्साह है। सेवा देने के लिए कंपनी ने पोर्टल खोला और एक ही दिन में 4,000 लोगों ने आवेदन कर दिया। पोर्टल बंद करने पर कर्मचारियों ने हंगामा भी कर दिया। इसकी वजह यह है कि उनमें महाकुम्भ का हिस्सा बनने की तीव्र इच्छा है। उन्होंने बताया कि अदाणी समूह की तरफ से कंपनी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी भी कुंभ मेले में सेवा देने के लिए आ रहे हैं। कंपनी से 100-150 के बैच में कर्मचारी और अधिकारी सेवा देने आ रहे हैं। दास ने बताया कि मेला और आसपास के क्षेत्रों में सफाई में लगे 15,000 कर्मचारियों को भी भोजन प्रसाद इस्कॉन द्वारा वितरित किया जा रहा है। इस्कॉन ने पूरे प्रयागराज में तीन रसोई घर स्थापित किए हैं जो रेलवे जंक्शन के पास खुशरोबाग, सेक्टर छह में नेत्रकुंभ और सेक्टर 19 में इस्कॉन मंदिर परिसर में स्थित हैं और यहीं से भोजन प्रसाद तैयार कर वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में इस्कॉन के 750 केंद्र हैं जहां कई गौशालाएं है। इन्हीं गौशालाओं से गोबर के कंडे यहां लाए गए हैं। हर कुंभ में इस्कॉन की भागीदारी को देखते हुए मेला से छह महीने पहले से गोबर के कंडे बनाने शुरू कर दिए जाते हैं।

इनोवेशन और स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहा एकेटीयू

लखनऊ। प्रदेश में इनोवेशन और स्टार्टअप की संस्कृति विकसित करने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने प्रदेश के तीनों तकनीकी विश्वविद्यालयों में इनोवेशन सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया है। जिससे कि प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को विकसित किया जा सके। विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए प्रदेश सरकार वित्तीय सहायता भी करेगी। कुल मिलाकर सरकार की मंशा युवाओं को नवाचार और उद्यमिता की ओर उन्मुख करना है। ताकि वैश्विक जरूरतों के मुताबिक तकनीकी सहायता से छात्र नवाचार विकसित कर सकें। इस दिशा में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय काफी योगदान दे रहा है। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक में 100 करोड़ के इनोवेशन निधि बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। इस मद से छात्रों को इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए मदद की जाएगी। विश्वविद्यालय से जुड़े इनोवेशन हब और इन्क्युबेशन सेंटर

- **विवि में स्थित इनोवेशन हब और इन्क्युबेशन सेंटर में छात्रों को इनोवेशन और स्टार्टअप शुरू करने के लिए की जा रही मदद**
- **विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से लेकर इंवेस्टर तक का है सपोर्ट**
- **हाल ही में 100 करोड़ की इनोवेशन निधि बनाने के प्रस्ताव को विश्वविद्यालय प्रशासन ने किया है मंजूर, अब तक तमाम छात्रों ने बनायी अपनी स्टार्टअप कंपनी**

के कामों में तेजी आएगी। विश्वविद्यालय ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए प्रदेश भर में 300 इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 100 प्री इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित किये जा चुके हैं। इनके जरिये छात्रों को इनोवेशन और स्टार्टअप के क्षेत्र में लाने के लिए सहायता की जाएगी। प्रदेश में पहली बार नवाचारियों को सीधे सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय ने कलाम पेटेंट सेंटर की स्थापना की जा रही है। जिसके तहत नवाचारियों के आइडिया के आधार पर निःशुल्क व बिना पूतिपूर्ति के पूर्ण पेटेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्टूडेंट फैकल्टी इनोवेशन पॉलिसी बनायी है। इस पॉलिसी के जरिये 200 आइडिया को कॉमर्सलाइज और 500 पेटेंट फाइल करने की योजना है। विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब के नेतृत्व में काफी संख्या में स्टार्टअप सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। विश्वविद्यालय ने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए एक इको सिस्टम तैयार किया है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में छात्रों को स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कुंभ मेला परिसर में सपा के चिंतन शिविर का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आज प्रयागराज कुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 11 में स्थित समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन किया।

चिंतन शिविर में पर्यावरण, गंगा एवं समाजवाद विषयक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पुरोधा डॉ. राममनोहर लोहिया ने पर्यावरण को लेकर बहुत पहले गंभीर चिंता जताई थी। उन्होंने हिमालय बचाओ, नदियों को साफ करो का नारा दिया था। डॉ. राममनोहर लोहिया जी की सप्तक्रांति में पर्यावरण अहम् मुद्दा रहा है। श्री अखिलेश यादव ने पीडीए वृक्षारोपण अभियान चलाकर पूरे प्रदेश में करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाने के लिये प्रेरित किया, जिसका पालन करते हुए सपा कार्यकताओं ने गाँव, गाँव, पार्को एवं बाग बगीचे, घर के आँगन में पेड़ लगाए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने गंगा, यमुना सहित देश की नदियों में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने कई करोड़ रुपए सफाई के नाम पर खर्च कर दिया लेकिन अफसोस है कि नदियाँ साफ नहीं हुई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने संविधान को लोकतंत्र की आत्मा बताया। डॉ. अम्बेडकर के बनाये संविधान ने यह व्यवस्था दी है जिससे देश चलेगा। सपा प्रदेश अध्यक्ष मेला क्षेत्र में स्थापित स्व. मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान में पहुंचकर नेताजी की की प्रतिमा पर भी नमन किया। उद्धव संस्थान की ओर से विगत 18 वर्षों से मेला क्षेत्र अंतर्गत लगातार आयोजित किये जा रहे इस शिविर में पूरे मेला अवधि तक समाजवादी चिंतकों, विचारधारा से जुड़े लोंगो सहित धर्म, अध्यात्म, समाजसेवा से जुड़े लोंगो की उपस्थिति में समाजवाद, संविधान, लोकतंत्र, गंगा, पर्यावरण, कृषि, कुटीर उद्योग आदि विषयों पर चर्चा-परिचर्चा आयोजित की जाती है। शिविर के संयोजक अवधेश आनंद ने सभी लोंगो का स्वागत एवं संचालन अनंत बहादुर यादव ने किया। इस मौके पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, लल्लन राय, विधायक श्रीमती विजमा यादव, डॉ. मानसिंह यादव, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, मुजतबा सिद्दीकी, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, राघवेंद्र यादव, पंधारी यादव, अमर नाथ मौर्य, संदीप यादव, कृष्ण मूर्ति यादव, तारिक सईद अज्जू, दान बहादुर मधुर, आरएन यादव, रविन्द्र यादव, राजेश यादव, राम सुमेर पाल, सचिन श्रीवास्तव, दूध नाथ पटेल, रामप्रताप यादव, अनिल पाल नोयडा, संतोष यादव, राम लखन यादव, अरविन्द गिरि, अनंत बहादुर यादव, कुलदीप यादव, डॉ. आकाश यादव, नाटे चौधरी, इंजी.जगदीश यादव, हसीब, सऊद, ओपी यादव, अखिलेश गुप्ता, संदीप चौधरी आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

षड़यंत्र के तहत सांसद राकेश राठौर पर दर्ज हुआ मुकदमा : राय

लखनऊ। सांसद राकेश राठौर के खिलाफ सीतापुर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण पर जारी बयान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि श्री राकेश राठौर पिछले कुछ समय से भूमाफियाओं एवं पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उनकी यह लड़ाई सीतापुर के कुछ बहुत आपराधिक और दबंग किस्म के लोगों से थी। इतना ही नहीं अभी कुछ दिन पूर्व श्री राठौर ने प्रेस वार्ता कर पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। श्री राय ने कहा ऐसे हालात में ये सारी कार्यवाही एक सुनियोजित साजिश लग रही है। श्री राय ने कहा कि सीतापुर के जिस पुलिस तंत्र के भ्रष्ट और निरंकुश आचरण के खिलाफ श्री राठौर लड़ाई लड़ रहे हैं, उनसे निष्पक्ष जांच की उम्मीद बेमानी है। अतः कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि इस मामले की तत्काल एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए ताकि वास्तविक सच बाहर आ सके।

सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मिल्कीपुर से कई थानेदारों को हटाने की मांग की

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मांग की है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना इनायतनगर के पुलिस थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, पुलिस थाना कुमारगंज के पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह, पुलिस थाना खण्डासा के पुलिस थानाध्यक्ष संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से जनपद अयोध्या से बाहर स्थानान्तरित किया जाये व समाजवादी पार्टी के निर्दोश पदाधिकारियों, कार्यकताओं, ग्राम प्रधानों पर दर्ज झूठी, मनगढ़न्त, फर्जी एफआईआर निरस्त किया जाये जिससे भयमुक्त, स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके।

श्री पाल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना इनायतनगर के पुलिस थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय व पुलिस थाना कुमारगंज के पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह व पुलिस थाना खण्डासा के पुलिस थानाध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा 07 जनवरी 2025 को चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद से अब तक समाजवादी पार्टी के एक दर्जन से अधिक निर्दोष पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, कार्यकताओं, ग्राम प्रधानो के विरूद्ध झूठी, मनगढ़न्त, फर्जी एफआईआर दर्ज करके विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भय का माहौल बनाया जा रहा है। जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है। निष्पक्ष चुनाव सम्भव नहीं है। ज्ञापन के अनुसार मिल्कीपुर विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना इनायतनगर के पुलिस थानाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, पुलिस थाना कुमारगंज के पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह, पुलिस थाना खण्डासा के पुलिस थानाध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा जनपद अयोध्या समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव बख्तियार खां, जिला सचिव राम बहादुर यादव, समाजवादी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष मिल्कीपुर रामतेज यादव, सदस्य जिला कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी व ग्राम प्रधान मोहम्मद रईस अहमद उर्फ नियाज, मिल्कीपुर विकासखण्ड महासचिव काशीराम पाल, पूर्व प्रधान व समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पुरूषोत्तम दास पटवा, समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता विशाल पटवा, ग्राम प्रधान भदोखरा लालू यादव, ग्राम प्रधान रामलहू यादव, ग्राम प्रधान बरईपारा व बूथ प्रभारी हिदेश यादव आदि के विरूद्ध झूठी, मनगढ़न्त, फर्जी एफआईआर दर्ज की गयी है। इसी को लेकर शनिवार को केके श्रीवास्तव एवं राधे श्याम सिंह ने यह ज्ञापन सौंपा।

महाकुम्भ : उच्च शिक्षा प्राप्त महिलाएं बन रहीं संन्यासी, ले रहीं दीक्षा

आशीष मौर्य

लखनऊ। प्रयागराज महाकुम्भ नारी सशक्तीकरण को लेकर भी नया इतिहास लिखने जा रहा है। महाकुम्भ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रयागराज महाकुम्भ सबसे अधिक महिला संन्यासियों की दीक्षा का इतिहास लिखने जा रहा है। इस बार

- **एक हजार से अधिक मातृ शक्ति को दी जायेगी अखाड़े में प्रवेश के लिए दीक्षा**
- **अखाड़ों में नारी सशक्तीकरण का साक्षी बन रहा है महाकुम्भ**

महाकुम्भ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत 200 से अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा होगी। सभी अखाड़ों को अगर शामिल कर लिया जाय तो यह संख्या 1000 का आंकड़ा पार कर जाएगी।

सनातन की शक्ति है महाकुम्भ का श्रृंगार कहे जाने वाले 13 अखाड़े। महाकुम्भ के मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले अखाड़ों में फिर सनातन की ध्वजा फहराने की तैयारी हो रही है। बड़ी संख्या में अखाड़ों में नव प्रवेशी साधुओं को दीक्षा देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें भी नारी शक्ति की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। संयासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि इस बार महाकुम्भ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत 200 से अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा होगी। सभी अखाड़ों को अगर शामिल कर लिया जाय तो यह संख्या 1000 का आंकड़ा पार कर जाएगी। संन्यासी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। आगामी 27 जनवरी को संन्यास दीक्षा का अनुष्ठान संभावित है। सनातन धर्म में वैराग्य या संन्यास के कई कारण बताए गए हैं जिनकी वजह से गृहस्थ या आम इंसान वैराग्य में प्रवेश करता है। परिवार में कोई दुर्घटना, या आकस्मिक सांसारिकता से मोह भंग या फिर अध्यात्म अनुभूति इसके कारण हो सकते हैं। महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि इस बार जो महिलाएं दीक्षा संस्कार ले रही हैं उसमें उच्च शिक्षा प्राप्त नारियों की संख्या अधिक है जो आध्यात्मिक अनुभूति के लिए संस्कार दीक्षित हो संन्यासी बनेंगी। गुजरात के राजकोट से आई राधेनंद भारती इस महाकुम्भ में संस्कार की दीक्षा लेंगी। राधेनंद इस समय गुजरात की कालिदास रामटेक यूनिवर्सिटी से संस्कृत में पीएचडी कर रही हैं। राधे नंद भारती बताती हैं कि उनके पिता बिजनेस मैन थे। घर में सब कुछ था लेकिन आध्यात्मिक अनुभूति के लिए उन्होंने घर छोड़कर संन्यास लेने का फैसला किया। पिछले बारह साल से वह गुरु की सेवा में हैं। अखाड़े में नारी शक्ति को पहचान दिलाने में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा आगे है। महाकुम्भ के पहले जूना अखाड़े की संतो के संगठन माई बाड़ा को नया सम्मानित नाम दिया गया संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना। आधी आबादी के इस प्रस्ताव पर अब मुहर लगा दी गई है। महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि महिला संतों ने संरक्षक महंत हरि गिरि से इसकी मांग की गई थी। उन्होंने महिला संतों से ही नए नाम का प्रस्ताव देने के लिए कहा था। महंत हरि गिरि ने इसे स्वीकार कर लिया है।

पांच हजार से ज्यादा नये नागा होंगे अखाड़ों में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। संन्यासी अखाड़ों में सबसे अधिक नागा संन्यासियों वाला अखाड़ा है श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा जिसमें निरंतर नागाओं की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके विस्तार की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। भगवान शिव के दिगम्बर भक्त नागा

- **जूना अखाड़े में पहले चरण में 1500 अधिक नागा संन्यासियों का हुआ दीक्षा संस्कार**

सन्यासी महाकुम्भ में सबका ध्यान अपनी तरह खींचते हैं और यही वजह है शायद कि महाकुम्भ में सबसे अधिक जन आस्था का सैलाब जूना अखाड़े के शिविर में दिखता है। अखाड़ों की छावनी की जगह सेक्टर 20 में गंगा का तट इन नागा संन्यासियों की उस परम्परा का साक्षी बना जिसका इंतजार हर 12 साल में अखाड़ों के अवधूत करते हैं। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय मंत्री महंत चैतन्य पुरी ने बताया कि शनिवार को नागा दीक्षा की शुरूआत हो गई है। पहले चरण में 1500 से अधिक अवधूत को नागा संन्यासी की दीक्षा दी जा रही है। नागा संन्यासियों की संख्या में जूना अखाड़ा सबसे आगे है जिसमे अभी 5.3 लाख से अधिक नागा संन्यासी हैं। नागा संन्यासियों केवल कुंभ में बनते हैं वहीं उनकी दीक्षा होती है। सबसे पहले साधक को ब्रह्मचारी के रूप में रहना पड़ता है। उसे तीन साल गुरुओं की सेवा करने और धर्म-कर्म और अखाड़ों के नियमों को समझना होता है। इसी अवधि में ब्रह्मचर्य की परीक्षा ली जाती है। अगर अखाड़ा और उस व्यक्ति का गुरु यह निश्चित कर ले कि वह दीक्षा देने लायक हो चुका है तो फिर उसे अगली प्रक्रिया में ले जाया जाता है। यह प्रकिया महाकुम्भ में होती है जहां वह ब्रह्मचारी से उसे महापुरुष और फिर अवधूत बनाया जाता है। महाकुम्भ में गंगा किनारे उनका मुंडन कराने के साथ उसे 108 बार महाकुम्भ की नदी में डुबकी लगवाई जाती है। अन्तिम प्रक्रिया में उनका स्वयं का पिण्डदान तथा दण्डी संस्कार आदि शामिल होता है।

सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 19 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 19, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री घटी

मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु समेत देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में 26 प्रतिशत की गिरावट आई है। } 14

मोदी सरकार ने दी गांवों को तरजीह : जेपी नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि स्वामित्व संपत्ति कार्ड का वितरण और अन्य पहले जनता को सशक्त करने के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार के संकल्प को रेखांकित करती हैं। } 16

राजनाथ सिंह ने संगम में लगायी डुबकी

महाकुम्भ के दौरान गंगा में स्नान करना मेरा सौभाग्य : रक्षा मंत्री

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे। बमरौली हवाई अड्डे पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुंप्ता नंदी ने उनकी आगवानी की। राजनाथ सिंह ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजनाथ सिंह के साथ सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। महाकुम्भ के कुशल संचालन को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया। कहा कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन और सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन जिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

सैफ अली खान मामला : छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया संदिग्ध

आरपीएफ ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से युवक को हिरासत में लिया

एजेंसी

मुंबई/दुर्ग। अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके घर पर चाकू से हुए हमले के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शनिवार दोपहर छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संदिग्ध की तस्वीर मुंबई पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ साझा की थी। संदिग्ध मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से कोलकाता शालीमार के बीच चलने वाली ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। मुंबई पुलिस ने बाद में एक बयान में कहा कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति आकाश कैलाश कन्नोजिया (31) अब भी संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि उचित सत्यापन के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।

इससे पहले शुक्रवार को एक बढ़ई को हिरासत में लिया गया था क्योंकि वह अभिनेता की बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध हमलावर के स्क्रीनग्रैब से मिलता जुलता था। लेकिन, बाद में उसे रिहा कर दिया गया क्योंकि उसका अपराध से कोई संबंध नहीं पाया गया। लोकप्रिय बॉलीवुड स्टार 54 वर्षीय खान पर बुधवार-बृहस्पतिवार की दरमियानी रात मुंबई के बांद्रा इलाके में 12वीं मंजिल

दुर्ग स्टेशन पर दबोचा गया आरोपी आकाश कनोजिया

पर स्थित उनके आवास पर चाकू से हमला किया था। हमले को लूटपाट के इरादे से घर में दाखिल हुए एक घुसपैठिये ने अंजाम दिया था। लीलावती अस्पताल में भर्ती सैफ अली खान का इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है और उन्हें दो-तीन दिन में छुट्टी दी जा सकती है।

मुंबई पुलिस ने शनिवार अपराह्न करीब 12.30 बजे दुर्ग में आरपीएफ को सूचना दी कि ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में एक संदिग्ध व्यक्ति यात्रा कर रहा है। आरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे दुर्ग की आरपीएफ चौकी को मुंबई पुलिस से सैफ अली खान पर हमले के संदिग्ध के ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा करने की सूचना मिली। साथ ही, मुंबई पुलिस ने आरपीएफ को उसकी तस्वीर भेजी और यह भी बताया कि उसके मोबाइल फोन के अनुसार फिलहाल वह कहां है। अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ दुर्ग ने राजनांदगांव स्टेशन (मुंबई हावड़ा रेलमार्ग पर दुर्ग से पहले यह स्टेशन आता है) पर अपने समकक्ष को संदिग्ध के बारे में बताया लेकिन जब वहां ट्रेन रूकी तब उसका पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि दुर्ग स्टेशन पर दो दलों को तैयार रखा गया और जब ट्रेन पहुंची तब संदिग्ध अगले हिस्से में लगे सामान्य डिब्बे में मिला। वीडियो कॉल के जरिए मुंबई के पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

ईपीएफओ के सदस्य खुद ठीक कर सकेंगे निजी जानकारियां

नयी दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के 7.6 करोड़ से अधिक सदस्य अब नियोक्ता द्वारा किसी सत्यापन या ईपीएफओ की मंजूरी के बगैर भी नाम और जन्मतिथि जैसी व्यक्तिगत जानकारियों में ऑनलाइन बदलाव कर सकते हैं। यह सुविधा शनिवार से शुरू हो गई। इसके अलावा, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ई-केवाईसी ईपीएफ खाते (आधार से जुड़े) वाले सदस्य, नियोक्ता के हस्तक्षेप के बिना आधार ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) के साथ सीधे अपने ईपीएफ हस्तांतरण दावे ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को ईपीएफओ की इन दोनों नई सेवाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ सदस्यों द्वारा दर्ज लगभग 27 प्रतिशत शिकायतें सदस्य प्रोफाइल केवाईसी मुद्दों से संबंधित हैं और इस सुविधा के शुरू होने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

डंपर से टकरायी कार दारोगा की मौत

बस्ती। जिले में एक कार और डंपर की टक्कर हो गई जिससे कार में सवार एक पुलिस उप निरीक्षक की मौत हो गई तथा हेड कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उप निरीक्षक हरि नारायण मिश्रा (57) गोरखपुर से कार से पैकोलिया थाने आ रहे थे तभी रास्ते में हर्रैया क्षेत्र में हर्रैया-बभनान मार्ग पर उनकी कार एक डंपर से टकरा गई। इस घटना में मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गयी और कार चला रहे हेड कांस्टेबल राम कुमार दुबे घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिश्रा पैकोलिया थाने में तैनात थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

भूमि डिजिटलीकरण से ग्रामीणों को बना रहे सशक्त

आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से दूर होगी गरीबी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कार्यक्रम को संबोधित किया और कुछ लाभार्थियों से बातचीत भी की और कहा कि इस योजना से लोगों को ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण भूमि डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकी और सुशासन की शक्ति का लाभ उठाकर ग्रामीण सशक्तिकरण को आगे बढ़ा रहा है। ये संपत्ति कार्ड 10 राज्यों - छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख के 50,000 से अधिक गांवों के लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा आज 65 ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी में वितरित की गयीं 1 करोड़ 50 लाख घरौनियां

विशेष संवाददाता

लखनऊ। देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है।

पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुम्भ में 22 को हो सकती है योगी कैबिनेट की बैठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की अहम कैबिनेट बैठक 22 जनवरी को प्रस्तावित है। इस बार ये अहम कैबिनेट बैठक प्रयागराज महाकुंभ में होगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सभी मंत्री बैठक में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़े अहम मामलों पर फैसला हो सकता है। कहा जा रहा है कि, बैठक से पहले मुख्यमंत्री और मंत्री संगम में स्नान भी कर सकते हैं। इससे पहले वर्ष 2019 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली सरकार में 29 जनवरी को कुम्भ के दौरान प्रयागराज में मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई थी। महाकुम्भ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक जारी रहेगा। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में संजय रॉय दोषी

सोमवार को सुनायी जायेगी सजा, दस्तवेजों से साबित हुआ अपराध

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता की एक अदालत ने आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय को शनिवार को दोषी करार दिया। इस जघन्य अपराध के बाद देश भर में आक्रोश फैल गया था और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा। मामले की सुनवाई कर रही सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को सजा सुनाएंगे।

यह फैसला पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में शुरू हुई सुनवाई के लगभग दो महीने बाद और नौ अगस्त 2024 को घटित इस जघन्य अपराध के 162

दिन बाद सुनाया गया। मामले की शुरुआत में जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले महिला चिकित्सक का शव अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मौत का कारण बनने के लिये) और 103 (1) (हत्या) के तहत आरोपित किया गया था। बीएनएस 103(1) के तहत कम से कम आजीवन कारावास और अधिकतम फांसी की सजा के प्रावधान हैं। न्यायाधीश ...शेष पृष्ठ 14 पर

तीन मंदिरों के शिवलिंग व बजरंगबली की मूर्ति खंडित

सुल्तानपुर। जिले के एक गांव में कुछ अराजक तत्वों ने तीन मंदिरों में बजरंगबली की मूर्ति और दो शिवलिंग को खंडित कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हरीपुर बनवा गांव में हुई इस घटना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए खंडित मूर्तियों की जगह नयी मूर्तियां स्थापित की गयीं जबकि खंडित मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। लंभुआ के पुलिस क्षेत्राधिकारी अव्दुस सलाम ने बताया कि अराजकतत्वों ने मूर्तियों को खंडित किया था। खंडित मूर्तियों की जगह नये शिवलिंग व मूर्ति स्थापित कराए गये हैं और प्राचीन मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, हरीपुर बनवा गांव के चौराहे पर स्थित मंदिर ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रीय खेलों में हर व्यक्ति दे योगदान

उत्तराखण्ड में खेलों के आयोजन से पयर्टन व होटल इंडस्ट्री को होगा फायदा : धामी

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड में 28 जनवरी से होने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेल राज्य की आर्थिकी को नई संजीवनी प्रदान करेगा। पयर्टन एवं होटल इंडस्ट्री को इन आयोजनों से तात्कालिक व दीर्घकालिक फायदे होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बयान में राज्यवासियों से अपील की है कि यह आयोजन हम सभी का है, अतः हरेक व्यक्ति अपना अपना योगदान देना सुनिश्चित करे।

प्रबल संभावनाओं के बीच होटल इंडस्ट्री भी झूम उठी है। दून-हरिद्वार से लेकर खटीमा-पिथौरागढ़ तक के होटल राष्ट्रीय खेलों के लिए आरक्षित हो गए हैं। उत्तराखंड के 12 शहरों में खिलाड़ियों और अन्य तमाम लोगों को रूकवाने की व्यवस्था की गई है। होटल इंडस्ट्री की बेहतरी के लिए इस स्थिति को शुभ संकेत माना जा रहा है। उत्तराखंड के होटल कारोबारी उत्साहित हैं। तात्कालिक लाभ तो उन्हें मिल ही रहा है, दीर्घकालिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ खेलों बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी उत्तराखंड की प्रगति पथ पर अग्रसर करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देशभर से आने वाले खिलाड़ी उत्तराखंड में आकर अच्छा अनुभव करें। इस आयोजन से उत्तराखंड की आर्थिकी में बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से खेल विकास की लाभ की भी वे उम्मीद कर रहे हैं। 38 वें राष्ट्रीय खेलों में दस हजार से ज्यादा खिलाड़ी उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। खेलों से संबंधित अन्य अफसर व स्टाफ अलग हैं। इन सभी के लिए राष्ट्रीय खेल सचिवालय के स्तर पर होटलों में रूकने का इंतजाम कराया गया है। इसके अलावा, जिस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं, उसमें खिलाड़ियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	20.06 डिसे.
न्यूनतम	:	09.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- नौकरियों की कमी दूर करने की जरूरत (पृष्ठ-14)
- वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना की परखी तैयारी (पृष्ठ-14)
- पांच साल में पहले स्थान पर होगा वाहन उद्योग (पृष्ठ-14)
- इजराइल-हमास समझौता आज से होगा लागू (पृष्ठ-16)
- ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध खत्म करने का लिया संकल्प (पृष्ठ-16)

विशेष खबर — जरूरतमंदों को सर्दी से राहत दे रहा डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन

विराज सागर दास ने शहर भर में जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। सर्द रातें राहगीरों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो उनको ठंड से बचा सके और उन्हें ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब जाड़े की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं।

हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लखनऊ शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.अखिलेश दास गुप्ता मानव सेवा ...शेष पृष्ठ 14 पर

राजधानी लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन की ओर से जगह-जगह जलवाये गये अलाव

कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर शहर कोतवाली में दुष्कर्म आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया है। महिला का आरोप है कि सांसद शादी करने और राजनीति में करियर बनवाने का झांसा देकर चार वर्षों से दुष्कर्म कर रहे हैं। महिला ने पुलिस को कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किये हैं।

महिला का आरोप, विवाह का झांसा देकर बनाते थे संबंध

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर साक्ष्य जुटा जा रही है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से सांसद के सारे फोन नंबर स्विच ऑफ बता रहे हैं। पीड़िता का कहना है वर्ष 2018 में राकेश राठौर विधायक थे। इसी वर्ष उनकी मुलाकात राकेश राठौर से हुई थी। इसके बाद राकेश राठौर ने उन्हें संरक्षण देकर राजनीति में चमकाने का भरोसा दिलाया। कुछ दिन बाद उन्होंने महिला को एक जातीय संगठन का महिला अध्यक्ष बनाकर निकटता बढ़ाई। इसी बीच वर्ष 2020 में राकेश राठौर ने महिला को घर बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर राकेश राठौर ने पत्नी से तलाक लेकर पीड़िता से शादी करने का भरोसा दिया। इसके बाद राकेश राठौर ने पीड़िता से कई बार दुष्कर्म किया। सांसद बनने के बाद 24 अगस्त 2024 ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित फरूर्खाबाद रेलवे क्रासिंग पर दर्दनाक हादसा हुआ। आगरा लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ट्रेन चालक ने स्टेशन अधीक्षक को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेष निगम के अनुसार मृतक युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। वह लाल सफेद रंग की जैकेट लाल जूते और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुआ था। दुर्घटना में युवक का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा डाउन रेल लाइन पर हुआ। युवक जब रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया।

पुलिया पर सुरक्षा दीवार न होने से युवक की मौत

इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के इटगांव कुम्हावर रोड पर स्थित खड़कोली के पास दर्दनाक हादसा हुआ। विलंदा रजवाह की पुलिया पर सुरक्षा की दीवार नहीं होने के कारण बाइक सवार होम डिलीवरी कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ कुमार यादव 35 के रूप में हुई है जो उनवा संतोषपुर थाना चैबिया के रहने वाले थे। वह अपने पिता रामसेवक यादव के इकलौते पुत्र थे। सौरभ की पत्नी अंजू देवी और दो बच्चे 9 वर्षीय पलक और 7 वर्षीय आरव है। परिवार के भरण पोषण के लिए वह इटावा में होम डिलीवरी का काम करते थे। घटना कल रात की है जब सौरभ काम से घर लौट रहे थे। घने कोहरे और पुलिया पर सुरक्षा की दीवार नहीं होने के कारण वह रजवाहे में जा गिरे। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तब उन्होंने पुलिया के नीचे पानी में बाइक का पिछला हिस्सा देखा पास जाकर देखने पर पानी में एक व्यक्ति का शव मिला। बसरेहर थाना प्रभारी समित चैधरी को सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम की मदद से शव को बाहन निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मस्जिद शाहगंज में महफिल आयोजित

इटावा। ख्वाजा गरीब नवाज की पैदाइश के मौके पर मोहल्ला मस्जिद शाहगंज में महफिल आयोजित की गई। हाफिज मो. अहमद अकबरी ने पैदाइश के मौके पर तकरीर करते कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज 14 रजब 536 हिजरी सोमवार के दिन सिस्तान ईरान देश का एक गांव में पैदा हुए। वह 9 साल की उम्र में आप हाफिज ए कुरान हो गए। ख्वाजा गरीब नवाज की तालीम उनके घर पर ही हुई थी। मस्जिद के पेश इमाम मौलाना आजम अत्तारी ने नात पढ़ते हुए सुनाया जो हो चुका है जो होगा हुजूर जानते है, तेरी अता से खुदाया हुजूर जानते है वो मोमिनों की तो जानों से भी करीब हुए कहां से किस ने पुकारा, हुजूर जानते है, कहां मरेंगे अबू जहल ओ उत्बा ओ शैबा कि जंग ए बद्र का नक्शा हुजूर जानते है, नबी का फैसला नामा है वो तो जान से गया मिजाज उमर का है कैसा हुजूर जानते है, खुदा ही जाने उबैद उनको है पता क्या क्या हमें पता है बस इतना हुजूर जानते है। मोहम्मद फैज रजा ने पढ़ा कोई दुनिया ए अता में नहीं हमता तेरा हो जो हातिम को मुयस्सर ये नजारा तेरा कह उठे देख के बख्शिश में ये रूत्बा तेरा वाह क्या जूद ओ करम है, शह ए बतहा तेरा नहीं सुना ही नहीं मांगने वाला तेरा। कुछ बशर होने के नाते तुझे खुद सा जानें, और कुछ महज पयामी ही खुदा का जानें।

घरौनी डिजिटल प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

स्वामित्व का प्रमाण पत्र पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

गोरखपुर। पंचायती राज विभाग एवं राजस्व विभाग के तत्वाधान मे स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी डिजिटल वितरण का कार्यक्रम शनिवार को बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा व सुना। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डा0 धर्मेंद्र सिंह, विधायक गण महेंद्र पाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र पाने के बाद लाभार्थियों के चेहरे भी खिल उठे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना के अंतर्गत गांव का सर्वेक्षण और तकनीक से नक्शा बनाना ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक बड़ा सुधारात्मक कदम है। इस योजना के तहत ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूमि के टुकड़ों का नक्शा बनाया गया है और गांव के घरों में मालिकों को स्वामित्व अधिकार के साथ कानूनी संपत्ति कार्ड प्रदान किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इससे भूमि विवादों का समाधान, स्पष्ट स्वामित्व तथा वित्तीय स्थिरता होंने से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री जी की सकारात्मक सोच का परिणाम है कि समाज के पिछड़े, गरीब, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में सांसद रवि किशन शुक्ला ने सभागार में उपस्थित लोगों को नशामुक्त तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना, अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0) विनीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पुरुषोत्तम दास गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

चार अभियुक्त गिरफ्तार

इटावा। डिजिटल लॉक तोड़कर कन्टेनर से मोबाइल की चोरी करने वाले वांछित 4 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये कुल 53 मोबाइल, क्रेटा कार, सोने का हार व 15,68,280 नकद मोबाइल बेचकर अर्जित किये गये किये गये बरामद। कीमत 60 लाख बताई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना इकदिल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 10 जनवरी को वादी ट्रान्सपोर्ट मैनेजर दुर्गेश मिश्रा पुत्र त्रिगुणानन्द निवासी मड़कड़ा देवरिया द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि वह फर्म मेडालियन ट्रान्सलीन एलएलपी में ट्रान्सपोर्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है, मेरी फर्म की वाहन 29 दिसम्बर को दिल्ली स्थित डिपो से माल को लोड करके कोलकाता जाने के लिये निकला था। वाहन में 21 करोड़ रुपए का माल था। 31 दिसम्बर को जब कोलकाता डिपो में वाहन पहुँचा तो उसमें माल का मिलान करने पर 1.75 करोड़ रूपयों का माल कम पाया गया। जिस पर घटना की जानकारी करने के सम्बन्ध में गाड़ी पर लगे जीपीएस को चैक करने पर पाया गया कि ड्राइवरों द्वारा जनपद इटावा के थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत स्थित नारायण ढ़ाबा पर गाड़ी को काफी देर तक रोककर इलेक्ट्रानिक ताले के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। सूचना पर थाना इकदिल पर मुकदमा दर्ज किया गया। 15 जनवरी को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस कुल 6 अभियुक्तों को को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुकी है। उन से 202 मोबाइल, प्लास, पेचकस, डिजिटल लॉक, सील सहित चोरी की घटना में सहायक अन्य उपकरण एवं कुल 10,50,000 रुपए नकद कीमत 1 करोड़ रुपए बरामद किये गये थे। जिनसे पूछताछ के आधार पर अन्य अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी इसी के क्रम में शनिवार को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर घटना से अभियुक्तों को क्रेटा कार सहित ग्वालियर बाईपास पर स्थित गौशाला के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियक्तों में अमित कुमार सिंह पुत्र सतेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी तिलका मांझी जगदीशपुर थाना बरारी जनपद भागलपुर बिहार, अतुल पुत्र राजकुमार निवासी अकराबाद थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़, विकास पुत्र सुनील कुमार निवासी लोहगढ़ थाना अतरौली, जनपद अलीगढ़, विकास पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी बाबूराम बजन की गली भिवाड़ी थाना भिवाड़ी जनपद भिवाड़ी हरियाणा हाल निवासी शकूरपुर बस्ती रेलवे स्टेशन के पास थाना शकूरपुर नई दिल्ली शामिल है।

बिजली विभाग अफसर का अभद्र व्यवहार, कर्मचारी धरने पर बैठे

इटावा। बिजजी विभाग के अधिशाषी अभियंता द्वितीय ऋषिपाल सिंह द्वारा कान्फ्रेंसिंग के दौरान कर्मचारियों को दी गई गालियां का मामला तूल पकड़ गया है। शुक्रवार को हुई वीडियो कान्फ्रेंस में अधिशाषी अभियंता द्वारा अवर अभियंता और अन्य कर्मचारियों को दी गई गालियों का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना के विरोध में 50 कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। अवर अभियंता वीरेन्द्र कुमार के अनुसार वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान अचानक भड़क कर अधिशाषी अभियंता ने एक अवर अभियंता को विशेष रूप से निशाना साधते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया साथ ही सभी कर्मचारियों को निलंबन और उनका भविष्य खराब करने की धमकी भी दी। कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उनकी मांग है कि जब तक अधिशाषी अभियंता द्वितीय का स्थानांतरण या निलबंन नहीं होता तब तक वे धरने पर डटे रहेंगे। विभाग के उच्च अधिकारी मामले की मामले में समझौता कराने का प्रयास कर रहे है, लेकिन कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़ ने बताया कि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान अधिशाषी अभियंता के द्वारा आवेश में आकर अभद्र भाषा का प्रयोग लगाया गया था। धरने में लवकुमार वर्मा, आनन्द पाल, सन्त कुमार वर्मा, राहुल कुमार, वीरेन्द्र कुमार, अजय पाल, नरदेव सिंह, गौतम, नीरज कुमार, राजकमल, महेन्द्र सिंह, राजाबाबू, कन्हैयालाल, मनोज कुमार गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र कुमार, शिवकुमार, धमेन्द्र सिंह, सचिन, विजय कुमार, शशि गौड़, जितेन्द्र कुमार, विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे के पास बारात से मोटरसाइकिल से लौटते समय सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घायल तीनों युवकों को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से पुलिस द्वारा सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया, जहां पर 19 वर्षीय दीपक पुत्र धर्मेंद्र, पजाए मोहल्ला थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद के रहने वाले की मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए मृतक युवक राजस्थान राज्य के जयपुर शहर में स्थित एक होटल में खाना बनाने का कार्य करता था मृतक दो भाई है एक बहन में सबसे बड़ा था बेटे की मौत के बाद मां राखी का रो रो कर बुरा हाल है और पिता परचून की दुकान चलाते है। वहीं इसी के साथ बाइक पर सवार दो अन्य साथी दुर्घटना में सनी पुत्र दीनदयाल ग्राम उजराई थाना सिरसागंज का रहने वाला और अभिषेक कुमार पुत्र सुनील कुमार जलेसर रोड आर्यनगर थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद के रहने वाले को चोटें आईं उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से परिजनों के साथ भेज दिया गया दोनों घायलों को परिजनों द्वारा किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है।

कानूनी संपत्ति कार्ड पाकर ग्रामीणों के खिले चेहरे

जसवंतनगर, इटावा। ग्रामीण भारत को संपत्ति के स्वामित्व के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत शनिवार को यहां विकासखंड सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत और तहसीलदार दिलीप कुमार ने ग्रामीण आबादी वाले घरों के मालिकों को स्वामित्व अधिकार के साथ कानूनी संपत्ति कार्ड यानी कि मालिकाना दस्तावेज घरौनी प्रदान किए। ब्लॉक सभा सभागार में पांच ग्राम पंचायतो कैस्त, निलोई, सिरहोल, मोहब्बतपुर, नगला भगत के ग्रामीणों को जैसे ही अपने घरों के कानूनी संपत्ति कार्ड घरौनी प्राप्त हुए सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। वही 16 ग्राम पंचायतो पर सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह, लेखपालों, पंचायत सचिवों, पंचायत सहायको द्वारा ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की गई।

डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

भरथना, इटावा। परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कराने पहुँची गर्भवती को सीएचसी पर प्रसव क्रिया की मना करने पर सम्बन्धित आशा ने मंडी समिति रोड पर संचालित एक निजी चिकित्सालय ले जाकर महिला का ऑपरेशन करवा दिया। महिला की हालत बिगडने पर निजी चिकित्सालय का स्टाफ आनन-फानन में महिला को आगरा ले गया। इस बीच महिला की दर्दनाक मौत हो गई। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढकपुरा के ग्राम गुरैयाबरहो निवासिनी द्रोपा देवी पत्नी मुरलीधर ने बताया कि उसकी पुत्रवधू रश्मि शाक्य (26 वर्ष) पत्नी अनुराग शाक्य को प्रसव पीडा होने पर वह 16 जनवरी की रात्रि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँची थी, जहाँ अस्पताल में तैनात कर्मियों द्वारा प्रसव कराने से मना कर दिया गया, मजबूरन 17 जनवरी को सम्बन्धित आशा गर्भवती रश्मि को लेकर मण्डी रोड पर संचालित एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुँची और वहाँ मौजूद चिकित्सकों के अनुसार उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उसका ऑपरेशन करवा दिया। ऑपरेशन क्रिया के बाद करीब 5 घण्टे तक परिजनों को नहीं मिलने दिया, जब परिजनों द्वारा विरोध किया गया, तब पता चला कि गर्भवती की हालत बिगड गई है और इसे आगरा ले जाना है। तब अस्पताल स्टॉफ खुद आनन-फानन में पुत्रवधू रश्मि को कुछ परिजनों के साथ लेकर आगरा चला गया। जहाँ पुत्रवधू की दर्दनाक मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही मण्डी रोड पर संचालित हॉस्पीटल का स्टाफ ताला लगाकर रफू चक्कर हो गया। उधर घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने निजी चिकित्सालय के बाहर हंगामा शुरू कर दिया तथा कार्यवाही की माँग करने लगी।

आजमगढ़ को हरा कर बिरई सदरे की टीम बनी चैंपियन

उरुवां, गोरखपुर। उरूवा बाजार स्थित खेल मैदान में आयोजित स्व रामकिशोर सिंह स्मारक जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को आजमगढ़ व बिरई सदरे की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बिरई सदरे की टीम ने आजमगढ़ को 88 रनों से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में बिरई सदरे की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 16 ओवर में नौ विकेट की नुकसान पर 153 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजमगढ़ की टीम 11 ओवर में 66 रन बनाकर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच बिरई सदरे टीम के राज व मैन ऑफ द सीरीज इसी टीम के आयान को चुना गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी इंजीनियर अशोक कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उरुवा नवीन कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने विजेता टीम को 50 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए का चेक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंपायर सुजीत सिंह, राजा विश्वास व राहुल मौर्य रहे। कमेंट्री संजय चौहान, सूरजवीर व केदार ने किया। स्कोरर नीरज चौहान रहे। इस दौरान पूर्व जिपं सदस्य अरविंद सिंह, यशपाल सिंह, टुनटुन सिंह, राजेश सिंह, सत्येंद्र, नंदकिशोर सिंह, संजय सिंह, इंद्रमणि सिंह आदि मौजूद रहे।

सम्पत्ति कार्ड से मिलेगा लोगों को मालिकाना हक : विधायक

गोला, गोरखपुर। गोला तहसील सभागार में राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के तत्वाधान मे स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पीएम मोदी व सीएम योगी का सजीव प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व एसडीएम राजू कुमार ने घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि आज का दिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। आज ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इस योजना से अपने सम्पत्ति पर स्वामित्व का कानूनी प्रमाण पत्र मिला है। आज तक लोगों के पास अपने सम्पत्ति का कोई भी कानूनी दस्तावेज ही नहीं था। एसडीएम राजू कुमार ने कहा कि सम्पत्ति संबंधित शिकायतें व विवाद प्रशासन के सामने सर्वाधिक है। लेकिन अब स्वामित्व योजना से लोगों के पास अपने सम्पत्ति का कानूनी अधिकार मिलेगा जिससे विवाद खत्म हो जाएंगे। तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल व बीडीओ दिवाकर सिंह ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि इससे भूमि विवादों का समाधान, स्पष्ट स्वामित्व तथा वित्तीय स्थिरता होंने से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह व संदीप सोनकर, आईटी सेल विसप्रभारी आलोक पांडेय 'अंकुर', रतन प्रकाश दूबे, देवेश निषाद, डॉ बृजभूषण मिश्र, राजकपूर सिंह, अशोक जयसवाल, सभासद सच्चितानंद राय, नित्यानंद मिश्र, दिनेश सिंह, प्रवीण दूबे, अनिल भट्ट, महेंद्र मद्देशिया, उमेश यादव आदि उपस्थित रहें।

65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण

- घरौनी वितरण कार्यक्रम पंडाल में आयोजित

इटावा। स्वामित्व योजनांतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व जनपद स्तर पर विधायक सदर सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित किया गया। स्वामित्व योजना के तहत देशभर में 50000 से अधिक गांव में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण एवं योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायका सरिता भदौरिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सदर विधायका ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो भी गरीब लोग हैं आज उनको यहां प्रदर्शनी पंडाल में घरौनी वितरण की जा रही है इसी तरह गरीब लोगों को सभी योजनाओं का लाभ अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 गांव के 120 लोगों को घरौली वितरण की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, महामंत्री शिवाकांत चैधरी, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, डीएम अवनीश राय, सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, एसडीएमसदर विक्रम सिंह राघव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित मा.जनप्रतिनिधि व सम्बन्धित लाभार्थी उपस्थित रहे।

हाइटेंशन लाइन से लगी आग

जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सरायभूपत कटेखेड़ा विजडम एकेडमी स्कूल के पास सड़क किनारे सूखे खड़े शीशम के पेड़ में अचानक कहीं से आग लग गई, जिस पेड़ में आग लगी थी उस पेड़ के ऊपर से ग्यारह हजार की बिजली की लाइन भी निकली थी कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए, तभी ग्रामीणों ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम पर दी मौके पर तुरंत ही पहुंची फायर बिग्रेड की टीम एफएसडी चालक दुर्वेश कुमार, फायरमैन महिपाल सिंह, ओमकार, नीरज कुमार, विनय कुमार ने आग पर काबू पाया।

भाजपा नेता के पुत्र के घर वापस न आने पर गुमशुदगी दर्ज

चरगांवा, गोरखपुर। महानगर के शक्ति नगर धर्मपुर रोड निवासी भाजपा बिस्मिल नगर मण्डल के नव मनोनीत मण्डल अध्यक्ष शिशिर वर्मा के पुत्र ऋषभ वर्मा वर्मा के अचानक लापता होने के मामले में शाहपुर पुलिस गुमशुदगी दर्ज करते हुए बच्चें की तलाश में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक, भाजपा नेता शिशिर वर्मा का पुत्र ऋषि कक्षा आठ में पढाई करता है। शुक्रवार को शाम चार बजे खेलने के लिए साइकिल से निकला था, लेकिन घंटो बाद भी उसके घर वापस नही लौटने पर परिजन परेशान हो गए। परिजनों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया। लेकिन उसका कही भी पता नही चलने पर परिजनों ने स्थानीय थाना शाहपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर बच्चें की तलाश में जुट गई है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय का कहना है कि छात्र के घर वापस न आने की सूचना परिजन द्वारा दी गई है। जिसके आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

ग्रामीणों में स्वामित्व कार्ड वितरित

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा ब्लॉक मुख्यालय सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गगहा शिवाजी चन्द द्वारा ग्रामीणों में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख ने आशापार, डुमरी मंझरिया, अकुसी गांवों के 50 ग्रामवासियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार गांवों के समुचित विकास के लिए नित नई योजनाएं संचालित कर रही है, ताकि गांवों की तस्वीर बदल जाए। जिसका असर आज गांवों में दिख रहा है। उन्होने कहा कि स्वामित्व कार्ड बन जाने से गाँव में संपत्ति को लेकर होने वाले विवादों पर अंकुश लगेगा। हर परिवार को अपने मकानों पर लिखित अधिकार मिल जायेगा। कार्यक्रम में प्रधान मन्त्री व मुख्यमंत्री के संवाद का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी एजाज अहमद, दीपक चंद, अजीत वर्मा, संतोष चंद, दिनकर चंद, गिरिजेश चंद, सहायक विकास अधिकारी बिकाऊ प्रसाद, ओडीओ आशुतोष सिंह, अशोक सिंह, क्षेत्र के प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-गोंडा-01-2025 क्लोजिंग दिनांक 10.02.2025, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सहजनवां-दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना के अन्तर्गत सहजनवां-दोहरीघाट के मध्य पुल सं.-72 (1x30.5 m. ओपेन वेब), 88 (1x18.3 मी. कम्पोजिट), 93 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), 102 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), 106 (10x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), 111 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), 116 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), A-1 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), A-2 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), A-3 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), A-4 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), A-5 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब), and A-6 (1x12.2 मी. पी.एस.सी. स्लैब) के मात्र फाउण्डेशन का कार्य तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के ऊपर पुल सं.-98 (1x30.5+106.700+1x30.5 m.) के बिना रोड ट्राफिक डायवर्ट किये फाउण्डेशन, सब-स्ट्रक्चर साथ में सुपर स्ट्रक्चर के फेब्रिकेशन एवं इसके लांचिंग का कार्य, अनुमानित निविदा मूल्य : रु. 1,09,46,63,397.40, बयाना राशि : रु. 56,23,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. 00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक 27.01.2025 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - दिनांक 10.02.2025 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 10.02.2025 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

श्री शशिकान्त सिंह कार्यपालक इंजी./नि./गोरखपुर 9794845260

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोंडा

मुजाधि/डब्ल्यू-374

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

जरूरतमंदों की सेवा पुनीत कार्य : एसके शर्मा

चौरीचौरा, गोरखपुर। गरीबों असहायों तथा जरूरतमंदों की सेवा करना पुनीत कार्य है। इनकी सेवा व सहायता करने से ईश्वर प्रसन्न होता है। उक्त बातें आर.पी. वेलफेयर ट्रस्ट के आयोजक व वरिष्ठ समाजसेवी एस.के. शर्मा ने विधानसभा चौरीचौरा के तमाम गांवों में जरूरतमंद व गरीब लोगों में ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि जरुरतमंदों की सभी का पुनीत धर्म है। हर परिस्थिति में असहायों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाइकोल, जमरु, मिश्रौलिया, बोहबार, भिसवा, जंगल रसूलपुर नंबर एक, रामपुर रकबा सहित तमाम गांवों के लोगों में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया गया।

भाजपा के करनी-कथनी में अंतर नहीं

- चौरीचौरा तहसील मे स्वामित्व योजना के तहत 573?को लोगों मिला घरौनी प्रमाण पत्र

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील में शनिवार स्वामित्व योजना के तहत 573 लोगों को केन्द्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान व विधायक इंजिनियर सरवन निषाद ने घरौनी प्रमाण वितरण किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि भाजपा के करनी कथनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि घरौनी प्रमाण से गांव की आधी लड़ाई और विवाद खत्म हो जाएगा। इस योजना से हर व्यक्ति को लाभ मिलेगा इससे लोन आदि मिलने में आसानी होगा।

विधायक इंजिनियर सरवन निषाद ने कहा कि स्वामित्व योजना से सबसे ज्यादा लाभ गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को मिलेगा। इससे जमीन के स्वामित्व को लेकर हो रही लड़ाई झगडे समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए काम कर रही है। इस दौरान लोगों पीएम नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधित डिजिटल स्कीम के माध्यम से देखा और सुना। अंत में केन्द्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान व विधायक इंजिनियर सरवन निषाद ने दस लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र और कंबल वितरित किया। कार्यक्रम संचालन सरदार नगर ब्लाक के एडीओ पंचायत राधेश्याम जायसवाल ने किया। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशांत वर्मा, बीडीओ सरदार नगर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शिशिर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, सुनील पासवान, ब्रह्मपुर ब्लाक प्रमुख सुमन यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र यादव, नायब तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार नीरु सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

लापता युवक का शव खेत से बरामद

मोहम्मदी खीरी। कस्बा बरबर थाना पसगवां के मोहल्ला गांधीनगर निवासी एक लापता युवक का दूसरे दिन अपने खेत से संदिग्ध व्यवस्था में अमृत मिलने पर हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मोहल्ला गांधीनगर निवासी छोटेलाल ने बताया उसके पुत्र प्रवीण कुमार 27 वर्ष का विवाह ढाई वर्ष पूर्व मोहम्मदी क्षेत्र के गांव भुडिया निवासी रूबी के साथ हुआ था। जिससे एक पुत्र दिव्यांशु ढाई वर्ष को जन्म दिया था। जिसके बाद रूबी को ससुराल से विदा कराकर ले जाने के बाद उसका बेटा विदा करने गया तो मना कर परिजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर दिया था। 2 दिन पूर्व मुकदमे की पेशी कर वापस आने पर उसका पुत्र शुक्रवार को सुबह 11 बजे अचानक लापता हो गया था। जिसकी सूचना कस्बा की पुलिस चौकी पर दी थी। अगले दिन शनिवार को 4 बजे करीब उसके खेत में लगी बाढ़ की रस्सी से गर्दन बंधा हुआ मृत अवस्था में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के परिजन ने बताया कई बार थाना गया कोतवाल साहब से भी मिला लेकिन गुमशुदगी तक मेरी दर्ज नहीं की गई। वहीं थानाध्यक्ष पसगवां रविंद्र सोनकर ने गुमशुदगी दर्ज न होने की जानकारी की अभिज्ञता जताई है।

डीसीएम की टक्कर से किसान की मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा बरबर के एक किसान हाईवे पर बैलगाड़ी से खेत जाते समय सामने से आ रही डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी जिससे पशु और बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए चालक को इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहरा मच गया है। कस्बा के मोहल्ला गांधीनगर निवासी विवेक कुमार पाल ने बताया उसका भाई मनोज पाल 30 वर्ष शनिवार को सुबह 8 बजे बैलगाड़ी से खेत पर गन्ना भरने जा रहा था औरंगाबाद हाईवे बस स्टेशन के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी जिससे पशु और बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर परिजनों ने इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता और दो छोटी बच्ची अनुष्का और अर्शिका को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने आरोपी डीसीएम चालक और वाहन को कब्जे में लिया है।

10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को साढ़े 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार शाहगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त ओमकार वर्मा पुत्र हीरालाल वर्मा निवासी खेतापुर बाल्मिकीपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर को नाजायज गांजा के साथ सुरिश पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

एमएलसी ने विधायक संग लाभार्थियों को बांटी घरौनियां

जिला संवाददाता(vol)

- लाइव स्ट्रीमिंग में पीएम, सीएम के उद्बोधन सुन बजी तालियां गूंजा सभागार
- कलेक्ट्रेट, तहसील, ब्लॉक 302 ग्रामों में हुआ कार्यक्रम घरौनी पाते ही गरीबों की आखों में छलके खुशी के आंसू

लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पीएम व सीएम के उद्बोधन और लाभार्थियों संग संवाद की हुई लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। भाषण सुनकर पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूज उठा। कार्यक्रम का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया। इसी के साथ तहसीलो, विकास खंडों और जिले के 302 गांव में भी घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग सदर तहसील के 151, शेष छह तहसीलों से 11-11 लाभार्थियों कुल 217 लाभार्थियों को अपने कर कमलों से घरौनियां प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए आवासीय अधिकार पत्र मिलने की शुभकामनाएं भी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि गांव और गांव की अर्थव्यवस्था के लिए आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। इस कार्यक्रम में आपका अभिनंदन है। स्वामित्व योजना आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। इस कार्ड के बनने से गांव में आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा। आप सभी लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी आत्मविश्वास और कुछ करने के सपने देखकर संतोष मिला है। सरकार ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का काम कर रही है। प्रॉपर्टी कार्ड घरौनी मिलने से मुश्किलें खत्म होने के साथ ही आर्थिक रूप से समृद्धि आएगी। आपदा में उचित क्लेम मिलने में आसानी होगी। स्वामित्व और भू आधार गांव के विकास का आधार बनने वाली है। भारत गांव में बसता है और भारत की आत्मा गांव में बसती है। उन्होंने कहा कि गांव में शांति, सकारात्मक वातावरण और एकजुट रहने के लिए स्वामित्व योजना कारगर साबित होगी। देश में अबतक 2.25 करोड़ लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का कार्ड मिला, जिसमें यूपी ने अकेले एक करोड़ से ज्यादा कार्ड वितरण हुए। यह यूपी के बढ़ते कदमों का सीधा प्रमाण है। आज देश में 65 लाख लोगों को प्रॉपर्टी अधिकार पत्र मिले, जिसमें 45 लाख लोग यूपी से हैं। यह यूपी के लिए हर्ष की बात है।

आज देश में खुशहाली आने के साथ-साथ सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इनकी रही मौजूदगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, डीपीआरओ विशाल सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, अध्यक्ष नपाप गोला विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, बीजेपी से कुलभूषण सिंह, आंशू मिश्र, संतोष कुमारी, उमेश शुक्ल, दुर्गेश नंदन पांडे, उमाशंकर मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह मौजूद रहे।

78574 घरौनियों का हुआ वितरण : डीएम

कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत जिले में कुल 210413 घरौनियां का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 159653 घरौनियां तैयार हो गयी है। कुल तैयार 159653 घरौनियों में से 81079 घरौनियों का वितरण पूर्व में किया जा चुका है। शेष 78574 घरौनियों का वितरण किया जा रहा है। पीएम द्वारा स्वामित्व योजनान्तर्गत के तहत तैयार की घरौनियों के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर जनपद खीरी में कुल 78574 घरौनियों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद खीरी की के जनपद मुख्यालय कलेक्ट्रेट सभागार व तहसील स्तर, ब्लाक स्तर व कुल 302 ग्राम पंचायतों में स्वामित्व योजनान्तर्गत तैयार की गयी संपत्ति कार्ड / घरौनियों के भौतिक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

हाथियों के झुंड ने रौंदी गेहूं की फसल

जिला संवाददाता(vol)

पिपरिया धनी, खीरी। महेशपुर रेंज में बीती रात हाथियों के झुंड ने एक किसान की फसल रौंदकर तहस-नहस कर डाली। सूचना देने के बाद भी वनविभाग से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे किसान में रोष है।

साहबगंज निवासी जगत सिंह पुत्र रामकिशन ने बताया कि बीती रात लगभग 7 से 8 हाथियों के झुंड ने उसके खेत में खडी एक एकड़ गेहूं की फसल रौंद डाली। मामले की सूचना वन विभाग को दी लेकिन वन विभाग से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि इस तरह अगर उसकी फसल बर्वाद होती रही तो वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेगा।

विधायक ने ग्रामीणों को बांटे घरौनी दस्तावेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुनने के बाद तहसील सभागार में विधायक ने 100 लोगों को घरौनी वितरित की। पूरे तहसील क्षेत्र में 4213 लोगों को घरौनी वितरित की गई है।

शासन की मंशा के अनुरुप शनिवार को तहसील में कार्यक्रम आयोजित कर विधायक अमन गिरि ने एसडीएम विनोद गुप्ता की मौजूदगी में तहसील सभागार में एक सौ ग्रामीणों को घरौनी का वितरण किया। यह घर आपका है, इसका दस्तावेज ‌घरौनी‌ कहलाएगी। जिस तरह कृषि भूमि के मालिकाना हक का दस्तावेज खतौनी होती है। उसी तर्ज पर अब घरों के दस्तावेज के रूप में घरौनी बनाई गई है। जिसके तहत अब ग्रामीणों के पास अपने घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। इससे ग्रामीणों को अपने घरों पर बैंक से कर्ज लेने और ग्राम पंचायतों को कर निर्धारण में मदद मिलेगी। सरकार की स्वामित्व योजना के तहत गांवों में ड्रोन सर्वे कर घर चिह्नित किए गए। इसके बाद इनका मालिकाना हक तैयार किया गया। घरों के मालिकाना हक का कानूनी दस्तावेज नहीं था। अब घरौनी के रुप में घर के मालिकाना हक का दस्तावेज रहेगा। गांवों में घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज न होने के कारण विवादों के निस्तारण में दिक्कत आती थी, इस दस्तावेज के होने पर ऐसा नहीं होगा। एसडीएम विनोद गुप्ता का कहना है कि तहसील सहित पूरे तहसील क्षेत्र में 4213 घरौनी वितरित की गई हैं। इस मौके पर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

मनमाने तरीके से नहीं होगा ध्वस्तीकरण, कोर्ट ने दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का करना होगा पालन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण को लेकर प्रशासन के द्वारा धर्मशाला भवन और दुकान ध्वस्त की गई है। जिसको लेकर शिव मंदिर समीप स्थित संजय सक्सेना उर्फ संजय लाला सहित तीन परिवारों के मुखिया ने न्यायालय की शरण ली थी । जिसमें एक व्यक्ति बगैर भवन ध्वस्त किए गए रिट याचिका दायर की गई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसका भवन प्रशासन ध्वस्त करना चाहता है। जिसकी याचिका प्रशासन ने खारिज कर दी थी।

फिलहाल हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है और शेष दो लोगों को 12 फरवरी की तिथि दी गई है। अब कोई भी ध्वस्तीकरण मनमाने तरीके से नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। अधिवक्ता मनोज सक्सेना ने बताया कि शिव मंदिर के निकट निवास करने वाले संजय सक्सेना की ओर से हाई कोर्ट प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ में अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से तोड़े गए उनके आवास के मामले में याचिका की थी। जिसमें उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, डीएम खीरी, प्रमुख सचिव पर्यटन, आदि को प्रतिवादी बनाया था। मुकदमे की सुनवाई जस्टिस बृजराज सिंह और राजन राय ने की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि ध्वस्तीकरण के इस प्रकरण में क्या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई विधि व्यवस्था का पालन किया गया है, यदि नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गई। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि आगे कोई भी ध्वस्तीकरण का कार्य किया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सख्ती से पालन किया जाएगा। इसी के साथ शनिवार को गोकर्ण तीर्थ पर सीढ़ियों के निर्माण सहित मलबा हटाए जाने का काम तेजी से किया गया। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि कॉरिडोर ध्वस्तीकरण को लेकर कुछ लोगों ने हाई कोर्ट न्यायालय की शरण ली है, जिसमें अगली तिथि 12 फरवरी लगी है।

तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां-खीरी। मझगईं रेंज के अन्तर्गत एक तेन्दुआ वन क्षेत्र की सीमा से बाहर निकलकर ग्राम कोठिया व ग्राम भगवन्तनगर के काश्तकारी क्षेत्र में आ गया था, जिसको सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने हेतु उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में तेन्दुआ प्रभावित क्षेत्र में पिंजडा लगवाकर विशेष निगरानी की जा रही थी। जो 18 जनवरी 2025 को प्रातः काल जी०पी०एस० रीडिंग एन 28 32 34.22, ई 80 66 55.97 पर लगे पिंजड़े में एक तेन्दुआ कैद हो गया। तेन्दुआ के पिंजड़े में कैद होने की सूचना प्राप्त होने पर वनाधिकारी, सम्बन्धित रेंज स्टाफ मौके का स्थलीय निरीक्षण किया गया। वनाधिकारियों एवं पशुचिकित्सक की देख-रेख में पिंजड़े में कैद हुए तेन्दुआ को सुरक्षित रेंज परिसर मझगई लाया गया। डा० मो० तलहा, पशुचिकित्सक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी द्वारा तेन्दुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट में तेन्दुआ अपने प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने हेतु उपयुक्त पाया गया। उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त तेन्दुआ को उसके प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने हेत अग्रिम अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी सौरिष सहाय प्रभागीय वन अधिकारी उत्तर खीरी वन क्षेत्र / उपनिदेशक बफर जोन दुधवा टाइगर रिजर्व ने दी।

एडवोकेट ने खनन पट्टे पर डीएम को पत्र लिखकर किया पुनर्विचार का अनुरोध

पलियाकलां- खीरी। राजेश भारतीय एडवोकेट पलिया निवासी ने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को लिखे हुए पत्र में लिखा है कि उनके संज्ञान में यह आया है कि खनन पट्टा ग्राम-अतरिया, तहसील-पलिया, जिला-खीरी में गाटा संख्या 443/504 में स्वीकृत किया गया है, जो शारदा नदी के अति निकट होने के कारण भविष्य में आगामी मानसून 2025 में बाढ़ का एक प्रमुख कारण बनेगा।

विगत वर्षों से शारदा नदी पर निरन्तर हो रहे खनन के कारण शारदा नदी मार्ग बदल रही है तथा भीरा-पलिया रेल मार्ग, एन०एच० 731, जंगल, कृषि भूमि, आबादी आदि, तहसील-पलिया, निघासन को भारी नुकसान कर रही है। खनन के पट्टे की आड़ में आस-पास की नदी के किनारे की भूमि भी खोदे जाने से इनकार नहीं किया जा सकता। मड पम्प आदि के द्वारा खनन/खुदान के कारण शारदा नदी का मार्ग बदलना स्वाभाविक है तथा जिससे भीषण नुकसान होगा। विगत वर्षों में खनन के संदर्भ में आम जनमानस / जन प्रतिनिधियों द्वारा काफी शिकायतें भी हई हैं। उल्लेखनीय है कि शारदा नदी के कटान/बाढ़ आदि के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ, लखनऊ में रिट याचिका संख्या 12/पी०आई०एल०/2025/विचाराधीन है जिसमें खनन को भी बाढ़ का कारण कहा गया है। माननीय न्यायालय द्वारा राज्य सरकार से 15 जनवरी 2025 को जवाब मांगा गया है। इस याचिका में आप विपक्षी संख्या 6 हैं। अतः व्यापक जनहित/राज्य हित में आपसे निवेदन है कि खनन पट्टा जो कि ग्राम-अतरिया, तहसील-पलिया, गाटा संख्या 443/504 में दिया गया है उस पर मुख्य अभियंता शारदा सिंचाई विभाग, बरेली, उ०प्र० का मत लेकर ही खनन सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें। पत्र की प्रतियां संबंधित अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को भी प्रेषित की गई हैं।

शांतिपूर्वक संपन्न हुई नवोदय की प्रवेश परीक्षा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए कुंभी ब्लॉक के विविन्न विद्यालयों में कक्षा 5 में अध्ययन छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा कराई गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा शान्ति पूर्वक संपन्न हो गई। सेंटर सुपरिटेंडेंट कॉलेज प्रधानाचार्य एपी सरोज ने बताया कि केंद्र पर पंजीकृत कुल 522 परीक्षार्थियों में से 299 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 223 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं पब्लिक इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि कालेज में पंजीकृत कुल 533 परीक्षार्थियों में से 324 उपस्थित रहे। परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 परीक्षा कक्षों में जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली की ओर से नियुक्त सेंटर लेवल आब्जर्वर राम पाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई।

मण्डलीय समीक्षा 22 को

मीरजापुर, । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में दिनांक 22 जनवरी 2025 को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में मण्डलीय समीक्षा बैठक की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र ने बताया कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को पूर्वान्ह 11 बजे से 01:30 बजे तक विकास प्राथमिकता कार्यक्रमो की समीक्षा की जायेगी, तथा 02:30 बजे से 04 बजे तक कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा एवं 04 बजे से राजस्व विभाग, खनिज विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमो की समीक्षा मण्डलायुक्त द्वारा की जायेगी। उन्होंने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यक्रमों से सम्बन्धित विवरण पुस्तिका एवं अनुपालन आख्या दिनांक 18 जनवरी 2025 तक संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय में तथा राजस्व/कानून व्यवस्था से सम्बन्धित विवरण पुस्तिका से सम्बन्धित विवरण पुस्तिका अपर आयुक्त प्रशासन विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर के कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए अद्यतन सूचना सहित पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

विवाहिता ने पति समेत 9 लोगों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक विवाहिता ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग, मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुये पति सास-ससुर समेत 9 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला गजेन्द्रपुरी निवासी रूचि सिंह पुत्री महेश बख्स सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह सीतापुर जिले के थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम टीकर बहादुरपुर निवासी सोमपाल सिंह पुत्र शिवमंगल सिंह के साथ 11 मार्च 2024 को हुआ था। विवाह में उसके पिता ने 30 लाख रुपए खर्च किये थे। जब वह ससुराल गई तो उसे पता चला कि उसका पति सोमपाल सिंह मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मझिया निवासी अपनी बुआ के घर रहकर चुरईपुरवा चौराहे पर मेडिकल चलाता है और उसकी बुआ की पुत्री से नाजायज सम्बंध हैं। उसका पति सोमपाल सिंह, ससुर शिवमंगल सिंह, सास ऊषा सिंह, जेठ मौजपाल सिंह, जेठानी सोनी सिंह ने 10 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज में मांगे। विरोध करने पर उक्त लोगों के साथ ननद बिट्टा सिंह, नन्दोई अनूप सिंह सिविल लाइन्स सीतापुर, मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी ननद ममता सिंह व नन्दोई अंकित सिंह ने 25 जून 2024 को उसके साथ मारपीट करते हुये उसके कपड़े फाड़ दिये। इसके बाद पुनः 28 जून को मारपीट करते हुये जबरदस्ती उसे गोला मायके में छोड़ गये। फिलहाल पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोला चीनी मिल ने गत वर्ष का किया पूरा भुगतान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्थानीय बजाज चीनी मिल द्वारा 18 जनवरी को पेराई सत्र 2023-24 का बकाया गन्ना मूल्य का सम्पूर्ण भुगतान 09.42 करोड़ रुपए किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि चीनी मिल किसानों का एक एक गन्ना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इकाई प्रमुख ने क्षेत्रीय गन्ना किसानों से अपील की है कि वह अपना गन्ना कोल्हू क्रेशर पर न बेचें, अपना समस्त गन्ना अपनी चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार गन्ना मूल्य में कोई बढ़ोत्तरी करती है तो उसके डिफर मूल्य का भी किसानों को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि आगामी बसन्त कालीन गन्ना बुआई में उन्नतशील प्रजातियों की ही बुआई करें और बुआई के लिए बीज अभी से सुरक्षित कर लें। यदि किसी को बीज की आवश्यकता है तो उसे चीनी मिल द्वारा भी बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

लोकतंत्र सेनानी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया है। रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी इतवारी लाल 80 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की रात निधन हो गया था। शनिवार को सूचना मिलते ही पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने शोक संवेदना प्रकट की है। नायब तहसीलदार, चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार, लोकतंत्र सेनानी परशुराम वर्मा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया है।

गन्ने के खेत में महिला का शव मिलने से गांव में सनसनी

तिकुनियां-खीरी। एक महिला का शव गन्ने के खेत मे मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। गांव बनवीरपुर निवासी अजय ने बताया कि मेरी मां कौशल्या 45 का शव गांव निवासी छैल बिहारी के गन्ने के खेत मे मिला है, यह कई दिनों से घर से गायब थी और अक्सर कई दिनों के लिए चली जाया करती थी। शनिवार को जब गन्ना छीलने के लिए लेवर खेत मे गई तो शव देखकर भाग खड़ी हुई और सूचना ग्रामप्रधान को दी प्रधान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतका के गले पर चोट के निशान थे। कोतवाल अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि कौशल्या45 पत्नी जगदीश का शव खेत से मिला है जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है, घटना की जांच की जा रही है। घटना स्थल का निरीक्षण सीओ महक शर्मा ने भी किया है।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति चुनाव हेतु नामांकन दाखिल

तिकुनियां-खीरी। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के प्रबंध समिति चुनाव में आज नामांकन और नाम वापसी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दो पर्यवेक्षकों की निगरानी में यह कार्रवाई पूरी की गई। शनिवार को हुए नामांकन में प्रबंध पद पर आशीष कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम दास गर्ग, उपाध्यक्ष पद पर परसराम महावर, सह प्रबंधक पर घनश्याम गोयल, कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किया। सत्यनारायण अग्रवाल ने सभापति, ज्ञान प्रकाश गोयल ने उपसभापति पद और प्रदीप गर्ग ने मंत्री पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य पद के लिए दीपक सिंघल, कैलास गोयल, केदारनाथ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, अरुण कुमार जैन, रोहताश अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन समय तक किसी भी पद पर दूसरा नामांकन दाखिल न होने और किसी भी प्रत्याशी के नाम वापस न लेने के कारण चुनाव की तस्वीर साफ हो गई हैं। पर्यवेक्षको ने बताया कि रविवार को चुनाव परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़ के प्रधानाध्यापक गौरव सक्सेना और राजकीय हाईस्कूल लाखुन के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार निगम पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

पत्रांकः 23/आडिट-1008/0003/24 दिनांकः- 17.01.2025

प्रकाशनार्थ

प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) के सहमति से उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) के जनपदीय खण्ड/इकाई कार्यालयों के लेखों की सम्परीक्षा हेतु चार्टेड एकाउन्टेन्ट एजेन्सी का चयन इम्पैनलमेंट के माध्यम से किया जाना है जिसके लिए प्रस्ताव प्राप्त करने की तिथि 27.01.2025 से 30.01.2025 निर्धारित की गई है।

एजेन्सियां अपना प्रस्ताव उक्त तिथि में कार्यालय समय में मुख्यालय के आडिट अनुभाग में प्रस्तुत कर सकते है, जिसमें निम्न अर्हताये निर्धारित की गई है।

1. एजेन्सी का न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव की अनिवार्यता है।
2. एजेन्सी आई.सी.ए.आई./आई.सी.एम.ए.आई./के अन्तर्गत रजिस्टर्ड होनी अनिवार्यता है।
3. एजेन्सी को सरकारी/अर्धसरकारी/निगम के आडिट का दो वर्ष के अनुभव की अनिवार्यता होगी।
4. एजेन्सी में न्यूनतम 02 एफ.सी.ए./एफ.सी.एम.ए. पार्टनर होना अनिवार्यता है।
5. एजेन्सी का पैन नं. एवं जी.एस.टी. पंजीकरण अनिवार्य है जिसकी प्रति संलग्न की जायगी।
6. एजेन्सी का प्रधान कार्यालय, लखनऊ में होना अनिवार्य हैं।
7. प्रस्ताव के साथ धनराशि ₹1,00,000.00 (एक लाख) मात्र की धरोहर राशि का Demand Draft अधिशासी अभियंता (कैश), उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के नाम प्रस्तुत करना होगा।
8. एजेन्सी द्वारा एक शपथ पत्र ₹100.00 के स्टैम्प पर नोटरी के माध्यम से देना होगा कि एजेन्सी किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी/निगमों द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं है।
9. किसी भी प्रकार का सशर्त प्रस्ताव मान्य नहीं होगा।

वित्त निदेशक

पीएम के रिमोट दबाते ही प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण शुरू

आजमगढ़। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तत्वाधान में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से देश भर के लगभग 50 हजार ग्रामों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण रिमोट का बटन दबाकर किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य अतिथि कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में किया गया। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं, जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। इसके पश्चात मंत्री, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत विकास पल्हनी के ग्राम पंचायत गेलवारा के लाभार्थी सेतु, बलई, सर्वोत्तम, राजबली, इन्द्रप्रताप, ग्राम पंचायत हाफिजपुर के लाभार्थी सुरेन्द्र, गुड्डू, रामहित, रामपति, बृकेश, हरिकिशुन, श्रीकिशुन, ग्राम पंचायत कोडर अजमतपुर के लाभार्थी सोनु कुमार, अनिल, पंकज वर्मा, रामलखन, अजीत मौर्य, विपिन, ग्राम पंचायत आहोपट्टी के लाभार्थी महेन्द्र को प्रतिकात्मक रूप से घरौनी (प्रापर्टी कार्ड) का वितरण किया गया। जनपद के कुल 755 राजस्व ग्रामों में 54575 घरौनियों (प्रापर्टी कार्ड) का वितरण किया गया। इसके साथ ही ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर सुनील कुमार धनवंता द्वारा स्वामित्व योजना के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं अन्त में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, उप जिलाधिकारी संत रंजन, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नन्दिनी शाह सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी एवं लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने चुनार में बनने वाले राजकीय चीनी पात्र विकास केंद्र स्थल का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने चीनी मिट्टी कारखाना संचालकों की सुविधा के लिए राजकीय चीनी पात्र विकास केंद्र चुनार में बनने वाले शेड के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला खनिज निधि से 50 लाख रुपए आवंटित करते यहां शेड व भट्ठी निर्माण का निर्देश दिया।

कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर ने जिलाधिकारी को बताया कि पहले चरण में 10 गुणा 45 वर्ग मीटर का शेड बनेगा तथा दूसरे चरण में यहां बर्तनों को पकाने के लिए भट्ठी का निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते कहा कि जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर ने जिलाधिकारी को निर्माण संबंधी ड्राइंग दिखाई और चयनित स्थल दिखाया। जिलाधिकारी ने अनुपयोगी भट्ठियों को ध्वस्त कर समतल कराने का निर्देश। जिलाधिकारी ने कहा कि छह माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों के निर्माण हेतु आगणन तैयार कर उपलब्ध कराएं तथा सड़क से कम से कम दस फीट छोड़ कर कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर हरिशंकर गुप्ता सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

महाराणा प्रताप सेना का राष्ट्रीय सम्मेलन आज

आजमगढ़। भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि 19 जनवरी के मौके पर महाराणा प्रताप सेना के तत्वाधान में राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से शहर स्थित हरिऔध कला भवन के सभागार में किया गया है। उक्त आशय की जानकारी महाराणा प्रताप सेना के मीडिया प्रभारी अच्युतानंद तिवारी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान मौजूद रहेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, एमएलए केतकी सिंह, बृजेश सिंह प्रिंसु, पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू जी मौजूद रहेंगे। वहीं सम्मेलन में मुख्य वक्ता महाराणा प्रताप पर प्रथम विद्यावाचस्पति की उपाधि प्राप्त आचार्य प्रो. चन्द्रशेखर शर्मा होंगे। इसके साथ ही मीडिया प्रभारी श्री तिवारी ने राष्ट्रीय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील किया है।

हादसे में घायल तीसरे की भी मौत

जौनपुर। नैपेड़वा बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव के समीप हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल के पास तिराहे पर वाराणसी लखनऊ हाइवे पर बीते गुरुवार की शाम तेज रफ्तार प्राइवेट बस की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों में दो की मौत के बाद इलाज के दौरान घायल तीसरे युवक की भी मौत हो गयी। प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के करौंदहा गांव निवासी रिषभ उपाध्याय व चचेरे भाई अनुराग उपाध्याय के साथ गांव का ही निन्हू तीनो युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से जौनपुर आये थे। वापस घर जाते समय कुल्हनामऊ तिराहा हाइवे पर पहुँचते ही सामने से सुल्तानपुर से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस की चपेट में आ गए थे। भीषण टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों में ऋषभ व अनुराग की मौके पर ही मौत हो गयी थी जबकि तीसरे युवक निन्हू को गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान निन्हू की भी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि उक्त शव का भी पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

तेजी से हो आधार कार्ड बनाने का काम: डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जनपद में आधार संबंधी गतिविधियों के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने आधार से संबंधित पेंडेंसी, जन्म प्रमाण पत्र आदि के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आधार कार्ड बनाने के कार्य को गति दी जाए। प्राइमरी स्कूल के बच्चों, आंगनबाड़ी के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी को दिए गए। कहा कि जन्म प्रमाण पत्र के कारण जिनका आधार कार्ड नहीं बन पाया है नए शासनादेश के अंतर्गत उनका भी आधार कार्ड नियमानुसार बनाया जाए तथा सभी अवशेष बच्चों का भी जन्म प्रमाण पत्र तत्काल बनाया जाए। जिलाधिकारीगण, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार यादव, सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

देशवासियों के प्रेरणास्रोत हैं महाराणा प्रताप: शशिप्रकाश

आजमगढ़। शूरवीर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर महाराणा जनता पार्टी द्वारा कुंवर सिंह उद्यान में प्रताप विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अध्यक्षता आशीष सिंह एडवोकेटे व संचालन मार्तण्ड प्रताप सिंह ने किया।

विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाराणा जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर शशि प्रकाश सिंह ने कहाकि आज मां भारती के अमर सेनानी वीर सपूत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने को धन्य महसूस कर रहे है। जिन्होंने जंगलों में घास की रोटी खाई किन्तु अंग्रेजों की दास्तां व अपने स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। हर युवा को महाराणा प्रताप को आत्मसात करना होगा तभी नए भारत की कल्पना साकार होगी। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महाराणा प्रताप सेना के प्रमुख बिजेन्द्र सिंह ने कहाकि जो भी संगठन, दल महाराणा प्रताप के आदर्शो पर चलकर उसके साथ महाराणा प्रताप सेना खड़ी रहेगी। हमारे पूर्वजों को जो सम्मान मिलना चाहिए था आज तक पूर्ववर्ती सरकारों के साजिश वश नहीं मिल सका। अब समय आ गया है महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेकर उनके सम्मान के लिए हर युवा अपनी ताकत झोंकें। जिलाध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के सम्मान में पांच सूत्री मांग पर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया हैं जिसमे हमारी मांग है कि महात्मा गांधी सहित अन्य महान विभूतियों, महापुरूषों के तर्ज पर देश के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में देश के गौरव, स्वाभिमानी महाराणा प्रताप का चित्र लगवाया जाए। उत्तर प्रदेश से पृथक कर पूर्वांचल राज्य गठन किया जाए, आजमगढ़ सहित उप्र के सभी शहरों में देश के शूरवीर महाराणा प्रताप जी का प्रतिमा स्थापित कराया जाए, आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाए ताकि आरक्षण जैसी व्यवस्था का सुदपयोग हो और हर बार नए व्यक्ति परिवार को आरक्षण का लाभ मिलें। आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर देश के सभी बच्चो/बच्चियों को निशुल्क शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलने वाले युवाओं की एक बड़ी फौज तैयार करने का काम महाराणा जनता पार्टी करेगी। महाराणा प्रताप स्वाभिमान और वीरता के द्योतक है इसके बावजूद सरकारों द्वारा इन्हें उपेक्षित रखा जाना समझ से परे है। जिन्होंने पूरे हिन्दुत्व के सम्मान की लड़ाई लड़े उनके स्वाभिमान की लडाई एमजेपी लड़ेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएन सिंह, आलोक सिंह, उमेश सिंह राठौर, संतोष सिंह समेदा, कमलेश चौहान, इंद्रजीत चौहान, एड. आशीष सिंह गौरव, सभानन्द, नीरज, एड.दिव्यांशु पाठक एड दीपक सिंह, चन्दन प्रताप सिंह, सत्या सिंह परिहार, राकेश सिंह, अनिल सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

वन माफिया का आतंक खुलेआम काट रहे हैं हरे पेड़

जोनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के पराऊगंज पुलिस चैकी क्षेत्र के इस्मैला गांव में वन माफियाओं का बोलबाला है। इन माफियाओं ने गांव में डेरा डालकर हरे पेड़ों की कटाई को बड़े पैमाने पर अंजाम देना शुरू कर दिया है। ताजा मामला गांव के नदी किनारे स्थित बाग का है, जहां आम सहित अन्य हरे पेड़ों को काटा जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते तीन दिनों से माफियाओं द्वारा बाग में डेरा डालकर अवैध कटाई की जा रही है। अब तक करीब एक दर्जन पेड़ काटे जा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग और पुलिस को इस अवैध गतिविधि की सूचना दी गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुछ लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से यह कटाई हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वन माफियाओं की नजर बाग में लगे सैकड़ों पेड़ों पर है, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां ष्पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओष अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं वन माफिया उनकी इस मुहिम को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से वन माफियाओं पर तुरंत कार्रवाई करने और क्षेत्र में अवैध कटाई रोकने की अपील की है।

6 बाइक बरामद तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के शाहगंज थाने की पुलिस द्वारा जनपदीय लोगों को चोरी की छह मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि थाना शाहगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मलमल पुलिया आजमगढ़ रोड़ से तीन अभियुक्तों को चोरी की छह मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा दो व्यक्ति मौके से फरार हो गये, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में .शिवधारी यादव पुत्र लाल साहब यादव निवासी खतीरपुर भैंसा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर, सतीश चैरसिया पुत्र रामसूरत चैरसिया निवासी खतीरपुर भैंसा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर, अनुज गौतम पुत्र ओमप्रकाश गौतम निवासी सवसा थाना बक्सा जनपद जौनपुर है।

युवक का अपहरण, सिपाही सहित तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के कराकत कोतवाली क्षेत्र के पसेंवा गांव में उस समय अफरा तफरी मच गई जब मुंबई से आए एक युवक अपने दोस्त के घर रुका था कि तभी सफेद कार से तीन लोग उतरे और युवक को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर वहां से फरार हो गए। घटना की खबर परिवार में होते ही कोहराम मच गया।

देखते ही देखते घटना जंगल की आग की तरह गांव में फैल गई। पसेवां गांव निवासी पंकज कुमार सरोज गुरुवार की सुबह मुंबई से अपने गांव आया था। शाम को वह जलालपुर थाना क्षेत्र के प्रधानपुर गांव स्थित अपनी बहन के घर गया था। रात करीब नौ बजे जब वह घर लौट रहा था, तो घर से पहले अपने मित्र अमित के घर रुक गया। तभी सफेद कार से तीन अज्ञात लोग उतरे और अपने को पुलिस बताकर पूछताछ हेतु पंकज को गाड़ी में बैठाकर वहां से ले गए। जिसकी जानकारी होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने शुक्रवार तड़के तीन बजे अपहृत युवक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हैरानी तो तब हुई जब तीन आरोपियों में एक आरोपी थानागद्दी चौकी का एक सिपाही जिसका नाम अभिषेक तिवारी 24 वर्ष निकला उसके साथ अपहरण में रजनीश चौबे 32 वर्ष व विवेक सिंह 31 को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि पंकज के जीजा विनय कुमार सरोज ने परिवार के साथ थाने में पहुंच पुलिस को घटना की जानकारी दी। दो घंटे बाद पंकज ने घर के मोबाइल पर फोन किया और बताया कि अपहरणकर्ता उसे देवकली ले जा रहे हैं और 20,000 रुपये की फिरौती की मांग कर रहे हैं।

फिरौती की मांग की बात सुन परिजनों के हाथ पाव फूलने लगे जिसके बाद पंकज के अपहरण होने की अंदेशा जताया। पंकज के परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के फोन की लोकेशन ट्रेस करनी शुरू की। आरोपी बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। इसके बावजूद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तड़के तीन बजे खर्गसेनपुर के पास अपहृत युवक और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक थानागद्दी चौकी का सिपाही भी शामिल निकला। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर थाने लाई। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही करते सम्बंधित धारों में जेल भेज दिया।

खड़ी कारों में लगी आग, पुलिस जांच में जुटी

आजमगढ़। जनपद की सिधारी थाना क्षेत्र शंकर जी तिराहे के पास एक कुंज के सामने बीती रात तेज धमाका होने से आसपास के लोग सहम उठे। घटना बीती रात करीब दो बजे घटित हुई। धमाके की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकले तो नजारा देख अवाक रह गए। सिधारी थाना क्षेत्र के शंकर जी तिराहे के पास स्थित एककुंज के सामने बीती रात तेज धमाके के बाद खड़ी कारों में आग लग गई। लोग जब अपने घरों से बाहर निकले तो देखा कि स्थानीय निवासी सुरेंद्र शर्मा के भाई और उनके किराएदार की दो कारें आग की लपटों में घिरी हुई हैं। लोगों की सूचना के बाद मौके पर दमकल पहुंचा और आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। आग किन कारणों से लगी इस बात की अभी जानकारी नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटना की तहकीकात की जा रही है। इस बाबत थानाध्यक्ष सिधारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि पीड़ितों द्वारा तहरीर दी गई है आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज मंगवाई गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

जौनपुर। जिले के सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में 3 वर्ष पूर्व बहला फुसलाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 68000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार पीड़िता की मौसी ने थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसकी 13 वर्षीय भांजी 7 जुलाई 2022 को सुबह 4:05 बजे गांव क रहने वाले जयकेश, पंकज व अवधेश साजिश करके बहला फुसलाकर भगा ले गए। वह अपने साथ जेवर व पांच हजार रुपए भी ले गई है। 12 जुलाई 2022 को पुलिस वालों ने थाने बुलाया। लड़की थाने पर मिली। घर आने पर उसने बताया की जयकेश ने उसके मामा और मौसी को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश उपाध्याय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी जयकेश को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 68000 अर्थदंड से दंडित किया।

दो लावारिस शव करवाये गये दफन

जौनपुर। जिले के दो अलग अलग थानों के लावारिस शवों को लावारिस लाश इन्तजामिया कमेटी ने पोस्टमार्टम के बाद दफन करवाया गया। कमेटी के अध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया कि शुक्रवार को कमेटी ने पहला शव थाना मड़ियाहूं अंतर्गत नहर से मिला था उसको कांस्टेबल सतीश चंद्र और रामजी के द्वारा पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को सौंपा गया। दूसरा लावारिस शव थाना चंदवक से प्राप्त हुआ था। मुस्लिम समुदाय का होने के कारण दोनों शव पुलिस प्रशासन ने कमेटी को सौंपा पोस्टमार्टम के बाद एक शव मड़ियाहूं वाला दिन में 11 बजे तो चंदवक वाला शाम लगभग 7रू00 बजे हजरत हमजा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने मोहल्ला पंचहटिया में दफनाया गया है। दोनों शव की नमाज ए जनाजा हाफिज अजहर रसीदाबाद ने पढ़ाई इस मौके अकरम मंसूरी, नूरुद्दीन मंसूरी, मुशर्रफ गुडलुक सहित पुलिस कांस्टेबल कृष्णा कुमार होम गार्ड राजेश सिंह, कल्लू, रिजवान आदि उपस्थित रहे।

हत्या में दो भाइयों को आजीवन कारावास

जौनपुर। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गड़ैला गांव में 18 वर्ष पूर्व हुई जमीन विवाद में हत्या हुई थी। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रूपाली सक्सेना की अदालत ने इस मामले में दोषी दो भाइयों को आजीवन कारावास व 23 हजार जुमार्ने की सजा सुनाई। वादी के अनुसार राम जनम सिंह ने सरायख्वाजा में प्राथमिकी दर्ज कराई कि 3 अप्रैल 2006 को शाम चार बजे गांव के अभिमन्यु सिंह अपने लड़के प्रवेश सिंह, अभिषेक, शितलेश गोरख को लेकर वादी की जमीन पर जबरदस्ती सफाई करके कब्जा करना चाहते थे। दोषी भाला व गड़ासा से लैस होकर आए थे। पिता रत्नाकर सिंह ने मना किया तो अभिमन्यु व अन्य आरोपी जान से मारने की नीयत से ललकारे। पिता अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर भी किए लेकिन दोषी पिता को गड़ासा, भाला से बुरी तरह से मारे। थाना पुलिस ने 26 अप्रैल 2004 को कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। कोर्ट ने प्रवेश व गोरख को सजा सुनाई। क्रॉस केस में राम जनम सिंह को कोर्ट ने हत्या के प्रयास के आरोप में दोषी पाया।

टॉप-10 अपराधी को सुनाई गई आजीवन सश्रम कारावास सजा

मीरजापुर। थाना कोतवाली शहर क्षेत्र में घटित हत्या एवं हत्या के प्रयास मामले में टॉप 10 अपराधी को न्यायालय द्वारा आजीवन सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई गई। थाना कोतवाली शहर पर हत्या एवं हत्या के प्रयास से सम्बन्धित उक्त अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही करायी गयी। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-03 मीरजापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त जनपद स्तर के टॉप-10 अपराधी को आजीवन सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। घटना के संबंध में बताते हैं कि 13.01.2019 को थाना कोतवाली शहर पर सौरभ कुमार पुत्र फूलचन्द्र निवासी धुनियानी टोला थाना कोतवाली शहर जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वादी का बड़ा भाई सुनील पान की दुकान में बैठा था तथा सड़क के किनारे लोहदी कलां निवासी त्रिलोकी फूल-माला की टोकरी लगाकर बैठे थे कि इस दौरान छोटी गुदरी निवासी संजय सिंह व उसका भाई बच्चा सिंह हाथ में असलहा लिए हुए त्रिलोकी से मुकदमें के विवाद के कारण सुनील व त्रिलोकी को जान से मारने की नियत से गोली मार दिए। जिससे त्रिलोकी की मृत्यु हो गई जबकि सुनील की स्थिति गंभीर बनी हुई थीं। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पर मु0अ0सं0-13/2019 धारा 302,307,34 भादवि बनाम संजय सिंह जो दौरान मुकदमा मृतक हो चुके हैं एवं बच्चा सिंह पुत्रगण सीताराम निवासी छोटी गुदरी थाना कोतवाली शहर जनपद मीरजापुर पंजीकृत कर विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हत्या एवं हत्या के प्रयास की उक्त घटना को प्राथमिकता देते हुए थाना कोतवाली शहर पुलिस एवं मॉनीटरिंग पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए गुणवत्तापूर्ण तथा सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कराया गया।

जब वादी निकला अपराधी, पुलिस ने किया घटना का खुलासा

मीरजापुर। थाना पड़री क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कठिनई स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से बेशकीमती अष्टधातु की श्रीराम, लक्ष्मण व जानकी जी की प्राचीन मूर्ति जिसका अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत ? 30 करोड़ है की चोरी की घटना का सफल अनावरण अनावरण करते हुए पुलिस ने बोलेरो सवार चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

घटना के संबंध में बताते हैं कि थाना पड़री, जनपद मीरजापुर पर 14.01.2025 को वादी वंशीदास गुरु महामण्डलेश्वर जयराम दास महराज स्थित रामजानकी मंदिर कठिनई थाना पड़री जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरुद्ध मंदिर से श्रीराम, लक्ष्मण व जानकी जी की अष्टधातु की अतिप्राचीन मूर्ति चोरी हो जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर मु0अ0सं0-08/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना के सफल अवारण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी की मूर्तियों की बरामदगी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन-ओ0पी0सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर-अमर बहादुर के नेतृत्व में सर्विलांस, एसओजी व थानाध्यक्ष पड़री को दिये गये निर्देश के क्रम में थाना पड़री पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना में सुरागरसी-पतारसी एवं इलेक्ट्रानिक व भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए शनिवार 18 जनवरी 2025 को सर्विलांस, एसओजी व थाना पड़री की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पड़री क्षेत्रांतर्गत हाईमाई मंदिर के पास से बोलेरो सवार चार अभियुक्तों वंशीदास उर्फ बृजमोहन दास उर्फ वंशीवटानन्द उर्फ मंगल पाल पुत्र नारायण पाल निवासी दसोपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही (हाल पता वंशीवट श्री दामा जी का मन्दिर छारीमाठ थाना माठ जनपद मथुरा), उम्र करीब-27 वर्ष जो स्वयं वादी मुकदमा हैं, लवकुश पाल पुत्र गिरधारी लाल निवासी दसोपुर डीह थाना कोईरौना जनपद भदोही, उम्र करीब-22 वर्ष, मुकेश कुमार सोनी पुत्र शिवशंकर सोनी निवासी पूरे नान्हा शुक्ल थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब-42 वर्ष मुकेश कुमार सोनी व रामबहादुर पाल पुत्र कल्लू निवासी डुबकी खुर्द जुड़ईपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

बोलेरो सवार गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गई बेशकीमती अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति कपड़ा श्रृंगार सहित श्रीराम जी वजन करीब-22.030 किग्रा, लक्ष्मण जी वजन करीब-22.430 किग्रा व जानकी जी वजन करीब-21.590 किग्रा, 02 अदद मुकुट (पीली धातु), 01 अदद हार (पीली धातु) व 01 अदद मछलीनुमा कुण्डल (पीली धातु) बरामद किया गया। थाना पड़री पर पंजीकृत मुकदमें बीएनएस में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त बोलेरो अंकित वाहन संख्याः यू पी 63 ए बी 9166 जिसका वास्तविक वाहन संख्याः यू पी 63 ए पी 9166 का वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त वंशीदास एवं वादी मुकदमा द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मैं लगभग 03 वर्षों से मंदिर की देखरेख कर रहा हूँ। मंदिर के स्वमित्व को लेकर मेरे गुरू महराज जयरामदास व सतुआ बाबा के बीच पूर्व से विवाद चल रहा है जब इस विवाद की मुझे जानकारी हुई तो मैं जयरामदास की मदद में आ गया और जयरामदास जी ने मुझसे वादा किया था कि सतुआ बाबा से विवाद खत्म होने पर सारी सम्पत्ति का स्वामी तुम्हे बना दूंगा लेकिन दो माह पहले मुझे यह जानकारी हुई कि जयरामदास यह गद्दी मुझे न देकर अपने भतीजे को देना चाहते है। तभी मैने प्लान किया कि मंदिर की अष्टधातु की बेशकीमती मूर्ति चोरी कर बेचकर मैं कहीं दूर जाकर एक अपना अलग मठ बना लूंगा।

वंशीदास ने अपने वाहन चालक लवकुश पाल के साथ मुकेश कुमार सोनी, रामबहादुर पाल सहित अन्य साथियों को रामजानकी मंदिर कठिनई दर्शन के बहाने लाकर मूर्तियो को दिखाया और मूर्ति की पहचान अष्टधातु के रुप में होने के उपरान्त वंशीदास वादी मुकदमा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर मूर्तियों की मंदिर से चोरी कर हाईमाई पहाड़ी मंदिर के पीछे छुपा दिया गया था। जिसे लेने के लिए आये थे कि पकड़े गए। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को चालिस हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

विविध कार्यक्रमों के बीच मनाया जायेगा राष्ट्रीय पर्व

मीरजापुर। आगामी 26 जनवरी 2025 राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दिव्या एवं भव्य ढंग से मनाया जाएगा, जिसमें संविधान सम्बंधित वृहद जानकारी दी जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी दी गई है कि वह संविधान दिवस के सम्बंध में न सिर्फ छात्रों को बल्कि मानिंद लोगों की उपस्थिति में 15 अगस्त और 26 जनवरी के अंतर के साथ संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालें।

उक्त निर्णय जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गणतंत्र दिवस मनाने की रूपरेखा की समीक्षा के दौरान लिया। दर-असल परंपरागत तरीके से पिछले वर्ष की रूपरेखा को इस वर्ष भी लागू किए जाने के निर्णय पर सभाकक्ष में यह सुझाव दिया गया कि छात्रों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अंतर को बताया जाना चाहिए। इस संबन्ध में डॉक्टर भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान की ओर से कहा गया कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण होता है जबकि 26 जनवरी को झंडा फहराया जाता है। ध्वजारोहण में ध्वज नीचे से ऊपर की ओर जाता है जबकि झंडा फहराने में केवल झंडे की डोरी खींची जाती है।

इस सुझाव को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी निरंजन ने कहा कि फतहा स्थित गङ्गा दर्शन पार्क में वृहद बैठक होगी, जिसमें बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित होकर संविधान संबंधित जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में मानिंद लोग रहेंगे तथा व्यापार मंडल कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान करेगा। जिलाधिकारी निरंजन शहीद उद्यान तथा गांधीघाट में तो अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ल बीएलजे स्कूल में शहीद नरेश को माल्यार्पण करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद कासिम अली, एडवोकेट ने नगरपालिका परिषद के घण्टाघर में बंद हो गए कवि सम्मेलन के बारे में कहा कि राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को देखते हुए कवि सम्मेलन पुनः होना चाहिए। इस पर जिलाधिकारी निरंजन ने सहमति दी एवं अपर जिलाधिकारी शुक्ल को आयोजन की जिम्मेदारी दी। दफ्तरों में राजपत्रित अधिकारी ही झंडा फहराएं, इस संबन्ध में सुझाव दिया गया कि चूंकि इस वर्ष 26 जनवरी को रविवार है, अतः अनेक विभागों में राजपत्रित अधिकारी घर चले जाते हैं तथा लिपिक स्तर से झण्डा फहराया जाता है। इस पर निरंजन ने कहा, 'ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में जब बात उठी कि तमाम स्कूलों में टॉफी दी जाती है, ग्रामीण क्षेत्रों में अशुद्ध घी या तेल का लड्डू दिया जाता है, तब जिलाधिकारी निरंजन ने कहा कि बिना लड्डू के राष्ट्रीय पर्व पर फीका लगता है। अतः सभी संस्थाएं लड्डू ही वितरित करें। अपर जिलाधिकारी शुक्ल ने कहा कि केवल मुख्यालय पर ही नहीं बल्कि ग्राम स्तर पर पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई।

संक्षेप

युवती ने पिया तेजाब, मौत

बरेली। बरेली में कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती की तेजाब पीने से अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना भमोरा थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव में 16 जनवरी की रात को हुई और युवती की 17 जनवरी को जिला अस्पताल में मौत हो गई।

मृतका के ताऊ प्रेमपाल ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय भतीजी कुमारी पिलकुश ने बृहस्पतिवार रात घर के शौचालय में रखा तेजाब पी लिया। तेजाब पीने के कुछ देर बाद उसकी हालत खराब होने लगी, जिसके बाद परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि युवती का परिवार पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं था लेकिन पुलिस के समझाने पर वे राजी हो गए। शुक्रवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। मृतका के ताऊ प्रेमपाल के अनुसार कुमारी पिलकुश को दो साल पहले सिर में गंभीर चोट लग गई थी, परिजनों ने उसका इलाज करवाया लेकिन वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई थी।

नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सोहावल-अयोध्या रौनाही थाना क्षेत्र के गांव ठेऊँगा के मजरे दुनिया का पुरवा निवासिनी 22वर्षीय नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंढे में साड़ी के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजवाया।

स्वामित्व योजना बनायेगी ग्रामीणों को आत्मनिर्भर: शशांक मणि

देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में इसका सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का भी प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने अवलोकित किया। विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसारण के उपरांत सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक श्री सुरेंद्र चौरसिया एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने लाभार्थियों को घरौनी वितरित किया।

इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और देवरिया का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण है। स्वामित्व योजना का यह कार्यक्रम ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। घरौनी प्राप्त करना न केवल संपत्ति पर अधिकार प्रदान करता है, बल्कि इससे आप लोन लेकर अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकते हैं। यह योजना अंत्योदय' तक हर व्यक्ति को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि स्वामित्व योजना से भूमि विवाद में कमी आएगी और महिलाएं सशक्त होंगी। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित में काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। देवरिया जिले में घरौनी वितरण का कार्य प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। जनपद मुख्यालय और तहसील स्तर पर 965 लाभार्थियों को घरौनी दी गई। विकास खंड स्तर पर 2,481 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला। ग्राम पंचायत स्तर पर 1,709 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। इस प्रकार कुल 5,155 लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत आज लाभ प्रदान किया गया।

सदर सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता और नशामुक्ति की शपथ दिलाई और समाज को स्वच्छ एवं नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इसके साथ ही, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

स्वामित्व योजना: घरौनी प्रमाण पत्र कार्यक्रम हुआ संपन्न

कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में घरौनी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम विशाल भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नशा व स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलाया गया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरौनी प्रमाण पत्र की उपयोगिता के क्रम में कहा कि विभिन्न देशों में इस विषय पर स्टडी की गई जिसके नतीजे में निकला कि गरीबी दूर करने के लिए प्रॉपर्टी आवश्यक है, ये प्रॉपर्टी मूल संपत्ति होगी, इस लिए हमने तय किया कि ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराए तथा जो आबादी वाले क्षेत्र में घर बनाए हैं उन्हें उनका हक दिलाए जाय ताकि आर्थिक वृद्धि का रास्ता खोला जा सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न प्रदेशों के घरौनी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से संवाद कर अनुभव को साझा किया गया तथा उनसे घरौनी प्रमाण पत्र से क्या क्या लाभ लिए की जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सबसे अधिक घरौनी प्रमाण पत्र निर्गत करने वाला उत्तर प्रदेश राज्य है जहां एक करोड़ से अधिक लोगों को उनका

मालिकाना हक देने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि घरौनी प्रमाण पत्र नहीं रहने से तमाम तरह की विवादें हुआ करती थी कभी थाना, कभी तहसील, कभी कोर्ट का चक्कर लगाने पड़ते थे, परंतु अब ये समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अब घरौनी प्रमाण पत्र से आसानी से लोन ले कर अपने कारोबार, को बढ़ाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि ये कार्ड सभी के जीवन में नया परिवर्तन लाएगा। जहां का सर्वे अभी पूरा नहीं हुआ है उसे भी शीघ्र पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में विधायक पडरौना मनीष जयसवाल ने कहा कि ये कार्यक्रम गंगा उतारने जैसा प्रयास है इससे लोगों के आर्थिक विकास में तमाम तरह की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

प्रॉपर्टी कार्ड नहीं रहने पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं जूझना पड़ता था जिसे बचा लिया गया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय द्वारा भी संबोधन के माध्यम सेये नहीं कह सकते कि मैं भूमिहीन हूं। तक नहीं बना है उन्हें भी शीघ्र ही मिल जाएगा। डीएम विशाल भारद्वाज ने बताया कि स्वामित्व योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई) के संयुक्त प्रयासों से लागू किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीणजनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा, जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा इससे लाभार्थीगण विभिन्न योजनाओं का लाभ, ऋण आदि प्राप्त कर सकेंगे। आयोजित कार्यक्रम के साथ विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा गया साथ ही पडरौना तहसील के 20 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा स्वामित्व योजना के लाभ से जन सामान्य को अवगत कराया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार, जिला पंचायतराज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण सहित घरौनी लाभार्थी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

सांसद की संविधान सबका प्रयास यात्रा गणतंत्र दिवस से

देवरिया। अपने पवित्र संविधान की मूल भावना को देवरिया लोकसभा क्षेत्र जन में प्रसारित करने के लिए 'संविधान सबका प्रयास यात्रा' करने जा रहे हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन इस यात्रा की शुरूआत बरपार गांव के बरगद वृक्ष से होगी। पांच विधानसभाओं के 75 गांवों से होती हुई तमकुहीराज में मां नारायणी नदी के किनारे पीपल के वृक्ष के पास इस यात्रा का समापन होगा।

पवित्र संविधान के 75वीं वर्षगांठ पर इस यात्रा के माध्यम से हम प्रमुख रूप से 5 बिंदुओं को लेकर जनजागरण में जाएंगे। पहला है संविधान में वर्णित 'बंधुत्व' की भावना को जन-जन में प्रसारित करना। क्योंकि बंधुत्व की भावना से ही हम अपने क्षेत्र को विकसित बनाने में भागीदारी कर सकते हैं। दूसरा है आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर 'सबका प्रयास' के मंत्र को जन जन तक पहुंचाना, तीसरा है हर व्यक्ति के जीवन में तीन अर्थ यानी प्राकृतिक अर्थ, सांस्कृतिक अर्थ और अर्थ (आर्थिक) का संचार करना। चौथा, युवाओं और महिलाओं को संविधान के प्रति जागरुक करना और पांचवा, बीजेपी सरकार में संविधान का सर्वाधिक सम्मान होना। मुख्यतः इन पांच बिंदुओं के माध्यम से हम अपने लोकसभा के 5 विधानसभाओं के 75 गांवों में जाएंगे। इस यात्रा के माध्यम से समाज में 'सबके प्रयास' की भावना से उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट लोगों की पहचान कर उन्हे 'बाबा साहेब सांसद सम्मान' से सम्मानित करेंगे।

विदेशों में रोजगार के अवसर, पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ

देवरिया। जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विदेशों में रोजगार हेतु पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दिलाने के लिए इच्छुक उम्मीदवार पर पंजीकरण कर सकते हैं इजराइल में केयर गिवर (देखभालकर्ता) पद के लिए आयु सीमा 25 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल व नर्सिंग डिग्री/डिप्लोमा या एएनएम/जीडीए कोर्स, वेतन ?1,31,818/- प्रतिमाह और रिक्तियों की संख्या 5000 है। महिला एवं पुरुष दोनों पात्र हैं। जापान में केयर गिवर (देखभालकर्ता) पद के लिए आयु सीमा 20 से 27 वर्ष, शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिग्री/डिप्लोमा, वेतन ?1,16,976/- प्रतिमाह और रिक्तियों की संख्या 50 है। महिला एवं पुरुष दोनों पात्र हैं। जर्मनी में सहायक नर्स पद के लिए आयु सीमा 24 से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता नर्सिंग डिग्री/डिप्लोमा, वेतन ?2,29,935/- प्रतिमाह और रिक्तियों की संख्या 250 है। महिला एवं पुरुष दोनों पात्र हैं अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025 है। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निशुल्क है। कृपया ध्यान दें कि यदि कोई थर्ड पार्टी या दलाल धनराशि की मांग करता है, तो इसकी शिकायत जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया में करें। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का भत्ता या यात्रा व्यय नहीं दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं।

कम्बल पाकर पात्रों के खिल उठे चेहरे

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम नोनापार के प्राथमिक स्कूल के प्रांगण मे भाजपा ने मानवेन्द्र तिवारी उर्फ गिरधारी तिवारी के संयोजकत्व मे कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।कम्बल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद शशांक मणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर विधायक सुरेन्द्र चौरसिया उपजिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव द्वारा अपने हाथो से पात्रो को कम्बल प्रदान कर किया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद शशांक मणि ने कहा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरा लक्ष्य है ।उसको पुरा करने के लिए सदैव लगा रहूंगा ।सरकारी योजनाओं का लाभ गाँव स्तर पर दिलाने के लिए पुरा प्रयास करता रहुंगा ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सडक पानी स्वास्थ्य शिक्षा सम्बन्धी बुनियादी समस्या के समाधान पर विशेष ध्याय दिया जायेगा ।कम्बल वितरण समारोह मे जरुरतमंदों मे तीन सौ कम्बल वितरण किया गया । इससे पहले मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि कै माल्यार्पण कर आयोजक मानवेन्द्र तिवारी उर्फ गिरीधारी तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर नीरज शाही मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र हितेन्द्र तिवारी योगेश प्रजापति श्रीवास्तव अलका सिंह सिंह गोपाल जी प्रधान प्रतिनिधि रमाशंकर यादव सिध्दु तिवारी गंगेश्वरनाथ तिवारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।अन्त मे आयोजक मान्वेन्द्र तिवारी उरफ गिरीधारी तिवारी ने सभी के प्रति आभार करते व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा से ही क्षेत्र का विकास सम्भव है ।जरूरतमन्दों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।और आगे भी होता रहेगा ।

सपा नेता पर नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

कुशीनगर। जिले के सेवरही थाने की पुलिस ने सपा नेता अनूप सोनी पर नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। पहले इस मामले में छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में सीओ की जांच के बाद इसे दुष्कर्म की धाराओं में बदल दिया। यह मामला न सिर्फ अपराध की गंभीरता बल्कि पुलिस की कार्यशैली और राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गया है। बताते चले कि सेवरही कस्बे के निवासी अनूप सोनी, जो सोने-चांदी का कारोबार करते हैं और सपा पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी रह चुके हैं। 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का

- पुलिस पर लापरवाही के आरोप

आरोप है। पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि 11 जनवरी को उनकी बेटी खाना देकर लौट रही थी, तभी अनूप सोनी ने उसे अपनी दुकान के पिछले कमरे में ले जाकर

दुष्कर्म किया। पीड़िता जब रोते हुए घर पहुंची, तो उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता ने जब आरोपी से इस बारे में सवाल किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

पुलिस द्वारा पहले हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने और बाद में इसे दुष्कर्म की धाराओं में बदलने को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने शुरू में आरोपी को बचाने की कोशिश की। उच्चाधिकारियों चाहिए की लापरवाही बरतने वालों पर भी जांच कर कठोर कारवाई करनी चाहिए।

आरोपी फरार, राजनीतिक माहौल गर्म

मामले में आरोपी अनूप सोनी फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। इस बीच, सपा नेता ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें फंसाने की साजिश रची गई है। सपा के विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव ने भी इसे सपा नेताओं को बदनाम करने की साजिश बताया और निष्पक्ष जांच की मांग की। इस मामले ने इलाके में खलबली मचा दी है। अनूप सोनी न सिर्फ एक व्यापारी हैं, बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वह बीते नगर पंचायत चुनाव में सपा के टिकट पर अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए थे।

सीओ बोले

पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पहले छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया था। लेकिन सीओ तमकुहीराज अमित सक्सेना की जांच के बाद इसे दुष्कर्म की धाराओं में तरमीम कर दिया गया। सीओ ने कहा, प्रकरण की गहनता से जांच की गई और सभी तथ्यों के आधार पर धाराओं को बदला गया। मामले की विवेचना जारी है।

ग्रामीणों को घरौनियों वितरित

बरेली। प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने 1362 ग्रामीणों को घरौनियों दस्तावेज वितरित किए। समारोह शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित किया गया।

भड़काऊ पोस्ट करने के लिए इमाम गिरफ्तार

बरेली। बरेली पुलिस ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट करने के मामले में एक मस्जिद के इमाम को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना जिले के मीरगंज थानाक्षेत्र की है, जहां आरोपी द्वारा फेसबुक पर किया गया एक पोस्ट वायरल हो गया ।पुलिस ने बताया कि आरोरी ने पोस्ट में हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया। प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि यह पोस्ट आरोपी शरीफ अहमद ने अपनी फेसबुक आईडी से की थी ।पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना के तहत मुकदमा दर्ज किया। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मीरगंज थाने में इमाम के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शरीफ अहमद वर्तमान में मीरगंज की मोनी मिया मस्जिद में इमाम के पद पर हैं।

नाबालिग लड़के से दोस्तों ने किया कुकृत्य

देवरिया। जिले में एक नाबालिग लड़के से उसके ही दोस्तों ने कथित तौर पर कुकृत्य किया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की पकड़ने के प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि घटना रुद्रपुर थानाक्षेत्र के लखनघाट गांव की है, जहां तीन जनवरी को पीड़ित के गांव के रहने वाले दो लड़कों ने उससे कुकृत्य किया। पीड़ित का महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है ।अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। पीड़ित लड़के के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के साथ उसके ही तीन दोस्तों ने कुकृत्य किया ।परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके बेटे को नौकरी का झांसा देकर मुंबई बुलाकर पहले भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों ने उनके बेटे को नशीली दवाइयां देकर कुकृत्य किया, जिससे वह बीमार हो गया।

रास्ते में मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

कुशीनगर। जिले के कुबेस्थान थाना क्षेत्र के गांव सखवनिया बुजुर्ग के खान टोला निवासी फैजुल हक ने कुबेरस्थान पुलिस को तहरीर सौंप कर गांव के ही दो लोगों पर रास्ते में मारने पीटने व नकदी रुपये छिनने का आरोप लगाया है ।दिए गए तहरीर में फैजुल हक ने लिखा है कि वह शुक्रवार की देर शाम लगभग 08 बजे सखवनिया से घर आ रहे थे कि रास्ते में ओझा टोला काली मंदिर स्थान के पास उनके ही गांव के दो लोग उनके बाइक के डीग्गी में अपने टेम्पो से ठोकर मार दिए। जिससे वह सड़क पर गिर गए और एकांत में पा कर गाली गुप्ता देते हुए अपने टेम्पो में से लाठी डंडा से हमला कर दिए। जिसमे उनको काफी चोटे आई है। आरोप है कि जेब में 35 सौ रुपया था वो भी छीन लिए और पाकेट में रखा प्रेस का परिचय पत्र, आधार कार्ड भी ले लिया। जब पैसा वापस मांगने लगे तो गाली गुप्ता देते हुए बोले की अगर किसी से बताओगे तो हम लोग तुमको जान से मार देंगे। चोटों का मेडिकल परीक्षण कराकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

बम से हमला करने वाले पूर्व प्रधान की जमानत निरस्त, भेजा गया जेल

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरा खाकी गांव के निवासी व जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान के मकान में ग्रेनाइड और बम से उड़ाकर पूरे परिवार की हत्या करने के प्रयास में जमानत पर रिहा हुए आरोपी पूर्व प्रधान द्वारा न्यायालय की कार्रवाई मे सहयोग न करने के कारण जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की न्यायालय ने आरोपी पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह की जमानत निरस्त कर जेल भेजते हुए इस मामले में आरोपी बनाए गए 12 लोगों को वारंट जारी किया है ।हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडरा खागी गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान और पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह के करीब चार दशकों से अदावत चलता आ रहा है। कहना

- परिवार के सभी सदस्यों की हत्या करने का प्रयास किया
- 12 आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी

ना होगा कि पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह ने वर्ष 2004 में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुकदेव पासवान के मकान में ग्रेनाइड और बम से उड़ाकर परिवार के सभी सदस्यों की हत्या करने का प्रयास किया था। इसके बाद पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह समेत 13 लोगों पर हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह जमानत पर रिहा हुए थे किन्तु कोर्ट की कार्रवाई में सहयोग नही कर रहे थे और बार-बार एक ही बिन्दु पर शिकायत पत्र देकर न्यायालय को गुमराह कर रहे थे।

आरोपी द्वारा शुक्रवार को दिये गये शिकायत पत्र और जमानत को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि के न्यायालय ने निरस्त करते हुए आरोपी पूर्व प्रधान राधाकृष्ण सिंह को जेल भेज दिया।

फर्जी गन्ना सट्टा और घटतौली के खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग

कुशीनगर। जनपद के क्रय विक्रय समिति पडरौना के डायरेक्टर एवं प्रगतिशील गन्ना किसान संजय मिश्र ने ढ़ाढ़ा चीनी मिल के गन्ना क्रय केन्द्रों के तौल निरीक्षण में पाई गई कमियों को तत्कालीन सचिव कठकुईयां द्वारा जाँच निरीक्षण आख्या प्रेषित करने से नाराज जिसे उप गन्ना आयुक्त देवरिया द्वारा मौखिक रूप से को एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जाँच कराने के खिलाफ उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेज कर जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है ।श्री मिश्र ने गन्ना आयुक्त सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भेजें पत्र में आरोप लगाया है कि सहकारी गन्ना विकास समिति कठकुईयां जनपद कुशीनगर में भूमिहीन एवं डबल सट्टा

- ढ़ाढ़ा चीनी मिल के गन्ना क्रय केन्द्रों के तौल निरीक्षण में पाई गई कमियों की जांच निरीक्षण आख्या
- खफा होकर गैर जनपद स्थानांतरण करने और चहेते को चार्ज देने का लगा आरोप

बचाव करने के पश्चात तत्कालीन सचिव व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कठकुईयां का गैर जनपद स्थानांतरण कर अपने चहेते अखिलेश्वर सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना विकास परिषद पडरौना जो चन्द दिनों पहले जनपद कुशीनगर में कार्यभार ग्रहण किये हैं। उन्हें अभी जिले की भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी तक नहीं है। वहीं उक्त अनियमितता को बन्द करने की प्रभावी कार्यवाही चल रही थी तथा चीनी मिल ढाढ़ा बुजुर्ग (हाटा) कुशीनगर द्वारा संचालित गन्ना क्रय केन्द्रों के तौल निरीक्षण में पाई गई कमियों को तत्कालीन सचिव कठकुईयां द्वारा जाँच निरीक्षण आख्या प्रेषित किया जा रहा था, जिससे रोकने का प्रयास उप गन्ना आयुक्त देवरिया द्वारा मौखिक रूप से करते रहे। किन्तु तत्कालीन सचिव व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कठकुईयां द्वारा किसान हित में एवं संस्था हित में अपने कर्तव्यों का पालन किया जा रहा था। जिससे खफा होकर उप गन्ना आयुक्त देवरिया द्वारा कुछ प्रभावशाली गन्ना तस्कर व चीनी मिल ढाढ़ा बुजुर्ग (हाटा) कुशीनगर के बचाव में सचिव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक का स्थानान्तरण गैर जनपद करते हुए अपने चहेते अखिलेश्वर सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना विकास परिषद पडरौना जो चन्द दिनों पहले जनपद कुशीनगर में कार्यभार ग्रहण किये हैं। उन्हें अभी जिले की भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी तक नहीं है। उन्हें पडरौना के साथ गन्ना विकास परिषद कठकुईयां सेवरही एवं जनपद देवरिया में प्रतापपुर व भटनी के चार्ज के साथ प्राधिकरण सचिव जनपद कुशीनगर का चार्ज हस्तानान्तरित करते हुए और गन्ना माफियाओं व चीनी मिल से व्यापक धन अर्जित किया जा रहा है। जिससे पूर्व जॉच आख्या व साक्ष्यों को मिटाने की प्रबल सम्भावना है। वहीं उप गन्ना आयुक्त देवरिया द्वारा किया गया स्थानान्तरण आदेश पत्रांक-2380/सी/स्था०, प्रा० -26. 12. 2024 को किसान हित एवं संस्था हित में निरस्त करने एवं प्रकाश में आये डबल सट्टा भूमिहीन सट्टा एवं चीनी मिल ढाढ़ा बुजुर्ग (हाटा) कुशीनगर द्वारा कि जा रही अनियमितता को एक उच्च स्तरीय कमेटी से कराने की मांग की है।

राम मन्दिर स्थायी सुरक्षा समिति की हुई बैठक

अयोध्या। राम मंदिर की स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक राम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुई।

एडीजी सुरक्षा के साथ राम मंदिर में तैनात सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सम्मिलित रहे। महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और रामलला की सुरक्षा के साथ अयोध्या की सुरक्षा को लेकर बैठक में चला मंथन।

कर्पूरी ठाकुर जयंती को लेकर हुई तैयारी बैठक

कुशीनगर। अखिल भारतीय नाई महा पंचायत कुशीनगर की एक बैठक नगर स्थित श्रीनाथ शिव मंदिर परिसर कसया में संपन्न हुई। जिसमें 24 जनवरी दिन शुक्रवार को भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक स्व0 कपूरी ठाकुर की जयंती कार्यक्रम की सफलता को लेकर चर्चा की गई ।शनिवार को हुई बैठक में संरक्षक ग्राम प्रधान राजेश कुमार शर्मा, जिला सचिव गुड्डू शर्मा, नगर उपाध्यक्ष कसया संतोष कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता कसया नगर अध्यक्ष जटा शंकर शर्मा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक मैनुद्दीन सलमानी, जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक राम छबीला ठाकुर, शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक राम नरेश शर्मा, संयोजक हृदया नन्द शर्मा, युवा प्रकोष्ठ संयोजक संदीप शर्मा, नगर महा मंत्री मोहम्मद जमील, जिला कार्य समिति सदस्य राम लक्षन शर्मा, अभिषेक शर्मा, रमेश शर्मा, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दरगाह-ए-तहसीनी पर भेजी चादर

बरेली। मुफ़्ती तहसीन रजा खाँ साहब के 18वें उर्स के मौके पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की ओर से चादर व मुबारक बाद का संदेश दरगाह ए तहसीनी पहुँचा। शनिवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप व महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने साहिबे सज्जादा हजरत जनाब इंजिनियर शोहेब रजा खान साहब से मुलाकात कर सपा मुखिया अखिलेश यादव की जानिब से उर्से पाक की मुबारकबाद पेश की तथा दरगाह शरीफ पर चादर पोशी कर देश में अमन-चैन और अखिलेश यादव की बेहतर मुस्तकबिल और तरक्की की दुआएं मांगी ।इस मौके पर सपा प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, डॉ.अनीस बेग, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, महानगर उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, वरिष्ठ सपाई सरफराज वली खाँ, सैफ वली खाँ, पार्षद मो. आरिफ कुरैशी, पार्षद सनी मिर्जा, महानगर सचिव मो. वसीम, नाजिम कुरैशी, जिला सचिव परवेज यार खान, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष असलम खान, मजदूर सभा महानगर अध्यक्ष अशफाक चौधरी, जितेंद्र मुंडे, राम सेवक प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

गेहूं खरीद में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि, : बटाईदार भी कर सकेंगे पंजीकरण

देवरिया जनवरी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुलभ आनंद ने जानकारी दी कि इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इस वर्ष गेहूं की खरीद 1 मार्च 2025 से शुरू होगी। किसानों को उनकी फसल के उचित मूल्य दिलवाने के उद्देश्य से सरकार ने गेहूं खरीद सत्र 2025-26 की शुरूआत 1 मार्च से करने का निर्णय लिया है। इसके तहत बटाईदार किसान भी पंजीकरण कराकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 150 रुपये अधिक है। किसानों से अपील की गई है कि वे पंजीकरण के लिए केन्द्र प्रभारियों, किसान मित्र एप, खाद्य विभाग की वेबसाइट ोर जन सेवा केन्द्र से संपर्क करें ।बटाईदार किसानों के पंजीकरण के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे मूल भू-स्वामी के आधार में दर्ज मोबाइल नंबर से डळढ प्राप्त करें। गेहूं बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है, जो अब शुरू हो चुका है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी, देवरिया ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे शीघ्र पंजीकरण कराएं, ताकि सत्यापन प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जा सके ।ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, फोटो बैंक पासबुक, पहचान पत्र, भूमि का रकबा, खाता संख्या, खसरा और भूमि का ऑनलाइन खतौनी अपलोड करना होगा।

ग्राम प्रधान को जान से मारने की साजिश, 5 पर मुकदमा दर्ज

कुशीनगर। ग्राम प्रधान ईङ्ग प्रवीण निर्मल सिंह को जान से मारने की साजिश में 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया ।ग्राम प्रधान ने अपने तहरीर में बताया कि ग्राम सभा की ही कौशल्या पत्नी गरीब प्रसाद दिनांक 27/11/24 को रोते हुए मेरे घर आई और बताई कि उसका लड़का विद्यासागर सबको मार रहा है, मेरे मना करने पर भी ओ हाथ पकड़कर अपने घर ले गई, जैसे ही मैं इसके घर पहुंचा, वैसे ही विद्यासागर, उसकी पत्नी शारदा, गरीब, रेनू पुत्री गरीब और कौशल्या देवी घर में गाली और हाथापाई करते हुए खींच कर ले जाने लगे, मैं कुछ समझ पाता, वहा उपस्थित गांव के लोगों ने मुझे बचा कर वहां से लाए। इस प्रकार ग्राम प्रधान ने जान से मारने की साजिश करने, और हाथपाई करने और गाली देने के लिए मुकदमा दर्ज करने की अपील की थी। थाना अहिरौली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

संक्षेप

नारकोटिक्स एक्ट में 6 माह की कैद

सीतापुर। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यू ने मादक पदार्थ अधिनियम में दोषी को सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 6 माह कैद की सजा सुनाई है। वहीं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मिश्रित कोतवाली में वर्ष 2018 में मिश्रित कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिठौली निवासी श्रीकांत उर्फ धाकड़ पुत्र राम औतार के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। धाकड़ पर 50 ग्राम इसमें बरामद होने का आरोप था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट न्यू ने साक्ष्य को देखने और गवाहों तथा दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद श्रीकांत उर्फ धाकड़ को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने श्रीकांत उर्फ धाकड़ को 6 माह कैद की सजा सुनाई है। वहीं 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी घोषित

सीतापुर। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के अनुमोदन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता से परामर्श के पश्चात जिले की टीम की घोषणा कर दी है। इस क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी विश्व वीर गुप्ता को संरक्षक बनाया है। इसके अलावा अमित अग्रवाल को जिला महामंत्री, अनिल अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष बनाया है। प्रदीप अग्रवाल मुन्ना को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजहर बाग बब्बू, विजय रस्तोगी गुड्डू रामकिशोर राठौर मनीष सिंह अमित गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह राठौड़ दीपक शुक्ला नीरज गुप्ता, आलोक अग्रवाल, रतन सिन्हा को जिला मंत्री बनाया है। नरेश अग्रवाल को जिला प्रवक्ता जबकि महेंद्र अग्रवाल को विधिक सलाहकार बनाया है। अनुज सक्सेना को मीडिया प्रभारी और रामकिशोर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, डॉक्टर अभिषेक भारती, आशीष खेतान, मनोज अग्रवाल, सरदार त्रिलोचन सिंह, सुजीत गुप्ता, आशीष अग्रवाल फनी, राजीव वैश्य, मुन्ना लाल गुप्ता को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया है। जिला कमेटी घोषित होने पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता विश्व वीर गुप्ता नरेश अग्रवाल सरदार त्रिलोचन सिंह श्री राम अग्रवाल विनय गुप्ता सहित व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त कर कहा कि संगठन व्यापारियों के हित में सदैव कार्य करेगा।

पत्रकारों को किया गया सम्मानित

सकरन/सीतापुर। श्री रामचन्द्र जी ट्रस्ट सकरन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सकरन के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में श्री रामचन्द्र जी ट्रस्ट द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रति वर्ष होने वाले श्री शतचंडी महायज्ञ के आयोजन पर चर्चा की गई इस वर्ष यह आयोजन आगामी 22 मार्च से 28 मार्च तक होना निश्चित किया गया श्री शतचंडी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चैहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में दूर दराज से संत विद्वान आकर प्रवचन करेंगें इस मौके पर ट्रस्ट द्वारा पत्रकारों को अंगवस्त्र व डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर सत्येन्द्र सिंह चौहान, राजकुमार द्विवेदी, हरीश सिंह, राहुल मिश्र, गौरव गुप्ता,रमेशदत्त मिश्र, रामचन्द्र यादव, बिशम्भर दयाल मिश्र, अवधेश मिश्र के अलावा शिवकुमार जायसवाल,निशान्त मिश्र, हरेन्द्र यादव, राजकुमार राजपूत प्रदीप जायसवाल के अलावा भारी संख्या में यज्ञ समिति के पदाधिकारी व पत्रकार मजूद थे।

वैगनआर ने दो बाइकों को मारी टक्कर ,तीन लोग घायल

महमूदाबाद/सीतापुर। तेजगति से आ जा रही वैगनआर ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीन लोग गंभीररूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। नूरपुर के कलीम पुत्र अब्दुल रहीम बाइक से मामा शफीक को बैठाकर महमूदाबाद से घर वापस जा रहे थे। पुत्र पर जाम लगी होने के कारण किनारे बाइक खड़ी कर के है। इस दौरान पीछे से तेजगति से आई वैगनआर ने इन्हें टक्कर मार दी जिससे बाइक व पीछे बैठे सफीक काफी दूर चले गए। इसके बाद अनियंत्रित वैगनआर ने लहरपुर के खैरुल्लापुर के योगेश कुमार पुत्र राजकुमार की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीररूप से घायल हो गए।

प्रदेश में चौमुखी विकास की लहर दिखाई दे रही: राकेश राठौर

650 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई

जिला संवाददाता(vol)

खैराबाद/सीतापुर। खैराबाद में ऑडिटोरियम में जनपद के 650 लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। नगर विकास मंत्री राकेश राठौर, कारागार मंत्री सुरेश राही तथा महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, जिला अधिकारी अभिषेक आनंद आदि के द्वारा घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री सुरेश राही, राकेश राठौर गुरु तथा विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि प्रदेश में चौमुखी विकास की लहर दिखाई दे रही है। इसकी वजह डबल इंजन की सरकार है। कारागार मंत्री सुरेश राही ने कहा कि योगी तथा मोदी की जोड़ी ने प्रदेश तथा देश के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत की गिनती विकसित देशो की श्रेणी में की जाएगी। कार्यक्रम को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी सहित लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर 650 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीम अवस्थी आदि मौजूद रहे।

100 ग्रामीणों को घरौनी वितरित की

महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद तहसील सभागार में विधायक आशा मौर्या, एसडीएम शिखा शुक्ला, तहसीलदार अनिल कुमार ने गुलौली, सेमरा

और पचदेवरा भान समेत तीन गांवों के 100 ग्रामीणों को घरौनी वितरित की। महमूदाबाद ब्लाक सभागार में विधायक आशा मौर्या, बीडीओ संदीप कुमार ने ग्रामीणों को घरौनी वितरित की। तहसील क्षेत्र के 133 गांवों में अलग-अलग टीमें घरौनी वितरित कर रही हैं।

घरौनी बनने से संपत्ति संबंधित विवाद होंगे कमः शशांक त्रिवेदी

महोली/सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को घरौनी वितरण का कार्यक्रम तहसील परिसर में आयोजित किया गया।

- **प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना घरौनी का हुआ शुभारंभ, घरौनी पाकर ग्रामीणों के खिले चेहरे**

कार्यक्रम में महोली ब्लॉक के तीन व पिसांवा ब्लॉक के दो ग्रामों के ग्रामीणों को घरौनी वितरण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शशांक त्रिवेदी ने की। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाना था परंतु शासन के निर्देश पर ग्रामीणों को घरौनी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कारण आज संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित नहीं किया जा सका। स्वामित्व योजना अंतर्गत महोली ब्लाक के नेकपुर में 182, भुडकुडा में 170, अमिलिया में 495 पिसावा ब्लॉक के महाराज नगर में 58, खासपुर में 78 घरोनियों का वितरण विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि स्वामित्व योजना

का उद्देश्य पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार, राज्य के राजस्व विभाग के सहयोग से ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करते हुए ग्रामीण आबादी के आवासीय अधिकार अभिलेख तैयार करना है।

इस घरौनी से ग्रामीणों को कर्जा व अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता हैं। ग्रामीण नियोजन हेतु सटीक भूमि अभिलेखो और जीआईएस नक्शे में भी देखी जा सकती है। इस घरौनी से संपत्ति संबंधी विवाद भी कम होंगे। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2020 को ग्रामीण परिवार प्रमाण पत्र (घरौनी) के नाम से की थी। इस योजना से ग्रामीणों में भूमि विवाद के आपकी झगड़ा जो होते थे उससे राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शशी बिंद द्विवेदी, तहसीलदार तपस्या यादव, नायब तहसीलदार शिव प्रकाश, महेंद्र वर्मा लेखपाल कमल वर्मा ,अनीश द्विवेदी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

हजारों लाभार्थियों को घरौनी स्वामित्व कार्ड बांटे

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत जनपद में राजस्व विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के समन्वित प्रयास से तैयार किए गए सम्पत्ति कार्ड (घरौनियों) का निराला प्रेक्षागृह के सभागार में इलेक्ट्रानिक वितरण कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्त एवं डीएम गौरांग राठी द्वारा इस योजना के लाभार्थियो को घरौनी/प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किये गये। जनपद के 94122 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया। घरौनी के सम्बन्ध में अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री द्वारा बताया गया कि यह सिर्फ एक दस्तावेज ही नही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का इससे प्रगति का रास्ता भी खुल रहा है। हमारी सरकार पूरी ईमानदारी के साथ गॉधी जी ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने का प्रयास कर रही है। इससे लोगो को अपनी सम्पत्ति का अधिकार मिला है। जिससे विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर ग्रामीण लोग जीविका के नये साधन सृजित कर पा रहे है। गॉवों में सम्पत्ति को लेकर आपसी झगड़े कम हो रहे है। इस मौके पर उन्होने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 120 गॉवों को छोड़कर सभी राजस्व ग्रामों में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी वित्तीय वर्ष में जनपद के सभी लोगो को घरौनी/प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा। अपनी आबादी भूमि पर मालिकाना हक पाकर लोग अपना आर्थिक विकास करने में सक्षम हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्षा ने कहा कि जनपद के लोगों को स्वामित्व कार्ड दिलाने के लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र है। उन्होने जिला प्रशासन से भी अपील की है कि जल्द से जल्द जनपद के सभी लोगो को इस योजना का लाभ पहुॅचाया जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका गंगाघाट की चेयरमैन कौमुदी पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चित्रा शर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी रामाधार, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

चोरी के बिजली के तार के साथ चार गिरफ्तार

पुलिस का आरोप, चोरी से काटे तार

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना पुलिस टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि चारों शातिर चोर है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी से काटा गया बिजली का तार बरामद किया है।

नैमिषारण्य थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला संत नगर निवासी निलेश जायसवाल पुत्र श्री कृष्णा जायसवाल, महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी आरिफ पुत्र साबिर व संदीप पुत्र रामानंद, महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निरहन निवासी विनीत पुत्र डालचंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के बिजली का तार बरामद किया है। चारों लोग एक कार में सवार थे, पुलिस ने कार को भी बरामद किया है। बरामद तार का वजन 25 किलोग्राम बताया जा रहा है। पुलिस ने तार कटर आदि उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

आवासीय अभिलेख घरौनी का वितरण किया गया

सफीपुर, उन्नाव। प्रधानमंत्री के आवाहन पर मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने तहसील सभागार में एसडीएम की मौजूदगी में आवासीय अभिलेख (घरौनी) का वितरण किया गया। क्षेत्र वासियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत तहसील परिसर में आयोजित घरौनी वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र की मौजूदगी में ग्रामीणों को उनके आवासीय अभिलेख (घरौनी) का वितरण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत छोटेलाल, नेहरू गौड़, लाले गौड़, राजू चौहान, आशीष कनौजिया, पुष्पेंद्र कुमार, लल्ला तिवारी समेत तहसील व ब्लॉक स्टॉप मौजूद रहा।

विद्यालय में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक शनिवार को तहसील के राजा रावराम बख्शसिंह सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने की, जिसमें विद्यालयों में संचालित वाहनों की फिटनेस और यातायात नियमों के पालन पर चर्चा की गई।

इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने प्रधानाचार्यों से आग्रह किया कि प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को रोजाना यातायात के नियमों की जानकारी दी जाए। साथ ही, स्कूल के गेट और दीवारों पर यातायात संबंधी स्लोगन लिखवाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की फिटनेस, ड्राइवरों के लाइसेंस और मेडिकल फिटनेस की जांच अनिवार्य बताई गई। ड्राइवरों और वाहनों में चलने वाले हेल्परों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने की बात भी कही गई। उपजिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित होना चाहिए। और विद्यालयों के वाहनों में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों बिठाया जाए। साथ यह भी कहा कि भविष्य में वाहनों की चेकिंग का अभियान भी चलाया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने सुझाव दिया कि विद्यालयों का एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से सभी सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में यातायात जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाया जाए और बच्चों को नियमों का पालन करना सिखाया जाए। बैठक में राज बहादुर सिंह, राजेंद्र दीक्षित, आशुतोष त्रिपाठी, आशीष बाबू, दिवाकर सिंह, ओम प्रकाश रावत, योगेंद्र कुमार, जय प्रकाश मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र भगत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छापेमारी में पकड़ी अवैध शराब

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार अवैध शराब की बिक्री व परिवहन को लेकर सख्त है। इसकी रोकथाम के लिए आयुक्त द्वारा लगातार आदेश दिए जा रहे है। विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन अभियान भी चलाया जा रहा है। डीएम गौरांग राठी एवं एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में जिले पर भी विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर के कुशल नेतृत्व में शनिवार को आबकारी निरीक्षक पुरवा निशांत सिंह मय हमराह व थाना मौरावां पुलिस स्टाफ के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत के ग्राम गौरी, चिताखेड़ा, असरेंदा व बरेंदा थाना मौरावां में ड्रोन कैमरे की मदद से दबिश दी गयी। इस दौरान कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 1050 किग्रा लहन के साथ 13 भट्ठियों को मौके पर नष्ट किया।

खिचड़ी भोज हमें एकता का संदेश देता है : राजेश वर्मा

महमूदाबाद/सीतापुर। खिचड़ी भोज का आयोजन हमें एकता का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से जहां जाति-पांति के भेदभाव को समाज में कम करने में मदद मिलती है वहीं संगठन को मजबूती मिलती है। संगठन के पुराने पदाधिकारियों से नवनिर्वाचित पदाधिकारी सहयोग लें।

उक्त बातें पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने रामकुमार वर्मा व बेचू पहलवान लान में आयोजित खिचड़ी भोज के दौरान मौजूद पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पुराने मंडल अध्यक्षों से अनुभव लें और उससे सीख लेकर सतर्कतापूर्वक निष्ठा के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें। आयोग के अध्यक्ष, विधायक आशा मौर्या, एमएलसी पवन सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व विधायक लहरपुर सुनील वर्मा का रामकुमार वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवीण वर्मा, कपिल वर्मा ने माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। बेचू पहलवान लान में आयोजित खिचड़ी भोज में पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व विधायक लहरपुर सुनील वर्मा का संजय वर्मा, जिला प्रभारी रमा शंकर वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा कार्यक्रम में मौजूद अन्य सभी लोगों को अंगवस्त्र, डायरी व पेन भेंट किया। इस मौके पर राम प्रवेश प्रजापति, मोहन प्रसाद बारी, कोलिका प्रसाद श्रीवास्तव, अनिल यादव, रमेश सिंह, जितेंद्र वर्मा, लेखा गुप्ता, शशि प्रभा, गुरुनाम वर्मा, सीपी तिवारी, श्रवण वर्मा, अंब्रीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन अंब्रीश यादव ने किया।

शादी का झांसा देकर सांसद कई साल से कर रहे थे महिला का यौन शोषण

सीतापुर। सीतापुर ससदीय सीट के वर्तमान कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला शहर कोतवाली इलाके की रहने वाली है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़िता की सुरक्षा बढ़ा दी है। पीड़िता ने कहा कि कांग्रेस सांसद पिछले कई सालों से शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण कर रहे थे।

पीड़िता ने पुलिस को कॉल रिकार्डिंग उपलब्ध कराए हैं। उसने लगातार धमकियां भी दी जा रही है। कोतवाली शहर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि महिला के आरोपों की जांच की जा रही है। महिला ने आरोप लगाया है कि 2018 में उसकी मुलाकात राकेश राठौर से हुई। उस समय वह विधायक हुआ करते थे। मुलाकात के दौरान राठौर ने महिला को तैलिक महासंघ सीतापुर का महिला जिलाध्यक्ष बना दिया। महिला का आरोप है कि 2020 में वह राकेश राठौर के बुलाने पर उनके घर गई थी।

आरोप है कि राठौर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार ब्लैकमेल करते रहे।

> पीड़िता के आरोपों की दो दिन जांच की गई, मेडिकल करवाने के बाद शुक्रवार को आरोपी सांसद के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराया गया है । पीड़िता के आरोपों की मेडिकल रिपोर्ट में भी पुष्टि हो गई है ।
> पुलिस अधीक्षक सीतापुर

पत्नी को तलाक देने का झूठा वादा किया

महिला का आरोप है कि राकेश राठौर ने अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे शादी करने का वादा किया था। कई बार दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। आरोप है कि अगस्त 2024 में राकेश राठौर ने महिला को अपने घर बुलाया और सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर कहा कि अब तुम मेरी रखैल बनकर रहोगी वरना तुम्हें बदनाम कर दूंगा।

पीड़िता को दी गई सुरक्षा

पुलिस अधिक्षक सीतापुर ने बताया कि पीड़िता ने अपनी दी गई तहरीर मे जान माल मे खतरे का अंदेशा जताया है । जिसे ध्यान मे रखते हुये उन्हे सुरक्षा के तहत गनर उपलब्ध कराया गया है । और उसके आवास पर भी सिक्योरिटी दी गई है पुलिस की ओर से मामले मे आगे कार्रवाई की जा रही है।

संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर निर्माण की मांग

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के चैनपुर ग्राम सभा के मजरा उदवतपुर से सरवनखेड़ा तक जाने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। लगभग 2 किलोमीटर लंबा यह मार्ग अब बड़े-बड़े गड्ढों में बदल गया है, जिससे न केवल वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है, बल्कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग 10 वर्ष पहले डामरयुक्त संपर्क मार्ग के रूप में बनाया गया था, लेकिन रखरखाव की कमी और विभागीय उदासीनता के चलते यह मार्ग अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। संपर्क मार्ग पर बचे डामर के अवशेष यह संकेत देते हैं कि कभी यह मार्ग दुरुस्त था।

अब यह मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे क्षेत्र के खरवनखेड़ा, जालापुर और दुबेपुर जैसे कई गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यह संपर्क मार्ग उनकी रोजमर्रा की जरूरतों का हिस्सा है, लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण संपर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय निवासी शिववीर सिंह उर्फ वीरू, समाजसेवी सूरज सिंह, सूर्यपाल सिंह, मनोज सिंह, रामू लोधी, प्रेम सविता, अमित सिंह, राम मूर्ति सिंह और बिन्नू सिंह ने शासन और प्रशासन से इस क्षतिग्रस्त मार्ग के अविलंब निर्माण की मांग की है।

हम सब को सामूहिक प्रयास से जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाना

सीतापुर। मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र सीतापुर, राष्ट्रीय सेवा योजना सेक्रेड हार्ड डिग्री कॉलेज एवं आरएमपी व कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यालय नेहरू युवा केंद्र में किया गया। जिसके अंतर्गत जागरूकता पोस्टर्स का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्रीमती रोशनी पटवा ने उपस्थित युवाओं को आगामी 23 जनवरी 2025 यानी एक सप्ताह तक शहर के मुख्य स्थानों पर निरन्तर सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन के बीच जागरूकता के लिये प्रेरित किया व सभी को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित यातयात पुलिस से टीएसआई प्रेम चंद्र व ने कहा कि सीतापुर गौरवशाली जनपद है और हम सब को सामूहिक प्रयास से जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाना हैं, हम पंच मंत्र का उपयोग करके सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं जिसमें हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने के साथ साथ ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग बिल्कुल न करें और नशा करके वाहन न चलाएं साथ ही ओवर स्पीड में वाहन बिल्कुल न चलाएं और अच्छा मददगार बनने के लिये भी युवाओं को प्रेरित किया। यातायात विभाग से ऋषभ ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज का सबसे गंभीर विषय है, हम छोटी-छोटी सावधानी बरत कर बड़ी दूर्घटनाओं को टाल सकते हैं। सड़क सुरक्षा के मांनको को हम अपनी आदत बनाएं। एन व एस व एस व कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शशि कला जी की उपस्थिति में यातायात के नियमों का पालन हेतु कार्यालय यातायात पर पीपीटी के माध्यम से सभी को विसुअल प्रशीक्षण टी एसआई वी प्रेम चंद्र द्वारा दिया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गोमती शर्मा, योगेश यादव, नूर आलम, अलाउदीन, अमरेंद्र चैहान कवि इत्यादि गणमान्यजन उपस्थित रहे।



प्रॉपर्टी कार्ड पाकर खिले लाभार्थियों के चहरे

ललितपुर। शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के लगभग 50 हजार गांवों के 65 लाख से अधिक डिजिटल प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए और योजना के लाभार्थियों से संवाद किया गया, जिसका सजीव प्रसारण मा.कल्याण सिंह सभागार में दिखाया गया, यहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने की। राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर स्वामित्व योजना के 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल घरौनी का वितरण किया, जो लिंक के माध्यम से लाभार्थियों को प्राप्त हुआ, हक मिला, वहीं बैंक से लोन लेकर रोजगार भी शुरू किया, गरीब परिवारों को समृद्धि मिली, स्वरोजगार का साधन मिला और कृषि में आय बढ़ी। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर महिलाओं को सशक्त बनाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का हुए कहा कि स्वामित्व योजना को मात्र घर का दस्तावेज न माने बल्कि इसे अपनी प्रगति का रास्ता बनाएं। हम सबका विकास और सबका विश्वास चाहते हैं। कहा कि पूर्व में अधिकांश लोगों के पास उनकी संपत्ति का मालिकाना हक नहीं था, स्वरोजगार व खुशहाल हुआ। इसके साथ ही आपदा की स्थिति में उचित क्षतिपूर्ति मिलने में आसानी होगी। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देशभर में 65 लाख घरौनियों का वितरण किया है, जिसमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के 45 लाख लाभार्थी हैं, उन सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है, जब लोगों को उनके भूमि विवादों से राहत मिली है, गरीब और कमजोर व्यक्तियों को दबंग कब्जाधारियों से मुक्ति मिली है। यह पहली बार है जब तकनीक का उपयोग कर ड्रोन सर्वे के आधार पर ग्रामीण आवासीय अभिलेख बनाए गए और प्रॉपर्टी कार्ड के रूप में वितरित किए जा रहे हैं। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा आपको अपनी संपत्ति का कानूनी मालिकाना अधिकार दिया जा रहा है, इससे आप रोजगार शुरू कर सकते हैं, बैंक से लोन ले सकते है, इसमें हमारे प्रशासनिक अधिकारियों भी आपकी मदद करेंगे। अब कोई भी दबंग आपकी जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता है, वर्तमान सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान की धारणा पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री जी पूरे देश को अपना परिवार मानकर कार्य कर रहे हैं। सदर विधायक के कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि प्रत्येक व्यक्ति का अपना घर हो, इसी उद्देश्य से उन्होंने स्वामित्व योजना की शुरूआत की। आज घरौनी के माध्यम से परिवार अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण ले सकते हैं। प्रधानमंत्री ने संपत्ति का कानूनी अधिकार तो दिया ही है, साथ ही स्वरोजगार का रास्ता भी खोल दिया है। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने लोगों को स्वामित्व योजना के माध्यम से आत्मसम्मान से जीने का अवसर दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जमीनी विवादों और अवैध कब्जों को समाप्त करने तथा गरीबों को स्वरोजगार से जोड़े? के लिए प्रधानमंत्री ने 2019 में स्वामित्व योजना की शुरूआत की थी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पूर्व में कुल 49717 घरौनियों का वितरण किया जा चुका है, जिसमें तहसील सदर के 12153, तालबेहट के 14132, पाली के 5805, मड़ावरा के 6838 एवं महरौनी के 10789 लाभार्थी शामिल हैं। इसके अलावा वर्तमान में कुल 2175 घरौनियों का वितरण किया जा रहा है, जिसमें तहसील सेरवांसकलां के 120, तरगुवां के 136, बिजरौठा के 304, रामपुर के 105, लड़वारी के 162, तहसील पाली के ग्राम बन्ट के 469 तथा तहसील महरौनी के ग्राम कुम्हैड़ी के 879 लाभार्थी शामिल हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, चन्द्रभूषण प्रताप, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवं भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

- जनपद के 2175 लाभार्थियों को अपनी सम्पति पर मिला मालिकाना हक, पूर्व में 49 हजार 717 घरौनियों का हो चुका है वितरण
- प्रधानमंत्री ने 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को दिया प्रोपर्टी कार्ड, सबसे अधिक 45 लाख लाभार्थी उत्तर प्रदेश से

इनमें सबसे अधिक 45 लाख लाभार्थी उत्तर प्रदेश के थे। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद किया और योजना से मिले लाभों पर विस्तृत चर्चा की। लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीढ़ियों से जिन संपत्ति पर रह रहे थे, उनके कोई दस्तावेज नहीं थे, प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से जमीनी विवाद खत्म हुए हैं और अपनी जमीन और घर पर मालिकाना हक मिला। हमारे जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है, ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी विवादों से काफी हद तक मुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि जहां प्रॉपर्टी कार्ड से घर का मालिकाना दिन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज देश के लाखों लाभार्थी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, यह अपने आप में बहुत बड़ा कार्यक्रम है।

पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरूआत की गई थी ताकि लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी हक मिल सके। बीते 5 साल में लगभग 1.5 करोड़ लोगों को घरौनी वितरित की गई है। आज देश के 50 हजार गांवों में 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को बधाई देते अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए दस्तावेज न होने के कारण बैंक से लोन लेना मुश्किल होता था, इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए सरकार ने सकारात्मक कदम उठाया और स्वामित्व योजना की शुरूआत की। देश के गांव गांव में ड्रोन से मैपिंग कराई गई और लैंड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसका परिणाम है कि आज हर व्यक्ति को उसकी संपत्ति का अधिकार मिला। प्रॉपर्टी राइट मिलने से न्यायालयों में लंबित जमीनी विवादों को खत्म किया गया, अवैध कब्जों से मुक्ति मिली और गरीब असहाय व्यक्तियों का जीवन

संक्षेप

युवक से मारपीट

ललितपुर। तहसील तालबेहट क्षेत्रांर्गत ग्राम खांदी के मजरा करीला निवासी पवन कुशवाहा पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मजरा महेशपुरा में विवाह महोत्सव की वीडियोग्राफी कर रहा था। इसके बाद वह वीडियोग्राफी का रुपया लेने के लिए गांव से निकली नहर की पुलिया पर बैठा हुआ था। तभी खांदी स्टेशन करीला निवासी जीवन व कमल कुशवाहा पुत्रगण बृजनन्दन व महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी सचिन ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये और मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे हरिकिशन पुत्र फूलचंद्र ने बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी गयी। आरोप है कि आपराधिक प्रवृत्ति के उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

सड़क हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र की रहने वाली रचना ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 31 दिसम्बर 2024 को 9 बजे उसका पति नरेन्द्र सिंह अपनी मोटर साइकिल संख्या एम.पी.15 एम.जी. 5515 पर सवार होकर खेत से घर लौट रहा था। बताया कि वह मुहल्ला नई बस्ती तक पहुंचा ही था कि तभी गांव के हरदेव पुत्र हरदास लुहार ने उसे मोटर साइकिल संख्या एम.पी.09 एम.यू. 4319 से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायलावस्था में नरेन्द्र सिंह को उपचार के लिए महरौनी अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान नरेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। पीड़िता ने बताया कि इस घटना को गांव के महिरवान सिंह पुत्र दखल सिंह व रामचरन पुत्र लहुआ बुनकर ने देखा और उसे सूचना दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रास्ते में रोककर मारपीट का आरोप

ललितपुर। सदर चैकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नारायणपुरा निवासी दिनेश पुत्र कालूराम कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत 15 जनवरी की रात करीब 9.30 बजे वह अपने चचेरे भाई आनंद कुशवाहा के साथ चाचा को लेने कोतवाली आ रहा था। आरोप है कि रास्ते में जानकी पुत्र लटोरे व उसके पुत्र अभिषेक व राहुल और भाई राजेश ने घण्टाघर के पास उसे रोक लिया और गालियां देते हुये उसका मोबाइल फोन तोड़ते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसने मौके पर ही राजेश व राहुल को पकड़ लिया, जबकि जानकी व अभिषेक मौके से भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस विभाग में मामूली फेर बदल

बांदा। पुलिस विभाग में मामूली फेरबदल किया गया है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने यातायात निरीक्षक रहे राजेशचंद्र मिश्रा को प्रभारी डायल-112 का प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी सम्मन सेल अनूप कुमार दुबे निरीक्षक यातायात बनाए गये हैं। अखिलेश प्रताप सिंह प्रभारी एएचटीयू को अपराध शाखा, अजीत प्रताप सिंह को चैकी प्रभारी मर्दनगाका कोतवाली नगर से कमासिन थानाध्यक्ष का प्रभार दिया गया

पुलिस ने रेलवे सुरक्षा के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

देवरनियां, बरेली। रेलवे ट्रैक पर बढ़ती घटनाओं को लेकर सजग हुई कोतवाली देवरनियां पुलिस ने कोतवाल के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान देवरनियां रेलवे स्टेशन पर ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।

हाल ही में जिले के एक रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर की गई घटना और रेलवे की सुरक्षा को लेकर कोतवाली देवरनियां के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ रेलवे ट्रैक का जायजा लिया और देवरनियां रेलवे स्टेशन जाकर सुरक्षा को परखा। इस दौरान रेलवे स्टेशन मास्टर से जानकारी ली।

इसके अलावा रेलवे लाइन किनारे गांव के ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए।

राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बांटे स्वामित्व प्रमाण पत्र

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं आयुक्त अजीत कुमार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार की गयी संपत्ति विवरण घरौनी का नयी दिल्ली से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण और घरौनी प्राप्त करने वाले देश के अनेक प्रदेशों के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण किया गया। इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों और गांव के लोगों ने देखा। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में शनिवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण से लोगों को अपने घरों का मालिकाना हक मिलेगा।

उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने का प्रधानमंत्री का सपना घरौनी वितरण कार्यक्रम से साकार होगा। घरौनी वितरण से लोगों की संपत्तियों के विवाद खत्म करने में और इसके जरिए बैंकों से ऋण प्राप्त कर घरों का निर्माण एवं रोजगार करने में सुविधा मिलेगी। उन्होने कहा कि जिस प्रकार खेती के लिए दस्तावेज खतौनी आवश्यक है उसी प्रकार घरों की संपत्ति का भी दस्तावेज तैयार कर घरौनी के रूप में दिया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण अभिलेख है। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों के 10-10 लोगों को मंच से आयुक्त एवं जनप्रतिनिधियों के साथ घरौनी वितरित की। प्रदेश में 4535680 घरौनियों का वितरण किया गया। जबकि जिले में 20 हजार लोगों को घरौनी वितरित की गयीं। आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि घरौनी वितरण अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है इस योजना से लोगों को अनेक लाभ प्राप्त होंगे तथा विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, एमएलसी प्रतिनिधि, अपर आयुक्त प्रशासन राजनारायण द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हेल्थ कैंप में 408 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

बांदा। राजकीय बालिका इंटर कालेज में शनिवार को हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय की 408 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टरों ने किया। स्वास्थ्य कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस एन मिश्रा, फिजीशियन डॉ शिशिर चतुर्वेदी, मनोरोग चिकित्सक डॉ हरदयाल, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी डॉ नरेन्द्र मिश्रा, आप्टोमेट्रिस्ट डॉ जियाउद्दीन, डॉ अनुपम त्रिपाठी सी आर ए ने छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की। अपर राज परियोजना के पत्र 23 दिसंबर 24 के निर्देशों के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर पांच हेल्थ कैंप लगाए जाने हैं। इनमें यह पहला हेल्थ कैंप है। चार हेल्थ कैंपों का आयोजन अगले सप्ताहों में प्रस्तावित है जिसमें पढ़ रहीं सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य निमिशा रंजन, प्रवक्ता सीमा वर्मा, लीना देवी, सुधीति द्विवेदी, सहायक शिक्षिका विनीता धुरिया, साधना, वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार गुप्ता व कालेज स्टॉफ उपस्थित रहा।

मासूम के साथ दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

बांदा। थाना कोतवाली नगर में हैवानियत की हदें पार करने का मामला सामने आया है। शहर के एक मुहल्ला निवासी तीन वर्षीय मासूम को पड़ोसी महिला ने अपने घर बुलाकर बच्ची के साथ दरिंदगी को अंजाम दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने के बाद महिला सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी ने पड़ोसी महिला के सहयोग से अबोध के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण करवाया गया है और उसकी स्थिति सामान्य है। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। इस वीभत्स घटना के बाद लोगों ने दरिंदों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

नवागत डीएम ने संभाला पदभार

बांदा। नवागंतुक जिलाधिकारी ने शनिवार को अपरान्ह कोषागार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डीएम जे0 रीभा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जाएगा साथ ही लोगों की शिकायत का निस्तारण समय पर गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी जे0 रीभा इससे पहले प्रदेश शासन में निदेशक अल्प संख्यक कल्याण के पद पर काम करने के साथ अन्य महत्वपूर्ण पदों में कार्यरत रहीं हैं। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान अपर जिलाधिकारी, वित्त राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा क मजरा रामनगर निवासी दयावती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति भगवत पुत्र भैरों विगत 1 जनवरी की शाम 7 बजे ग्राम विघामहावत के आगे मजदूरी करके घर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 2069 से आ रहा था। बताया कि वह ग्राम रौंडा के पास पहुंचा-वे पर पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 3493 ने उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि 9 जनवरी को उपचार के दौरान ही उसके पति की मौत हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित

महोबा। स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री जी द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके पश्चात जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। घरौनी वितरण कार्यक्रम में जनपद के कुल 4 ग्रामों जिनमें तहसील महोबा के ग्राम पवा, तहसील चरखारी के ग्राम बरदा, लुहारी एवं तहसील कुलपहाड़ के ग्राम रूरी खुर्द में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं नशामुक्त की शपथ दिलाई।

सभासद उस्मान जैदी ने मुख्य मार्ग का निर्माण जल्द कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

नगीना, बिजनौर। पालिका सभासद उस्मान जैदी ने एसडीएम मगिराम चैहान को एक ज्ञापन देकर नगर के मुख्य मार्ग को तेजी से कराए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला अकाबरान निवासी सभासद सय्यद उस्मान जैदी एडवोकेट ने नगीना एसडीएम मगिराम चैहान को बीते दिन ज्ञापन देकर नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण 26 जनवरी से पहले समाप्त कराने की मांग की। उन्होने शिकायती पत्र में कहा कि जल निगम द्वारा नगीना शहर में पानी की पाईप लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है, जो टेन्डर जल निगम ने किसी ठेकेदार को दे रखा है। ठेकेदार पाईप लाईन डालने का कार्य सही प्रकार से नहीं कर पा रहा है। लापरवाह ठेकेदार सड़क को तोड़ देते है और कई महीनो तक सड़क टूटी पड़ी रहती है, जिससे शहर के लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है इस समय हमारे शहर की मुख्य सड़क जो गाँधी जी मूर्ति से लेकर बाजार लुहारी सराय से होते हुए बड़ा मन्दिर की ओर जाती है को तोड़कर पानी की पाईन लाईन बिछा दी गई है, परन्तु अभी तक उक्त लाईन में कोई कनेक्शन नहीं किया गया है तथा न ही सडक की रिपेयरिंग की गई। 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) पर सभी स्कूलों की रेली इसी सड़क से होती हुई निकलती है। नगर के इस मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य गुरुवार से शुरू किया गया है। सभासद सय्यद उस्मान जैदी एडवोकेट ने एसडीएम मगिराम चैहान से नगर के मुख्य मार्ग को 26 जनवरी से पहले पूरा कराए जाने की मांग की है।

निहालपुर श्योंढ़ा पट्टा धारक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देश पर बालू पट्टाधारकों के खनन क्षेत्र की जांच के निर्देश दिए गये थे। इसी के चलते जांच टीम ने तहसील पैलानी की ग्राम मड़ौली खुर्द खादर के गाटा 58, 107, 108, 109, 110, 112 व 114

- मड़ौली खदान पर 50,62,000 रुपये के जुर्माने की नोटिस

की जांच-माप की गयी। यह पट्टा प्रज्ञा विजन बिजनेस ओ पी सी प्राइवेट लिमिटेड निवासी 94 एल्डिको ग्रीन, गोमती नगर लखनऊ निदेशक यदुवंशी विकास सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी सिंहपुर थाना सारनाथ तहसील सदर, जिला वाराणसी के नाम स्वीकृत है। राजस्व विभाग, पुलिस विभाग व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बीती 8 जनवरी को जांच की जिसमें पट्टाधारक के स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर 5624.50 घन मीटर बालू का अवैध खनन, परिवहन मिला। पट्टाधारक के इस कृत्य के लिए 50,62,000 रुपये जुर्माने की नोटिस दी गयी। इसी प्रकार तहसील नरैनी के ग्राम निहालपुर, श्योंढ़ा के गाटा 492, 13 रकबा 59.30 हेक्टेयर यह विनोद शर्मा पुत्र चेतन्य स्वरूप शर्मा सरस्वती लोक मेरठ के नाम स्वीकृत है। यहां संयुक्त जांच टीम ने 18 जनवरी की बीती मध्य रात्रि जांच-माप की। यहां पट्टाधारक ने स्वीकृत खनन क्षेत्र में प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन लगाकर सक्शन पाइप की सहायता से नदी की जलधारा से पानी के साथ बालू खींचकर अपने स्वीकृत क्षेत्र में जमा कर रहा था ताकि बालू का परिवहन किया जा सके। संयुक्त टीम ने लिफ्टर मशीन व सेक्शन पाइप को खुलवाकर थाना गिरवां लाए व थाना परिसर में रखवाया। इस मामले में खनन संचालक पट्टाधारक के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट 18 जनवरी को दर्ज करायी गयी है।

नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संभाला जिले का चार्ज, मीडिया से की मुलाकात

बिजनौर। नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकारों से रूबरू होकर जिले की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर वार्ता की।

नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पत्रकार बंधुओं को अपना परिचय देने के बाद कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मजबूत होगी, तो समाज विकास की ओर अग्रसर होगा। जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर ठोस कार्य किया जाएगा। वहीं, गर्भवती महिलाओं, कुपोषण, बाल विकास आदि के कार्य प्रमुखता के साथ कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वह शासन की योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण संचालन के लिए प्राथमिकता से कार्य करेंगी। उनका मकसद गरीब असहाय पात्रों को योजना का लाभ दिलाना तथा पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकार बंधुओं द्वारा उठाई गई समस्याओं को भी गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ उनका निराकरण करने के लिए भी आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला, डिप्टी कलेक्टर/सूचना अधिकारी आशुतोष जैसवाल सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को लेकर किसान मजदूर संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने गन्ना मूल्य 450 पये प्रति कुंतल घोषित किए जाने व खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आवारा पशुओं तथा आतंक का पर्याय बने गुलदारों को पकड़ने के लिए चांदपुर एसडीएम को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। चांदपुर तहसील अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बिट्टू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा एसडीएम चांदपुर को 6 सूत्रीय माग पत्र दिया। मांग पत्र में वाहनों पर फाइनेंस करने वालों द्वारा वाहन स्वामियों के साथ अभद्रता किये जाने पर रोष जताया गया, हाइकोर्ट के आदेश है जब तक किसानों को ब्याज सहित गन्ने का भुगतान न हो जाए, तब तक किसी भी किसान का विद्युत कनेक्शन व आरसी न काटी जावे, जर्जर हो चुके चांदपुर हस्तिनापुर मार्ग का निर्माण शीघ्र से शीघ्र कराये जाने, तहसील परिसर में तीसरी मंजिल पर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय को भूतल पर लाये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष नरेश लाम्बा, तहसील अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बिट्टू, ब्रजपाल सिंह, अजीत सिंह, सूरज कश्यप, मोहित कुमार, लाखन सिंह, लोकेन्द्र यादव, मुस्तकीम राजपूत, हिमांशु सहरावत, अनीस अहमद, यशपाल सिंह, सरदार सिंह, दिलशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

गन्ना समिति बोर्ड की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

बहेड़ी, बरेली। गन्ना समिति परिसर में आयोजित बोर्ड की बैठक में उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने किसानो की गन्ने की ट्रालियां गन्ना विभाग व चीनी मिल द्वारा रोके जाने का विरोध किया। इसको लेकर बैठक में जमकर हंगामा हुआ। एक निदेशक ने गन्ना विकास समिति व गन्ना विकास विभाग के बैंक खातों में काटे गए कमिशन का पैसा गन्ना मूल्य भुगतान में दिए जाने का मुद्दा उठाया। गन्ना समिति बोर्ड की बैठक में बीते दिनों मंडनपुर के किसान अंकुर चौधरी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे को लेकर नाराजगी जाहिर की गई।

उन्होंने कहा 14 दिन के अंदर चीनी मिल को गन्ने का भुगतान करना होता है लेकिन यहां चीनी मिल लम्बे अरसे से भुगतान को रोकने की एक परिपाटी चला रही है।

चालू पेराई सत्र का भी मोटा भुगतान खड़ा हो गया है।

घर में घुसकर अभद्रता करने वाले पुलिस कर्मियों की एएसपी से शिकायत

बिजनौर। पुलिस उत्पीड़न के विरोध में दर्जनों लोगों ने अपर पुलिस अधीक्षक धामपुर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे लोगो ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर रात्रि में जबरन घर में घुस कर जाति सूचक न शब्दों का प्रयोग करने वाले पुलिस कर्मियों पर कारवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट के मोहल्ला सामना सराय निवासी गीत देवी पत्नी अरविंद कुमार ने परिजनों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय धामपुर पहुंचकर शेरकोट पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे लोगो का आरोप है कि बीती 16 जनवरी की रात्रि कुछ लोगों ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। जब उसने दरवाजा खोलकर देखा तो चार पुलिसकर्मी दरवाजे पर खड़े थे। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही चारों पुलिस कर्मी जबरन घर में घुस गए। पुलिस कर्मियों ने घर में घुसते ही उसके पति की गिरफ्तारी को तलाशी अभियान शुरू कर दिया। घटना के दिन उसका पति रिश्तेदारी में एक मौत में गया हुआ था। महिला के लाख बताने के पर भी पुलिसकर्मी गाली गलौज व अभद्रता पर उतर आये। पुलिस कर्मियों ने उसे जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। शिकायतकताओं ने एएसपी धर्म सिंह मार्छाल से मुलाकात कर आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उधर एएसपी धर्म सिंह मार्छाल का कहना है शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच में आरोप सही पाये जाने पर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

संक्षेप

किशोर के अपहरण पर केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोर के अपहरण पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खण्डवा निवासी अजय यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह जनवरी को दिन मे डेढ बजे उसका भतीजा आयुष 13 घर से बाजार गया था। आयुष के घर न लौटने पर परिजन परेशान हो उठे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात किशोर के अपहरण को लेकर केस दर्ज किया है।

आरोपी भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के वांछित आरोपी को शनिवार को उदयपुर पुलिस ने धर दबोचा। उदयपुर के दरोगा सचिन कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के चौहान का पुरवा के समीप एक पोल्ट्री फार्म के बगल झोपड़ी में संदिग्ध पुलिस को देखकर एक झोपड़ी के अंदर भागने लगा। पुलिस ने उसे झोपड़ी से हिरासत मे ले लिया। पकडे गये आरोपी पूरे वंशा कुम्भीआइमा निवासी रामसरन यादव के पुत्र राजकुमार को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया। गांव के अधिवक्ता रामछबीले यादव पर जानलेवा हमले को लेकर आरोपी हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस में वांछित बताया गया।

दिव्यांग शौचालय निर्माण में मनमानी

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित स्कूलों में बनाएं गए दिव्यांग शौचालय निर्माण में जमकर मनमानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के कई ऐसे स्कूलों में दिव्यांग शौचालय बनवाकर सरकारी पैसा निकाल लिया गया हैं, जहाँ एक भी दिव्यांग बच्चे नामांकित नही हैं। इसलिए ऐसे स्कूलों में बने आधे-अधूरे दिव्यांग शौचालय धूल फांक रहें हैं, जबकि सप्लायर और जिम्मेदार अधिकारी मालामाल हो रहें हैं। ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों को लेकर ग्राम पंचायत के सप्लायर ही तय करते हैं कि गाँव में कौन सा कार्य किया जायेगा, क्योंकि सप्लायरों को जिस कार्य में अधिक मुनाफा मिलती हैं उस कार्य को कराए जाते हैं। उसी तर्ज पर विगत वर्षों से हर एक परिषद की विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय बनवाने का खेल चल रहा जबकि उक्त विद्यालय में आवश्यकता वाले बच्चे भी नही हैं फिर भी दिव्यांग शौचालय बनवा कर सरकारी धन का बंदरबाँट कर लिया गया हैं। ग्रामीणों ने दुद्धी ब्लॉक के स्कूलों में बने दिव्यांग शौचालय के जाँच की मांग की हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए एडीओ पंचायत के सेलफोन नंबर पर सम्पर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नही करने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका।

789 पंजीकृत बच्चों में 226 परीक्षार्थियों ने छोड़ी प्रवेश परीक्षा

दुद्धी। स्थानीय कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज में शनिवार को नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा सम्पन्न हुईं कड़ी सुरक्षा व्यस्था के बीच संपन्न हुई परीक्षा में 789 बच्चें पंजीकृत थे जिसमें 226 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी एबीएसए महेंद्र मौर्या ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशानिर्देश दिऐ राजकीय बालिका इंटर कालेज में कुल 381 बच्चे पंजीकृत थे जिसमें 112 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी वहीं राजकीय इंटर कालेज में 408 पंजीकृत बच्चों में 112 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी।

विकास का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनेगा लालगंज : प्रमोद तिवारी

विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी ने नगर विकास से जुड़ी करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौंपी सौगात, खिले चेहरे

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को लालगंज टाउन एरिया को करोड़ों की विकास परियोजनाओ की एकमुश्त सौगात सौंपी। विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में दो करोड़ छियासी लाख इक्यावन हजार की लागत से नवनिर्मित पक्की सड़कों, पक्की नाली, इण्टरलाकिंग परियोजना का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। वहीं विधायक मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर वार्ड एवं पूरे हरिकिशुन वार्ड में स्वीकृत साठ लाख इक्यान्वे हजार की लागत से तालाब के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण एवं गौतमपुर वार्ड में सीसी नाले का निर्माण तथा खालसा सादात में प्राथमिक विद्यालय की चहरदीवारी व गेट तथा दीवानी वार्ड के प्राथमिक विद्यालय चंदापुर में चहरदीवारी व दिव्यांग शौचालय तथा विभिन्न वार्डो में सीसी रोड तथा नाली परियोजना के मद में स्वीकृत एक करोड़ बासठ लाख सैतीस हजार रुपए लागत की नगरीय विकास परियोजनाओं का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आधारशिला रखी। लालगंज नगर के घुइसरनाथ रोड पर पाण्डेय का पुरवा वार्ड मे जनसभा स्थल पर एकमुश्त लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम को देख यहां बड़ी संख्या में मौजूद व्यापारियों तथा नगरवासियों के चेहरे खिल उठे दिखे। जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि वह विधायक मोना के प्रयास से लालगंज टाउन एरिया को प्रशासनिक तथा ढ़ांचागत विकास के क्षेत्र में जिलास्तरीय हर जरूरी सुविधाओं से सुसज्जित बनाएंगे। उन्होने कहा कि पौराणिक धाम बाबा घुइसरनाथ के धार्मिक पर्यटन स्थलों के लिए लालगंज बहुमुखी विकास का मजबूत हब दिखेगा। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि लालगंज को शहरी जन सुविधाओ तथा बुनियादी विकास की चमक दी जाएगी। उन्होने कहा कि रामपुरखास प्रदेश में विकास का आदर्श है।

विधायक मोना ने कहा कि लालगंज टाउनएरिया को भी प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ नगरीय विकास का आदर्श स्वरूप यहां वृहद तथा दूरगामी विकास का अनुकरणीय मॉडल होगा। अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने सौहार्द और विकास के वातावरण की मजबूती में लोगों से सहयोग मांगा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने स्वागत भाषण में विधायक मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी के नगर के विकास में सौगातों के प्रति आभार जताया। ईओ अभय रंजन ने परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्णता दिये जाने का लोगों को भरोसा दिलाया। जनसभा का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह में चेयरपर्सन अनीता की अगुवाई में सभासदों ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना का इन विकास परियोजनाओं की सौगात को लेकर सारस्वत सम्मान किया। लोकनायक परशुराम क्रोधी के विकास गीतों से जनसभा की समां बंधी दिखी। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने धधुआ गाजन में समाजसेवी रमापति दुबे व मिश्राइनपुर में शिक्षाविद चंद्रमौलि पाण्डेय के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। लालगंज बाजार खास में समाजसेवी गौरीशंकर पाण्डेय के यहां राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना मांगलिक समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, धमार्चार्य विनय शुक्ल, विकास मिश्र, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्र, ब्रजेश द्विवेदी, राहुल मिश्र, पवन शुक्ला, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, मो. मोकीम, शेरू खां, दारा सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डॉ. ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, अनुराग पाण्डेय, सत्यम यादव, इरफान खान, दयाराम वर्मा, जितेन्द्र कनौजिया, डॉ. अंजनी अमोघ, हरिशंकर सरोज, राममिलन वर्मा, निजाम खान, अनिल त्रिपाठी महेश, इं. रमेश शुक्ल, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, पूर्व प्रमुख दादन सिंह, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी, पारसनाथ मौर्य, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, इं. अतुल शुक्ला, त्रिभु तिवारी, दिनेश सिंह, गीता सिंह, मीना गौतम, सदाशिव यादव, हृदय नारायण मिश्र, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, प्राशिसं के अध्यक्ष संतोष मिश्र, जगदीश तिवारी बबलू, पप्पू सिंह, पण्डित दुबे, सोनू सिंह आदि रहे।

लालगंज को लेकर इशारे ही इशारे में प्रमोद ने कह दी बड़ी बात, गूंजी तालियां

प्रतापगढ़। शनिवार को टाउन एरिया में विकास परियोजनाओं की सौगात सौंपने आये राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने इशारे ही इशारे में लालगंज के विकास को लेकर बड़ी बात कह दी....। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज में जिलास्तरीय सभी सुविधाएं मुहैया कराने का उनका आने वाले भविष्य के लिए एक बड़ा मकसद है। सांसद पिता प्रमोद तिवारी के मंतव्य पर मंच पर मौजूद विधायक आराधना मिश्रा मोना भी खुशनुमा अंदाज में मुस्कुराती दिखीं। वहीं सभा में मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट भी प्रमोद तिवारी के इशारे की गर्मजोशी में दिखीं। वहीं सौगातों की झड़ी से खुश टाउन एरिया में विधायक मोना व सांसद प्रमोद तिवारी का शनिवार को कदम कदम पर जोरदार स्वागत भी लोगों की गर्मजोशी बयां करता दिखा। महिमापुर मोड़ से लेकर खालसा चौराहा, छोटी नहर तथा जनसभा स्थल पर लोगों ने मोना व प्रमोद तिवारी पर पुष्पवर्षा कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम स्थल से लेकर लालगंज घुइसरनाथ मार्ग होर्डिंग्स व बैनर तथा स्वागत द्वारों से भव्य सजावट में भी देखा गया।

लूट की घटना का अनावरण, तीन लुटेरे गिरफ्तार

बलरामपुर। विकास कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. जुगुल किशोर श्रीवास्तव निवासी ग्राम राजघाट ककरा थाना कोतवाली नगर जनपद-बलरामपुर द्वारा थाना को.नगर में लिखित सूचना दी गयी कि 13 जनवरी को वादी अपने बहनोई के यहां से बाइक से अपनी पत्नी के साथ अपने घर लौट रहा था कि मोहम्मदपुर फत्तेजोत मोड़ के पास रात्रि 20.00 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति एक बाइक से आकर वादी को रोक लिए और चाकू दिखाकर वादी का मोबाइल तथा वादी की पत्नी का मंगलसूत्र, पर्स व अन्य जेवर लूट की घटना कारित की गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गयी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0 नगर अन्तर्गत हुई लूट की घटना के अनावरण हेतु टीमें गठित कर दिए गए सख्त आवश्यक दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी थाना को. नगर शैलेश सिंह के नेतृत्व मे थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मुअसं आर्म्स एक्ट में प्रकाश में आये अभियुक्त सगुन सिंह उर्फ प्रियांशू प्रताप सिंह पुत्र स्व. कमलेश प्रताप सिंह निवासी मो. धर्मपुर विशुनीपुर थाना को.नगर . सूरज कनौजिया पुत्र बुधई राम निवासी ग्राम गैजहवा थाना को. सनोज यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी मो. बड़ा धुसाह थाना कोतवाली देहात को नहरबालागंज मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर नहरबालागंज बंधा मार्ग पर स्थित खंडहर कमरे के पास नाले मे रखे 2 अँगूठी व 1 मंगल सूत्र पीली धातु व 80 रुपये नेपाली व एक चाकू बरामद हुआ बरामद कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि साहब हम लोग सूनसान जगह पर रैकी कर आने जाने वाले व्यक्तियों से लूट करते है । 13 जनवरी को भी हम लोगो नें मिलकर नहरबालागंज के पास लूटपाट किया था। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः सगुन सिंह उर्फ प्रियांशू प्रताप सिंह पुत्र स्वङ कमलेश प्रताप सिंह निवासी मो0 धर्मपुर विशुनीपुर थाना को0नगर उम्र करीब 22 वर्ष, सूरज कनौजिया पुत्र बुधई राम निवासी ग्राम गैजहवा थाना को. देहात उम्र करीब 22 वर्ष, सनोज यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी मो. बड़ा धुसाह थाना को. देहात उम्र करीब 22 वर्ष है।

एक-एक कार्यकर्ता जनता के द्वार

सोनभद्र। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भाजपा द्वारा मनाया जा रहा है संविधान गौरव अभियान में शनिवार को संत कीनाराम महाविद्यालय में छात्रों के साथ आंबेडकर और भारतीय संविधान के बारे में संवाद किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र व भाजपा के जिला महामंत्री कार्यक्रम संयोजक कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर ने देश के विकास में अमूल्य योगदान प्रदान किया, तत्कालीन समय में दबे कुचले समाज के मसीहा बनकर उनके उत्तरोत्तर विकास को बढ़ाया और देश में समता मूलक समाज की स्थापना के लिए कार्य किया देश के प्रत्येक नागरिक के लिए शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के लिए लगातार प्रयास किया आज उनके विचारों को भाजपा की सरकार देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं समाज में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ काम हो रहा है

● भाजपा का जनसंपर्क अभियान

अभी पिछले लोकसभा के चुनाव में विपक्षी पार्टियों ने लगातार संविधान खतरे में है बता कर लोगों दिग्भ्रमित किया जबकि उनके द्वारा लगातार संविधान में संसोधन करते हुए बाबा साहब को अपमानित करने का कार्य किया गया लोकसभा के चुनाव में जब बाबा साहब चुनाव लड़ रहे थे उनको हराने का भी प्रयास किया गया।

श्री गुप्ता ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के भाजपा सरकार ने बाबा साहब के देश के लिए दिये गए योगदान पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए उनसे जुड़ी पाँच स्थानों को पंच तीर्थ के रुप मे विकसित किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश का महू जहाँ बाबा साहेब के जन्म हुआ ,उनके जन्म स्थली के रूप में विकसित की जा रही है। दूसरी दीक्षा भूमि नागपुर, तीसरी मुम्बई का इंदुमिल, चौथा लंदन का वह घर जहाँ बाबा साहेब रह कर वकालत की शिक्षा ली उसे भारत सरकार खरीद कर विकसित कर रही है और पांचवाँ दिल्ली के हलीपुर में वो घर जहाँ बाबा साहेब ने अंतिम सांस ली, उस स्थान को भारत सरकार संविधान निर्माता के स्मृति के रूप में विकसित कर रही है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। कार्यक्रम में प्राचार्य गोपाल सिंह कार्यक्रम सह संयोजक युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रजनीश रघुवंशी, जिला मंत्री उत्कर्ष पांडेय, शिवम राजपूत विनीत त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस परेड में एनएसएस शिविरार्थी के चयनित होने पर जतायी गयी खुशी

प्रतापगढ़। गणतंत्र दिवस परेड में स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के शिविरार्थी को विशिष्ट स्वयंसेवक के रूप में चयनित होने पर शनिवार को महाविद्यालय में खुशी का माहौल दिखा। जानकारी मिलने पर प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने शिविरार्थी का मुंह मीठा कराकर हौंसला आफजाई की। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र में गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड में महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी बीए तृतीय वर्ष के छात्र आदर्श पाण्डेय का चयन हुआ है। एनएसएस में उत्कृष्ट कार्य को लेकर शिविरार्थी के चयन पर महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्र छात्राओं में खुशी देखी गयी। गणतन्त्र दिवस की परेड समारोह में एनएसएस स्वयंसेवकों में यूपी के प्रयागराज, उन्नाव, मथुरा, बरेली, कानपुर, गोरखपुर के शिविरार्थियों के साथ प्रतापगढ़ के लालगंज के शिविरार्थी आदर्श का चयन हुआ है। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण कहा है। वहीं एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र व डॉ. सीमा त्रिपाठी तथा चयनित शिविरार्थी आदर्श पाण्डेय को भी उपलब्धि के लिए सराहा गया।

पशु तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार, 20 गोवंश बरामद

● तमंचे के साथ धरे गये आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज पुलिस को बडी कामयाबी मिली है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने बीस गोवंश के साथ तीन अर्न्तजनपदीय पशु तस्करी के आरोपियों को तमंचे तथा कारतूस के साथ धर दबोचा। पुलिस ने गोवंश को ले जा रहे ट्रक को भी कब्जे मे लेकर सीज कर दिया। कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार व दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ शनिवार की भोर गशत पर निकले थे। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव को सूचना मिली कि पशु तस्कर एक ट्रक में कुछ गोवंश वध हेतु गैरप्रान्त ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम मे शामिल दरोगा विवेक कुमार व दरोगा कबीरदास भारी फोर्स के साथ रानीगंज कैथौला चौकी के अगई के चंदना बाग में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर गोवंश लदे ट्रक के साथ तीन आरोपियों को दबोच लिया। वहीं भोर में अंधेरे का लाभ उठाते पांच बदमाश भाग भी निकले। पकड़े गये आरोपी अगई गांव के अहिरन का पुरवा निवासी राजाराम यादव के पुत्र दुर्गेश के पास से पुलिस ने एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया। वही इसी गांव के बैजनाथ यादव के पुत्र रामअवध तथा उदयभान के पुत्र संजय यादव को भी पुलिस ने दबोच लिया। ट्रक से बीस गोवंश बरामद करने में भी पुलिस को सफलता मिली। ट्रक में पशु तस्करों द्वारा बेरहमी से बांधे गये गोवंशों को देख पुलिस भी हतप्रभ रह गयी। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की। आरोपियो ने बताया कि इन गोवंशो को गैरप्रान्त वध के लिए भेजे जाने की वह तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारक अधिनियम के साथ आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज किया है। आरोपियों को शनिवार को दोपहर बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस की सफलता पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने कोतवाली पुलिस की सराहना की है। वहीं सीओ रामसूरत सोनकर ने प्रभारी निरीक्षक समेत टीम मे शामिल पुलिसकर्मियों को साहसिक सफलता के लिए एसपी से ईनाम की संस्तुति की है। टीम में प्रधान आरक्षी जाहिद हुसैन, आरक्षी सुमित शर्मा व आरक्षी यतेन्द्र चौधरी व आरक्षी नीतीश यादव की भी अफसरों ने पीठ थपथपाई है।

आरोपी के खिलाफ मारपीट और धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी निवासी लालता प्रसाद पुत्र रामलाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि 17 जनवरी को दिन में तीन बजे गांव के चांद खान पुत्र हमीद ने उसके बेटे अजय को गाली देते हुए रंजिशन मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी चांद के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

टीकाकरण सत्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। शनिवार को सीएमओ बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम रमवापुर पंचायत भवन में आयोजित छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम् पोषण दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएनएम प्रियंका राय टीकाकरण करते हुए उपस्थित रहीं। निरीक्षण के समय तक एएनएम द्वारा कुल दस बच्चों , चार किशोर किशोरी , तीन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था। सीएमओ ने एएनएम प्रियंका राय को निर्देशित किया कि सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। सीएमओ ने 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के संबंध में भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित स्टाफ को दिया। निरीक्षण के समय बीसीपीएम अमरेंद्र सिंह , श्याम मिश्रा , डॉ सौम्या, आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभायात्रा

प्रतापगढ़। नगर के जगदीश मैरेज हाल में शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आरम्भ हुई। कथा से पूर्व वेदी पूजन के बाद गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा संगम चौराहा होते हुए बड़े हनुमान मंदिर, हरिहरम मंदिर पहुंची। यहां दर्शन पूजन के बाद वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। मुख्य यजमान विमला जगदीश द्विवेदी एवं निर्मला देवी दयाल द्विवेदी ने भगवान् भागवत का पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन से पूजन किया। कथा व्यास भागवताचार्य जगदीप तिवारी ने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से समस्त संताप नष्ट हो जाते हैं। बाल आचार्य अविरल शुक्ल ने भागवत कथा का महात्म्य बताया। कलश यात्रा में राम समुझ मिश्र अकेला, ओम प्रकाश तिवारी झुन्ना, मुकेश द्विवेदी, सुमित त्रिपाठी वत्सल, संतोष मिश्र, राजकुमार बरनवाल, अनंत शुक्ल, संदीप तिवारी, नीतेश द्विवेदी, सौम्य तिवारी, नितेश सिंह, हरिओम मिश्र, अर्चना, मीना, कंचन, अभिषेक द्विवेदी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

राम बल यादव में खेल प्रतियोगिता संपन्न

बलरामपुर। रामबल यादव इंटर कॉलेज में त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का तीसरा व अंतिम दिन रहा जिसमें प्रत्येक खेल में प्रतियोगियों ने अपना पूरा दमखम लगाया जिसमें रामबल यादव इंटर कॉलेज के साथ- साथ अन्य विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं मंडल स्तरीय, जिला स्तरीय खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग

किया अंतिम दिन में आयोजित खेल कैरम बोर्ड बालक वर्ग में पीयूष सिंह और बालिकाओं में मुस्कान कुशवाहा तथा शतरंज में बालिकाओं में अलिमुन्निशा और बालक में चंदन वर्मा बैडमिंटन खेल में बालकों में सुनील वर्मा ने और खो-खो खेल प्रतियोगिता में प्रस्तुति सिंह (कप्तान) की टीम ने बाजी मारी खो-खो खेल प्रतियोगिता के साथ ही प्रबंधक राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में इस भव्य खेल प्रतियोगिता का समापन कराया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री धर्मेंद्र कुमार वर्मा तथा सहायक अध्यापक गण राम झिनकान यादव,ताज मोहम्मद, अंकुश यादव,विनय कुमार यादव,उमेश कुमार वर्मा, चंदन जायसवाल, रामप्रताप वर्मा, रमाकांत पांडे, रामबचन यादव, जुबेर अहमद अताउल मुस्तफा, संजय प्रजापति, बाबूलाल वर्मा, दयाशंकर, सचिन गुप्ता, सुधा यादव, रागनी वर्मा, पूनम मौर्या, मनीषा वर्मा, सोनी मौर्य, नंदनी यादव, रीपा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

409 लोगों को बांटे गये घरौनी प्रमाण पत्र

दुद्धी। स्थानीय तहसील सभागर में शुक्रवार को स्वामित्व योजना के तहत लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किये गए ,इस दौरान कुल 12 लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किये गएइसके साथ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुल 22 ग्राम पंचायतों में कुल 409 घरौनी प्रमाण पत्रों का वितरण कियो

कार्यक्रम की शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसी एसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार , विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष कमलेश मोहन व श्रवण गोंड ने संयुक्त रूप से वीणावादिनी माँ सरवस्ती के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित कर कियो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीएसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने कहा कि सरकार ड्रोन कैमरे के तहत सर्वे कराकर ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र दे रही है ,यह घरौनी प्रमाण पत्र आपके मालिकाना हक का प्रमाण होगो उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों के लिए विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है केंद्र व प्रदेश की सरकार ने सोनभद्र में जितना काम किया है उसमें सबसे ज्यादा दुद्धी तहसील में हुआ है

इसके लिए मैं यहां के अधिकारियों को बधाई देता हूँ यहां भूमिहीनों को वनाधिकार के तहत भूमि के पट्टे भी दिए जा रहे है और उन्हें खतौनी भी दिया जा रहा हैकिसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सम्मान निधि भी नियमित दिया जा रहा है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के माँ बहनों को पूर्व के सरकारों से बेहतर सुरक्षा प्रदान की हैहमारी सरकार सबका साथ सबके विकास के तर्ज पर कार्य कर रही है विशिष्ट अतिथि श्रवण गोंड ने कहा कि लोगों को रहने का स्वामित्व होना चाहिए इसके तहत सर्वे कराकर जो जहां रह रहा है उसके नाम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण किया जा रहा है ,इससे यह लाभ होगा कि इससे बैंकों से ऋण लेने में सहूलियत मिलेगी पूरे इस तहसील में 306 गांवों के 2733 लोगो को घरौनी प्रमाण पत्र मिल चुका है और आज के कार्यक्रम के तहत तहसील क्षेत्र के 22 गांवों में 409 लोगों को वितरण किया जा रहा है आज सरकार की प्रतिनिधि के रूप में हमारी मौजूदगी में वितरण किया जा रहा है ,इस स्वामित्व प्रमाण पत्र को संभाल के रखिये जिससे यह जरूरत पर काम आये कार्यक्रम का समापन करते हुए उपजिलाधिकारी निखिल यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना प्रधानमंत्री जी की कल्पना थी कि जिनके पास रहने की भूमि नही है उन्हें भूमि दी जाए और उसका अधिकार भी दिया जाऐ विवादों को खत्म करने के लिए स्वामित्व योजना लाया गया है आपके पास घरौनी का कार्ड रहेगा तो आपको लोन लेने में सहूलियत रहेगीइसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को आभार प्रकट किया।

आव्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारम्भ

बलरामपुर। जनपद वाशिदों के मरीजों के लिए डॉ अरुण कुमार एक संजीवनी के रूप में नए अवतार में अवतरित हुए है। अब गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों को सुलभ उपचार सुविधा के लिए अन्य हॉस्पिटलों का न तो गणेश परिक्रमा करना पड़ेगा और न ही लखनऊ भाग दौड़। अब आव्या हॉस्पिटल में एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल जाएगी। डॉ अरुण कुमार कई वर्षो से जिला चिकिसालय में जनरल सर्जन की सफल सेवाएं देकर हर दिल आजीज रहें है। डॉ कुमार सरकारी सेवा को अलविदा कर अपना नया नर्सिंग होम का संचालक शुरू कर दिया है। गत शुक्रवार को सर्जन डॉ अरुण कुमार ने आव्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य सुभारम्भ किया । मुख्य अतिथि बीजेपी सदर विधायक पलटू राम ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला भी मौजूद रहे। दूर दराज से काफी लोगो के पुरा दिन आने जाने का सिलसिला अनवरत जारी रहा। डॉ कुमार नें बताया कि आव्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सभी तरह का जाँच , मेडिकल से जुड़ा सभी सुविधा उपलब्ध हैं। बधाई देने वालो की भारी भीड़ रही। जिससे क्षेत्र के सभी लोगो में भारी उत्साह दिखाई दिया। सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

लापता छात्रा का जंगल में मिला कंकाल

अयोध्या। जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शिवतर गांव के पास स्थित जंगल झाड़ी में शनिवार सुबह मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। मौके से मिले चप्पल व कपड़ों से उसकी पहचान हुई। मृतका कक्षा 11 की छात्रा थी, वह ढाई माह पूर्व लापता हो गई थी। मां ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सूचना पर एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी, सीओ बीकापुर पियुष ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। शिवतर निवासी आसमीन पुत्री मोहम्मद इदरीश क्षेत्र के कोछा बाजार में संचालित एक निजी विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा थी। वह 28 अक्टूबर 2024 की शाम गांव से लापता हो गई थी। दूसरे दिन उसकी मां किस्मतउल निशा ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस पिछले ढाई महीने से उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार सुबह तालाब के पास नित्य क्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने जंगल झाड़ी के बीच में एक मानव कंकाल देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर लापता छात्रा के परिवारीजन मौके पर पहुंचे तो वहां मिले कपड़े व चप्पल से उसकी पहचान आसमीन के रूप में की। उन्होंने हत्या की आशंका जताई।

घरौनी वितरण कार्य का प्रधानमंत्री ने किया डिजिटल शुभारंभ

बहराइच । स्वामित्व योजना अन्तर्गत देश के 10 राज्यों व 02 केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख स्वामित्व सम्पत्ति कार्ड (घरौनी) के वितरण कार्यक्रम का देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा डिजिटल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जबकि उत्तर प्रदेश के मा.

● प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लोकभवन से डिजिटल घरौनी वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए अति महत्वपूर्ण योजना के लिए मा. प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए पात्र व्यक्तियों को घरौनी का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि देश के मा. प्रधानमंत्री ने डिजिटल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद कर योजना के बारे में फीड बैक भी प्राप्त किया।

घरौनी के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का

मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी महेन्द्र पॉल सिंह व अन्य अधिकारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के साथ मा. प्रधानमंत्री जी व मा. मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन को सुना।

उल्लेखनीय है कि जनपद के तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में मा. जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा घरौनी का वितरण किया गया। तहसील महसी में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मिहींपुरवा में ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा, तहसील कैसरगंज में गौरव वर्मा, तहसील सदर में नगर पालिका अध्यक्ष बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल की गरिमामयी मौजूदगी में लाभार्थियों को स्वामित्व योजना अन्तर्गत घरौनी अभिलेखों का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने अन्य वक्ताओं के साथ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को अमलीजामा पहनाये जाने हेतु 24 अप्रैल 2020 से प्रारम्भ देशव्यापी घरौनी कार्यक्रम के अन्तर्गत नवीन ड्रोन प्रोद्यौगिकी का प्रयोग कर ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व सम्बन्धित अभिलेखों को तैयार किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों हेतु घरौनी एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। इसके द्वारा किसी भी नागरिक को शासकीय योजनाओं अन्तर्गत ऋण के साथ अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आप अपना व्यवसाय कर आय में वृद्धि कर सकते है।

उन्होंने बताया कि घरौनी अभिलेख का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे सम्पत्ति सम्बन्धी विवादों पर विराम लगने से ग्रामवासियों के अमूल्य धन एवं समय की बचत होगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यअतिथि श्री गोंड ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम आवास योजना की चाबी एवं मनरेगा श्रमिक प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना, मत्स्य पालन पट्टा का प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं पार्टी पदाधिकारी नन्हे लाल लोधी, डिम्पल जैन, हेमा निगम, धीरेन्द्र मोहन आर्या, देवेन्द्र मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व संभ्रांतजन तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

बगैर हेलमेट वाहन चलाते मिले छात्र पीटीओ ने 27 वाहनों के किये चालान

बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत रोड़ सेफ्टी नियमो को लेकर परिवहन विभाग का लगातार विशेष अभियान जारी है। इस दौरान बकाया टैक्स, फिटनेस, ओवरलोड़, माडिफाइट सिलेन्सर, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के चलने वाले 27 वाहनो के चालान काटे गये। आज शनिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने संघन चेकिंग अभियान के दौरान 2 स्कूली वाहन के परमिट, स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र को जांचा। तथा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के दर्जनो वाहनो के चालान किये। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, ओवरलोड़ समेत बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के चलने वाले 27 वाहनो के चालान किये। इस दौरान पीटीओ श्री त्यागी ने विद्यालय के बाहर बिना हेलमेट के गुजरने वाले बाइक सवार छात्रो को रोककर ह्यहेलमेट कितना जरुरी हैह्न के विषय पर जागरुक किया।

पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए समय-सारिणी निर्धारित

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु शासन द्वारा तृतीय चरण की समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। सुश्री भारद्वाज ने बताया कि शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार की कार्यवाही 20 जनवरी, विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी फीस आदि के सत्यापन 22 जनवरी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा मास्टर डाटा तथा फीस का सत्यापन 25 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। शासन द्वारा निर्गत समय-सारणी के अनुसार छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 30 जनवरी, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति द्वारा सत्यापनोपरान्त 18 फरवरी 2025 को डाटा लॉक कर दिया जायेगा।

मिल्कीपुर उपचुनावः जांच में 10 प्रत्याशियों के पर्चे वैध, 04 के नामांकन खारिज

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 में जहां प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में रांत दिन एक कर दिया है वहीं निर्वाचन प्रशासन भी प्रत्याशियों के नामों और चुनाव चिन्ह आवंटन को अंतिम रूप दे दिया है। 17 जनवरी 2025 को नामांकन तिथि समाप्त होने के बाद 18 जनवरी को नामांकन प्रपत्रों की जांच पूरी हो गई। 04 निर्दल प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों में खामियां मिलने से खारिज कर दिया गया है। कुल 14 नामांकन हुए थे जिसके बाद 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। 20 जनवरी को नामांकन वापसी के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा।जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शनिवार को बताया कि रिर्टनिंग आफिसर/उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने अद्यतन सूचना दी है। अवगत कराया है कि उप निर्वाचन 2025 के अन्तर्गत 273-मिल्कीपुर (अजा) विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम के अनुसार 18 जनवरी 2025 को नाम निदेर्शों की जांच में कुल 14 प्रत्याशियों द्वारा 22 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। जांच के बाद 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जिसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अजीत प्रसाद व चन्द्रभानु पासवान, रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दल (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य राजनीतिक दलों से भिन्न) के प्रत्याशी राम नरेश चैधरी, सुनीता, संतोष कुमार व अन्य प्रत्याशी अरविन्द कुमार, कंचनलता, भोलानाथ, वेद प्रकाश, संजय पासी का नामांकन पत्र वैध पाया गया। 20 जनवरी 2025 को नाम वापसी के पश्चात प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा।

ग्रामीणों को मिलने लगे अब उनके स्वामित्व प्रमाण पत्र

सोहावल-अयोध्या । सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर राजस्व विभाग ने अब तक 101 गांव से जुड़े 5804 परिवारों को इनकी घरौनी सौंप दी है। शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित एक वितरण कार्यक्रम में विधायक डा. अमित सिंह चैहान के हाथों पांच गांव के 76 परिवारों को यह प्रमाण पत्र दिया गया। 159 राजस्व गांव वाले तहसील के ब्लाक सोहावल से जुड़े 56 ग्राम पंचायतों में लगभग पूरी हो चुकी घरौनी निर्माण प्रक्रिया के बाद अब वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पहला कार्यक्रम तहसील मुख्यालय पर किया गया था। दूसरा कैंप आज ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित किया गया। जहां क्षेत्रीय विधायक डाक्टर अमित सिंह चैहान ने धन्नीपुर, मंगलसी, अर्थर,गोपीनाथपुर, मोइयाकपुर से जुड़े 76 लोगों को इनकी घरौनी प्रमाण पत्र सौंपा।

सरकार की योजनाओं का शत -प्रतिशत लाभ पात्रों को दिलाना हमारा संकल्पः चंद्रभानु पासवान

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। मिल्कीपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के कुचेरा मंडल के आधा दर्जन गावां में जनसम्पर्क किया। उन्होंने नौहडिया बारून, देवरिया, पुरैनी, अरमारूपीपुर, तरमा, छोटेका तरमा, सोधियावां में लोगों सम्पर्क व संवाद किया। जनसम्पर्क के दौरान कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी का स्थानीय लोगों माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि सरकार जन समान्य व कतार के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्प है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अवधारणा के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति की उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने के उपरान्त समाज के हर वर्ग का साथ मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के साथ हमारा उद्देश्य सबका विश्वास हासिल करना है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वय से जनता में उत्साह का माहौल है। सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेद-भाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।राष्ट्रीय लोकदल का बढ़ रहा कारवां राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल ने जयति पैलेस (सिविल लाइन जिला पंचायत) मे छः लोगों को पार्टी का झंडा थामा कर पार्टी मे शामिल किया और सभी को दल की सदस्यता दिलाई ।सदस्य ग्रहण करने वालों में विक्रम निषाद ग्राम पूरे मुन्ना सिंह सोहावल,राजवेन्द्र सिंह निषाद पस्ता बरई रूदौली ,विजय नारायण सिंह पुरैना , राकेश रावत गोपीनाथपुर सोहावल, धर्मेंद्र कुमार सिंह हरीपुर जलालाबाद मसौधा, मणि प्रकाश वर्मा(एम पी वर्मा) टीकमपारा अंबेडकर नगर ने राष्ट्रीय लोकदल का झंडा थामा कर पार्टी मे शामिल किया। युवा राष्ट्रीय लोकदल का पुनः अनिल वर्मा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर माला पहनकर स्वागत हुआ। इस मौके पर अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, युवा नेता गंगाराम वर्मा, युवा प्रदेश ,जिलाध्यक्ष प्रोफेशनल मंच आशीष सिंह रावत, विकास वर्मा, बब्लू श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नवागत जिलाधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शनिवार को ट्रेजरी पहुँचकर कार्यभार ग्रहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचने पर नवागत जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी का जनपद के अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। इसके उपरांत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने प्राथमिकताये बताते हुये कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। जनपद में स्वास्थ्य एंव किसानों के लिये अच्छे से अच्छा कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही उनका इम्प्लीमेंटेशन अच्छे से किया जाएगा। जिससे जिन लोगों के लिये यह योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ उन तक बिना किसी दिक्कत के पहुँच सके। बाराबंकी का एग्रीकल्चर बहुत अच्छा है। हार्टिकल्चर में भी बड़ा अच्छा काम हो रहा है। इन सभी क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएम इन्द्रसेन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आर0जगत साईं, वरिष्ठ लेखाधिकारी अमित कुमार, डिप्टी कलेक्टर के0डी शर्मा, एसडीएम अनुराग सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामित्व योजना से भाई-भाई के पारिवारिक विवाद होंगे खत्मः आनंदीबेन पटेल

बाराबंकी। स्वामित्व योजना के तहत जीआईसी आडिटोरियम मे प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीप प्रज्जवलित

● जनपद में वितरित किए जायेंगे दो लाख 57 हजार स्वामित्व पत्र

कर किया। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 श्रीमती पटेल ने कहा स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को सशक्त बनाना है। जिनके पास अपने घरों का कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। यह योजना न केवल गरीब परिवारों को दबंगों के कब्जे और भूमि विवादों से सुरक्षा प्रदान करती है। बल्कि उन्हें बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सक्षम बनाती है। इस योजना से भाई-भाई के बीच पारिवारिक विवाद खत्म हो जाएंगे। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया जनपद के सभी 15 ब्लॉकों में एक साथ घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में एक नई आशा की किरण लेकर आई है। जिले में दो लाख 57 हजार से अधिक घरौनी वितरण की जानी है। जिसके क्रम में जीआईसी ऑडिटोरियम में 500 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व योजना, मेरी पंचायत ऐप घरौनी एवं स्वामित्व कार्ड सहित एम फॉर्म ऐप पर समस्त कार्यक्रम की सूचना अपलोड के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, ज्वाइट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, एडीएम इन्द्रसेन, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शनिवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे यहां उन्होनें श्रीराम लला का दर्शन किया है। इसके अलावा, वह एक स्कूल के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

राज्यपाल ने रामलाल और हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का दर्शन पूजन किया। उन्होंने कुबेर टीला पहुंचकर वहां भी दर्शन पूजन किया। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा अयोध्या आने की हर किसी की इच्छा होती है और वह खुद भी यहां आते रहते हैं। भगवान राम राष्ट्र की संस्कृति धारा के नायक है। महाकुंभ की तैयारी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा ह्ल144 साल बाद आया है महाकुंभ और हर कोई इसे देखने के लिए उत्सुक है। अखिलेश यादव के महाकुंभ पर गणना को लेकर सवाल उठाने पर शिव प्रताप शुक्ला ने कहा इस देश के साथ जो लोग नहीं जुड़ते है, वही सवाल को उठाते हैं, इसी प्रकार के लोग चाइना के गणना को सही मान लेते हैं और हिंदुस्तान में गणना को गलत मानते है।

ऐसे लोग ही कुंभ की व्यवस्था पर सवाल उठाते है। बगैर नाम लेते हुए शिव प्रताप शुक्ला ने कहा जो लोग इस प्रकार का कमेंट करते हैं कि लोग अपना पाप धोने के लिए जा रहे हैं, लोग तो वहां जाकर पाप से मुक्त हो जाएंगे, लेकिन वे लोग हमेशा पापी बने बने रहेंगे।

एससीएसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेट, सौपा पत्र

बाराबंकी। वि०ख० सिद्धौर में गोमती नदी स्थित गोसियामऊ घाट , एवं गोमती नदी पर मौलाबाद घाट पर सेतु निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर उ0प्र0 अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर पत्र सौपा। पत्र मे हैदरगढ ब्लाक के अर्न्तगत गोमती नदी के दीर्घ सेतु लम्बाई लगभग 200 मीटर गोसियामऊ का निर्माण कार्य एंव त्रिवेदीगंज ब्लाक के अर्न्तगत गोमती नदी के दीर्घ सेतु लम्बाई लगभग 200 मीटर मौलाबाद घाट का निर्माण कार्य हो जाने से लाखों ग्रामवासियों का आवागमन सुलभ होगा। दोनो सेतुओं के निर्माण हेतु अपनी स्वीकृति तथा धन आवंटित करने का आदेश देने की मांग की है।

रिकाबगंज चौराहे के पास गिरा नीम का पेड़, दबकर एक बच्चे की मौत

अयोध्या। कोतवाली नगर क्षेत्र के रिकाबगंज चैराहे के समीप शनिवार की दोपहर करीब 1:30 बजे नीम का एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। साथ ही कई दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये।

पेड़ करीब 150 वर्ष पुराना बताया जा रहा है, उसकी जड़ें खोखली हो गई थी। गनीमत रही कि हादसे के समय चैराहे पर लाल सिग्नल था।

मृतक बच्चे की पहचान 10 वर्षीय अब्बू साहिमन पुत्र रमजान अली निवासी मोइया बेगमगंज थाना पूराकलंदर के रूप में हुई। वह अपने चाचा के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भाग लेने आया था।

घायलों में आशिमा निवासी अंगूरीबाग कोतवाली नगर, नाजनीन निवासी ठठरहिया चैक कोतवाली नगर व महताब निवासी मोइया बेगमगंज थाना पूराकलंदर के रूप में हुई। हादसे के बाद रिकाबगंज-चैक मार्ग की एक लेन बंद कर राहत कार्य शुरू किया। मौके पर सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय समेत वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

टोल प्लाजा के पास कार-बाइक भिड़ीं, दो घायल

मिल्कीपुर-अयोध्या। थाना इनायतनगर अंतर्गत रसूलपुर टोल प्लाजा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए।मौके पर पहुंची बारुन पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है।

थाना इनायतनगर के मीठेगांव मजरे पाठक का पुरवा निवासी सुशील पाठक (30),रौनक पाठक (18) शनिवार दोपहर में बाइक से अपने नाना के घर गुलजार पांडेय का पुरवा जा रहे थे, वे सड़क पार कर रहे थे तभी उनकी बाइक टोल प्लाजा के निकट अयोध्या की ओर से आ रही बालेनो कार की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दुर्घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे एनएचएआई एंबुलेंस के चिकित्सक डॉ दीपक कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में भर्ती कराया है।

74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से यंत्रों का हुआ चयन

बहराइच । उप कृषि निदेशक बहराइच शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइनजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि एसएमएएम योजनान्तर्गत 74 लक्ष्य के सापेक्ष 122 कृषकों द्वारा बुकिंग किये गये कृषि यन्त्रो के अन्तर्गत 74 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न यन्त्रों का चयन किया गया।

सीडीओ मुकेश चन्द्र ने चयनित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अतिशीघ्र कृषि यन्त्र का क्रय कर पारदर्शी पोर्टल पर बिल सत्यापन हेतु अपलोड करना सुनिश्चित करे जिससे कृषि विभाग द्वारा अनुदान आपके खाते में पीएफएमएस के माध्यम से प्रेषित किया जा सके। विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित ई लॉटरी में बलहा के राम चन्द्र सोनकर, फखरपुर के फिरदोश, महसी के श्रीमती पूनम देवी को कस्टम हायरिंग सेन्टर, हुजूरपुर के सरदार सिंह का लेजर लैण्ड लेवलर, जरवल के राम तेज को पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर, तेजवापुर के उत्कर्ष, शिवपुर के छत्रपाल, नवाबगंज के राम शंकर का चयन रोटावेटर कृषि यन्त्र में हुआ। उप कृषि निदेशक बहराइच ने चयनित किसानों को अविलम्ब कृषि यन्त्रों का क्रय कर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा, जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके।

इस अवसर पर समिति के सदस्य जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी, एलडीएम प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के प्रतिनिधि डॉ. अरुण कुमार राजभर, प्रगतिशील कृषक श्री राम प्रवेश मौर्या, श्री लालता प्रसाद गुप्ता, श्रीमती माया देवी सहित समस्त अधिकारी/पदाधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

पुनरीक्षित दर सूची के संबंध में आमंत्रित किये आपत्ति/सुझाव

बहराइच । अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 2013 के नियम 4 (1) के अधीन निर्गत पुनरीक्षित वार्षिक मूल्यांकन सूची को जनपद में लागू किया जाना है। जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित कलेक्टर दर सूची तैयार कर ली गयी है जो जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उप निबन्धक कार्यालयों में जन सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। अपर जिलाधिकारी श्री रंजन ने बताया कि तैयार की गयी अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची उल्लिखित/प्रस्तावित दरों के सम्बन्ध में यदि किसी की कोई आपत्ति/सुझाव हो तो 23 जनवरी 2025 की सांयकाल 05:00 बजे तक लिखित रूप में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अथवा सम्बन्धित उप निबन्धक कार्यालय, बहराइच में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आपत्ति/सुझाव स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 25 जनवरी 2025 को अपरान्ह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपत्तियों का निस्तारण/अनुश्रवण किया जायेगा।

न्यायिक प्रतिष्ठानों में 03 फरवरी को रहेगा स्थानीय अवकाश

बहराइच । जनपद न्यायाधीश बहराइच ने बताया कि 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण पूर्व में 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर 03 फरवरी 2025 को न्यायिक प्रतिष्ठानों में बसन्त पंचमी के त्यौहार के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

नशा मुक्ति केंद्रों से मांगे गये प्रस्ताव

बहराइच । जनपद में नशा मुक्ति केन्द्र एवं नशा मुक्ति भारत अभियान अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाली समाजसेवी संस्थाएं 31 जनवरी 2025 तक अपने प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड कर आवेदन की हार्ड कापी जिला समाजत कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने बताया कि प्राप्त हुए प्रस्तावों के सत्यापनोपरान्त पात्र नशा मुक्ति केन्द्र का प्रस्ताव निदेशालय प्रेषित किया जायेगा।

वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बहराइच वन प्रभाग में स्थापित हुआ कंट्रोल रूम

बहराइच । जनपद बहराइच प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून 2025 तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाये जाने एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित है।

संक्षेप

व्यक्ति की बाइक गायब

जगदीशपुर, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर स्थित रामलीला मैदान के निकट लगी कपडे की प्रदर्शनी मे साहिल अहमद निवासी नवां मखदूमपुर कला थाना शुकुल बाजार सामान खरीदने के लिए आया था जो प्रदर्शनी के सामने पार्किंग स्थल पर गाड़ी (अपाची) खड़ी कर अंदर सामान खरीदने चला गया था जब वापस आया तो उक्त स्थान से बाइक नदारद मिली जिसकी खोजबीन करने पर असफलता हाथ लगी तो घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने स्थानीय कोतवाली में देकर कार्यवाई की मांग की। इस सम्बन्ध मे कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि भुक्तभोगी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर निवासी अमन दीप मिश्र पुत्र विजय प्रकाश मिश्र (28) नोएडा में प्राइवेट कालेज से एमबीए कर रहे थे। जहां ट्रेन से कटकर उनकी शुक्रवार को मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता विजय प्रकाश मिश्र बेसुध हो गए। मृतक अमन दीप दो भाई है और सबसे बड़ा था। पिता प्राथमिक विद्यालय जमुनी सराय में प्रधानाध्यापक है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव वाले बताते हैं कि अमन बहुत सीधा और होनहार था। परिवार वाले किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। सूचना के बाद नोएडा पहुंचे परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम होने के बाद घर लेकर आ रहे हैं।

हाइवे पर मिला लापता किशोर का क्षत-विक्षत शव

बछरावां, रायबरेली। गत मंगलवार से मानसिक विक्षिप्त किशोर अचानक घर से गायब हो गया। जिसका शनिवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर चुरुवा गांव के पास क्षत विक्षत अवस्था में शव मिला है। जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर चुरुवा गांव के पास एक किशोर का शव क्षत विक्षत अवस्था में पुलिस को पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास करने में जुट गई। इस बीच रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और शव की पहचान चंदन उम्र 13 वर्ष के रूप में की है। मृतक किशोर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सब को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर के मुताबिक केस दर्ज किया जाएगा।

फंदे लटकता मिला युवती का शव

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के बेलगरा गांव निवासी 23 वर्षीय सलोनी श्रीवास्तव पुत्री वीरेंद्र श्रीवास्तव की शनिवार को दोपहर घर में फांसी के फंदे पर शव लटकता मिला है। मृतक युवती की 20 फरवरी को बारात आनी थी तिलक चढ़ चुका था। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थी। शनिवार को भाई किसी काम से पीढ़ी बाजार गए थे और घर पर छोटा भाई बाहर द्वार पर था। पिता भी शादी की तैयारी में लगे हुए थे। मां और भाई जब बाजार से लौटे तो घर में सलोनी का शव फांसी के फंदे से लटकता देख अवाक रह गए और पुलिस को सूचना दिया। जिस घर में सहनाइयां बजनी थी, वहां मातम पसरा हुआ है।

लाभार्थियों को वितरित किये गये घरौनी प्रमाण पत्र

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ब्लॉक सभागार में स्वामित्व योजना अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव से आमजन रुबरु हुए। शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि कादीपुर विधायक राजेश गौतम की उपस्थिति में घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि विधायक राजेश गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत में स्वामित्व योजना अंतर्गत देश के पचास हजार गांवों में 58 लाख किसानों को घरौनी वितरण किया जा रहा है। उसी योजना का एक भाग आज घरौनी का वितरण और योजना के लाभार्थी कार्ड धारकों के साथ सीधा संवाद कादीपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत समावेशी समाज, भूमि प्रशासन, सतत आवास एवं आर्थिक वृद्धि ग्रामीण भारत को संपत्ति के स्वामित्व के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना है। मंचस्थ अतिथियों द्वारा कादीपुर ब्लाक के अल्देमऊ नूरपुर में 172, गोपालपुर नमाजगढ़ में 190, खतीबपुर में 92, खिजिराबाद में 23 सैदपुर कलां में 120 कुल पांच गांवों के लोगों को घरौनी वितरित किया। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने घरौनी उपयोगिता को लेकर उपस्थित लोगों को बताया। प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों ने पूरे तन्मयता से सुना। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. श्रवण मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामकुमार यादव, वरिष्ठ लिपिक अरुणदेव तिवारी, जोखू राम, भारत राणा आदि मौजूद रहे।

विधायक के हाथों से 60 घरौनी प्रमाणपत्र पाकर लोगों के चेहरे खिले

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। जयसिंहपुर तहसील सभागार में घरौनी प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें दो गांव के 60 लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र दिया गया। शनिवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने तहसील सभागार में दो गांव के 60 लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरण किया, जिसमें ओडीली गांव के 23 और रामपुर बरौसा के 37 लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र मिला तो वहीं ब्लॉक सभागार जयसिंहपुर में ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल के सहयोगी बीडीसी और एडीओ पंचायत राम जी लाल ने भी सैकड़ों लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर राम जीत पाल मंडल अध्यक्ष भाजपा, रत्नेश तिवारी, हरिशंकर वर्मा, अंजनी यादव अतुल मिश्र आईएसबी सुरेंद्र विश्वकर्मा, अकाउंटेंट राजकुमार यादव, प्रधान बृजेश यादव, प्रधान सुरेंद्र वर्मा, प्रधान संजय कुमार, प्रधान धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नशे में धुत कार सवार दबंगों ने ढाबा संचालक को कुचलने का किया प्रयास

- खाने का पैसा मांगने पर ढाबा संचालक को गाली गलौज के बाद मारी टक्कर

रायबरेली। लखनऊ-रायबरेली राजमार्ग पर हरचंदपुर थानाक्षेत्र के डिडौली स्थित ढाबे पर खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर दबंगों ने ढाबा संचालक से गाली गलौज करते हुए उस पर कार से टक्कर मारते हुए फरार उत्पात मचाया था। मामले में दबंगों को हाईवे पर डिडौली के पास ही ग्रामीणों ने पीटते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि मामला बीते शुक्रवार रात 8 बजे का है। जब उज्ज्वल सोनकर अपने चार साथियों के कल्लू ढाबा पहुंचे। खाना खाने के पश्चात ढाबे के कर्मचारी द्वारा पैसे मांगने पर उज्ज्वल सोनकर व उसके 4 साथियों के द्वारा गाली गलौज के साथ जब ढाबा मालिक डिडौली के सुरेश बहादुर सिंह ने पैसा मांगा तो उन्हें भी गाली गलौज के साथ उन पर वाहन से टक्कर मारते हुए सभी भाग निकले। लेकिन इस बीच हड़बड़ाहट में वाहन नहर में क्षतिग्रस्त हुआ व नशे में धुत अपने ही साथी को टक्कर मार दी जिससे भारी भीड़ के बीच पुलिस को फोन पर सूचना के बाद सभी को ग्रामीणों ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

कटका क्लब ने चलाया सड़क जागरूकता अभियान

गोसाईगंज, सुलतानपुर। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कटका क्लब सामाजिक संस्था ने शनिवार को अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर द्वारिकागंज चैकी के सामने टैक्सी, बैटरी रिक्शा, ऑटो, ट्रैक्टर आदि वाहनों में द्वारिकागंज चैकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी के साथ मिलकर लगभग 250 वाहनों में रेडियम टेप लगाकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया। मौके पर उपस्थित द्वारिकागंज चैकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी ने कहा कि कटका क्लब द्वारा यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। चैकी इंचार्ज ने रेडियम टेप का महत्व भी वाहन चालकों को विस्तार से बताया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि रेडियम टेप वाहनों के आगे और पीछे लगे होने से रात के समय पीछे आने वाले वाहन की हैड लाइट पड़ने से रेडियम टेप चमकने लगती है। जिससे पीछे आने वाले वाहन के चालक को यह पता चल जाएगा कि आगे कोई गाड़ी जा रही है। इससे टक्कर होने की संभावना कम हो जाएगी। संस्था के द्वारा बीते कई दिनों से सड़क हादसों को रोकने के लिए कई प्रकार के आयोजन किया जा रहा है।

251 कुंडीय यज्ञ से अमेठी का होगा भाग्योदय

भेटुआ, अमेठी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी मार्च महीने में होने वाले 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रयाज के क्रम में शनिवार को भेटुआ के शारदन गांव में ग्रामीणों ने मिट्टी पूजन किया। मिट्टी पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आगामी अट्ठारह से बाइस मार्च को अमेठी में होने वाले राष्ट्र जागरण दो सौ इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रयाज के क्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता गांवगांव पहुँच रहे हैं। कार्यक्रम में २५१ गावों की पूजित माटी से २५१ कुण्डों का निर्माण होगा इसी क्रम में मेरी माटी मेरा कुण्ड अभियान के अंतर्गत शनिवार को शारदन गांव में मिट्टी पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। परिव्राजक सच्चिदानंद तिवारी ने मिट्टी पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ कराते हुए बताया कि अमेठी को युग निर्माणी जिला बनाने के विशाल लक्ष्य के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ता परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाये गए साधनात्मक, रचनात्मक, सृजनात्मक अभियानों को लेकर घर-घर पहुँच रहे हैं अमेठी के २५१ गांवों में वृक्षारोपण, नशामुक्ति, गायत्री मंत्र साधना, व्यक्तित्व परिष्कार, गायत्री महायज्ञ, दीप यज्ञ के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं शांतिकुंज हरिद्वार से आया शक्ति कलश लगभग २०० गावों तक पहुँच चुका है राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन पूरी अमेठी के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है यह यज्ञ अमेठी की आध्यात्मिक चेतना के उन्नयन का कारक बनेगा उन्होंने श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में बढ़-चढ़ का हिस्सा लेकर अपना सौभाग्य जगाने की बात कही इस मौके पर गांव के राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल कुमार, राजू तिवारी के साथ बड़ी संख्या में महिलायें और बच्चे मौजूद रहे।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कर्मचारी ने युवक से 8.5 लाख ठगे, पुलिस ने किया केस दर्ज

अमेठी। नौकरी दिलवाने के नाम पर सीडीओ कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी ने युवक से 8.50 लाख रुपये ठग लिए, पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से की तो हरकत में आई पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमेठी कोतवाली के नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक रायपुर फुलवारी निवासी अरविंद कुमार सरोज ने गत दिनों एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आवास विकास कॉलोनी निवासी सीडीओ कार्यालय में कार्यरत कर्मी राकेश सिंह पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े आठ लाख रुपये लेने का आरोप लगाया था। आरोप है कि इकरारनामा में कर्मी ने 2.25 लाख रुपये सीडीओ को घूस देने की बात भी कही है। आरोप है कि पूरे लेनदेन के दो चेक व वीडियो उसके मोबाइल में मौजूद है। पीड़ित की शिकायत पर एसपी के निर्देश पर पुलिस ने बृहस्पतिवार रात केस दर्ज किया। एसएचओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

शादी की खुशियां मातम में बदलीं, करंट से युवक की मौत

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम घर में बारात आने की तैयारियां चल रही थी परिवार का हर सदस्य शाम को बारात आने की खुशी का इंतजार कर रहे थे लेकिन इसी बीच एक हादसे से पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल दी। बारात वाले दिन सुबह टेंट लगाने और घर की साफ सफाई का कार्य चल रहा था कि अचानक परिवार का एक युवक करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। और बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे देखा तो तुरंत इलाज के लिए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद ले गए जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पूरे निहाली दुबे मजरे आलमपुर निवासी अनिल कुमार मिश्र (50) के चचेरे भाई की नातिन दीपा की आज शनिवार को लालगंज अझारा से बारात आनी थी। जहां घर में बारात की तैयारी को लेकर हंसी खुशी के बीच साफ सफाई आदि का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अनिल मिश्रा पुत्र स्वर्गीय शिव दुलारे मिश्रा करंट की चपेट में आ गए और बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। परिजनों ने उसे जमीन पर पड़ा देखा तो आनन फानन उसे इलाज के लिए सीएचसी नसीराबाद ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी विजेता (45) दो पुत्री रुचि (18) भूमि (9) और पुत्र आनन्द (15) को छोड़ गया। मृतक खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। युवक की मौत के बाद पत्नी, बच्चों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

तीन साल में 44 ग्राम पंचायतें नहीं दे सकीं 22 करोड़ से अधिक का हिसाब

रमन पाण्डेय

- अभिलेखों के परीक्षण में लेखा परीक्षा को दिखाई दी खामी
- आदेश के बाद भी साक्ष्य सहित आख्या नहीं कराया गया उपलब्ध
- पंचायत सचिवों पर लटक रही कार्रवाई की तलवार

अमेठी। ग्राम पंचायतों के विकास पर खर्च हुए 22 करोड़ से अधिक का हिसाब 44 ग्राम पंचायतें तीन वर्षों में नहीं दे सकी हैं। लेखा परीक्षा द्वारा अभिलेखों की जांच में कमी मिलने पर साक्ष्य सहित रिपोर्ट मांगा है। एक सप्ताह में आख्या रिपोर्ट न मिलने पर सचिवों के ऊपर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के लिए सरकार द्वारा धन दिया जाता है। खर्च हुए धन के अभिलेखों की जांच लेखा परीक्षा द्वारा किया जाता है। खामी मिलने पर संबंधित ग्राम पंचायत से साक्ष्य सहित जवाब मांगा जाता है। जिसके तहत जिले के 10 ब्लाक की 44 ग्राम पंचायतों ने 22 करोड़ 77 लाख 14 हजार 368 रुपये से अधिक की धनराशि खर्च करने के बाद अभी तक साक्ष्य सहित हिसाब लेखा परीक्षा को नहीं दिया है। जिससे विकास के लिए दिए गए सरकारी धन की अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने कई माह पहले संबंधित ग्राम पंचायतों को एक सप्ताह में साक्ष्य सहित आख्या रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। इसके बाद भी आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि आख्या रिपोर्ट न देने वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को दिया गया है।

एनटीपीसी ने 4 गांवों के आंगनवाड़ी केंद्रों का करवाया शुभारंभ

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से खुर्रमपुर, गंगेहरा गुलालगंज, बीकरगढ़ मुरारमऊ व सराय परसू गांव की चार आंगनवाड़ी केंद्रों का शुभारंभ परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा द्वारा किया गया। शुभारंभ से पूर्व इन आंगनवाड़ी केन्द्रों का सौंदर्यीकरण करवाया गया व साथ ही साथ बच्चों को बैठने के लिए मेज-कुर्सी और खेलने के लिए ट्राइसाइकिल एवं खिलौने, बच्चों के खाने के लिए बर्तन, पजल्स, खेल-कूद और पढ़ाई-लिखाई की अन्य सामग्री जैसे एजुकेशनल मैप, पंचतंत्र की किताबें, व्हाइट बोर्ड व नम्बर ब्लॉक आदि का भी वितरण किया गया। इस कार्य का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का सौंदर्यीकरण कर आंगनवाड़ी केन्द्रों में ग्रामीण बच्चों की संख्या को बढ़ाना है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री छाबड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी सदैव ही परियोजना के आसपास के गांवों के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए नवीन जनकल्याण कार्य लगातार किए जाएं। इसी श्रृंखला में हमने आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले आसपास के गांवों के बच्चों के लिए ये अभिनव प्रयास किया है। हमारा विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई के साथ उनका सर्वांगीण विकास भी हो। मानव संसाधन प्रमुख रूपा दे शर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों से बातचीत की और उन्हें नियमित तौर पर आंगनवाड़ी आने के लिए एवं केन्द्र में एनटीपीसी द्वारा दी गई सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर गंगेहरा गुलालगंज गांव के प्रधान अजय मासूम, सराय परसू के प्रधान रामफेर, बीकरगढ़ मुरारमऊ के प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी, नैगम सामाजिक दायित्व की प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी व कार्यपालक सोनाली वल्यानी उपस्थित रही।

बिना भय के व्यापारी करें व्यापार : रवींद्र त्रिपाठी

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ तहसील के शाहगढ़ कुटीवा बाजार में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता अभियान तहसील उपाध्यक्ष राकेश तिवारी व महादेव निषाद महामंत्री की अगुवाई में चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कई व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया। सदस्यता अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय उद्योग व्यापार के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी त्रिपाठी ने कहा कि व्यापारी समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है। जिसकी रक्षा सुरक्षा के लिए सरकार तत्पर है। योगी सरकार में जो गुंडई करता है या तो वह प्रदेश के बाहर चला जाता है या फिर ऐसी जगह चला जाता है जहां से वापस नहीं आ पाता है इसलिए हमें निडर होकर बिना भय के अपना व्यापार करना चाहिए। वर्तमान सरकार में बेहतर कानून व्यवस्था है। बेहतर विद्युत व्यवस्था उद्योग और व्यापार करने के लिए सुंदर माहौल है, जिसका हम सबको लाभ उठाना चाहिए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि हम व्यापारी बिना भय के अपना व्यापार करें, हमारी सुरक्षा के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने आए हुए सभी व्यापारियों से कहा कि आप लोग संगठित रहिए और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई शाहगढ़ को मजबूत करिए आप सभी की हित के लिए भारतीय उद्योग व्यापार सदैव तत्पर है। इस मौके पर महादेव निषाद, सुरेश कांत पांडेय, देव प्रभाकर पांडेय, जयप्रकाश बरनवाल, बृजेश कुमार उपाध्याय, रवि प्रकाश उपाध्याय, अंकित तिवारी, तहसील उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव विपिन मिश्रा, सलाहकार अनिल उपाध्याय, अमित तिवारी, छोटे पांडेय, राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय, जयप्रकाश तिवारी, अनिल सिंह, शिवकुमार निषाद, विशाल बरनवाल, अच्छेलाल, जयप्रकाश सोनी, सुकेश विश्वास आदि मौजूद रहे।

ऐहार गांव में समरसता भोज का हुआ आयोजन

लालगंज, रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण विभाग की ओर से लालगंज क्षेत्र के ऐहार गांव में समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल्हेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज के द्वारा की गई और समापन संघ के खंड संघ चालक लक्ष्मी शंकर तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील की। समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि संघ समाज को जोड़ने का काम करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शुक्ला ने कहा कि त्योहारों से समाज में समरसता की भावना जागृत होती है। समाजसेवी जेपी सिंह ने कहा कि व्यक्ति नहीं कर्म की पूजा होनी चाहिए। समाज के प्रति सद्भाव की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। कार्यक्रम का संयोजन खंड धर्म जागरण के सह संयोजक चंदन त्रिवेदी और संचालन सहसंयोजक उमेश सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक आशुतोष, शीश मंदिर प्रबंधक कैलाश बाजपेई व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, काजल त्रिवेदी, नरसवां प्रधान जितेंद्र पटेल, कीर्ति मनोहर शुक्ला, संजू शुक्ला, गोविंद अवस्थी, विनय त्रिवेदी, गोविंद पांडे, छेदी कुशवाहा, रामविलास चैधरी, गंगासागर, बबलू, अवधेश सिंह, अभिषेक सिंह, लल्लन शुक्ला, संतोष शुक्ला, राजेश द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, रविंद्र द्विवेदी, सतीश द्विवेदी, रोहित शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था के लिए नये वाहनों का किया लोकार्पण

सुलतानपुर (वीओएल)। नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में शुक्रवार को नगर की स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में 01 जेसीबी लोडर, 03 ट्रैक्टर (45 हॉर्सपॉवर), 02 ट्रैक्टर लोडर और 01 रिकवरी वैन का लोकार्पण किया गया। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासदगण और पालिका के अधिकारी-कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पुराने लोडर और ट्रैक्टरों के जर्जर हो जाने और अधिक मरम्मत खर्च के कारण नई मशीनरी की आवश्यकता थी। नए लोडर और ट्रैक्टरों से वार्डों में कूड़ा उठान और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही, मृत पशुओं के शवों के उठान हेतु लंबे समय से रिकवरी वैन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। इस अवसर पर सभासद सन्दीप गुप्ता, गिरिश कुमार मिश्र, अजय सिंह, दिनेश चैरसिया, मो. आरिफ, अफजल अंसारी, मंगरू प्रसाद प्रजापति, मनीष जायसवाल सहित खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अधूलिका, प्र. कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नई मशीनरी के माध्यम से स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाया जाएगा, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

रंगदारी मांगने के मामले में तीन गिरफ्तार

रायबरेली। नगर कोतवाली पुलिस ने दर्जन भर मुकदमे के अपराधी को एक बार फिर रंगदारी मांगने के मामले में गिरफ्तार करके जेल में भेज दिया है। इस मामले में कुल तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें से मुख्य आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये नकद और एक अदद अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शिवा सोनकर पुत्र प्रेम कुमार सोनकर निवासी अस्पताल चैराहा थाना कोतवाली नगर को रोका गया तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल और चार अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस आरोपी के ऊपर एंबुलेंस चालक से रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ है। रंगदारी के मामले में ही पुलिस ने दो अन्य साथी अखिलेश उर्फ राहु पुत्र अंगनू निवासी किशनपुर रामचंद्र त्रिपुला थाना कोतवाली नगर व आशीष वर्मा पुत्र हरिशंकर निवासी तिलक भवन थाना कोतवाली नगर को भी गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि शातिर अपराधी शिवा सोनकर के खिलाफ इससे पहले विभिन्न थानों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं।

मील का पत्थर साबित होगा अपने संपत्ति के अधिकार खतौनी

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के किसानों व घर मालिकों को संपत्ति अधिकारों व ग्रामीणों को विकास की ओर ले जाने का जो काम केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है, वह किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा अब किसान अपने संपत्ति के अधिकारों की ओर अग्रसर होंगे ये बातें तहसील सभागार में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सचिन यादव व्यक्त कर रहे थे। सरकार द्वारा स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने क्षेत्र के 9 गांव से 82 लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरण किया गया। तो वही 9 गांव के कन्हैयालाल पुत्र राम लौटन निवासी सोथी, महादेव पुत्र मंगली प्रसाद, शिवपाल, विन्द्रादेई बलाई मऊ, धिराजा बलाई मऊ, सुखई नहरिया, वीरेंद्र कुमार ओथी, जगदम्बा सिंह पाली, विश्राम पाली, बनवारी भटसरा, अब्दुल बारी भटसरा, सहित 82 लोगों को स्वामित्व कार्ड दिया गया। वहीं तहसील परिसर में उपस्थित लगभग 40 विकलांगों को उप जिलाधिकारी सचिन यादव व तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने हाड कांपती ठंड में कंबल वितरण कर विकलांगों को ठंड से राहत दिलाई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, राजस्व निरीक्षक उमेश दीक्षित, राजस्व निरीक्षक आबिद अली, राजेश कुशवाहा, संतोष पटेल, विवेक सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष दर्शिता श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सोनी, राजीव मिश्रा, अमित शुक्ला, रणविजय सिंह, विपिन मौर्या सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया आरेडिका का दौरा

रायबरेली। रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) एवं पदेन सचिव भारत सरकार बृज मोहन अग्रवाल ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री अग्रवाल ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हील्स के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उत्पादन एवं गुणवत्ता संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि श्री अग्रवाल ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे दीन-दयालु, एसी3, चेयरकार, एवं लगेज रैक के निर्माण में होने वाली वेल्डिंग की गुणवत्ता के सुधार हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए। श्री अग्रवाल ने अपने दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले स्लीपर एवं दीन दयालु कोचों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। आने वाले समय में प्रत्येक ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर क्लास के कोचों की संख्या बढ़ाई जा रही है जिससे यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित की जा सके। फोर्ज्ड व्हील्स के उत्पादन को बढ़ाने के लिए एवं प्लान्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं फोर्ज्ड व्हील्स के ऑटोमेटिक रखरखाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का सुझाव दिया तथा व्हील्स के उत्पादन को बढ़ाकर 80 हजार तक करने के लिए निर्देशित किया। आगे उन्होंने कहा कि आरेडिका के विकास कार्यों के लिए वित्त की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और रेलवे बोर्ड आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, ईडीएमई (पीयू एवं डब्ल्यू) विनोद कुमार, एडवाइजर (रेलवे बोर्ड) एस के कटियार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विधुत इंजीनियर हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

नवागत जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने संभाला कार्यभार

सुलतानपुर। नवागत जिलाधिकारी कुमार हर्ष (आईएएस) ने गुरुवार अपराह्न कोषागार पहुंचकर जिलाधिकारी सुलतानपुर के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करते हुए उन्होंने कोषागार के डबल लॉक में अभिलेखों का अवलोकन किया और वरिष्ठ कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार हर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे मऊ में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, बलरामपुर और चंदौली में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती में मुख्य विकास अधिकारी और विशेष सचिव (मुख्यमंत्री व नागरिक उड्डयन विभाग) के पद पर कार्यरत रहे। मीडिया से बातचीत में नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना उनका प्रमुख उद्देश्य होगा।

संक्षेप

संविदा बिजली कर्मी की मौत

मथुरा। शुक्रवार बीतीरात रात बाइक से घर जा रहे बिजली विभाग के संविदा कर्मी की पिरसुआ के नजदीक तेज रफ्तार से आ रही टाटा मैजिक ने उसके बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को उपचार के लिए ले जाया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बिजली विभाग के संविदा कर्मी दिगंबर (29) निवासी बीसवाली गांव राया बेसमां विद्युत स्टेशन पर संविदा कर्मी के रूप में लाइन मैन था। वह बाइक से अपने गांव जा रहा था तभी पिरसुआ के पास तेज रफ्तार से आती टाटा मैजिक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन गिर गया। इस दौरान आसपास के लोगों ने की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा उसे उपचार के लिए आस्पताल ले जाया गया जहां तब तक उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिवार के लोगों को घटना के बारे में जानकारी दी। जब पत्नी को पता चला कि सड़क हादसे में उसके पति की मौत हो गई तो वह बेहोश होकर गिर गई।

बच्चों के विवाद में वृद्ध की मौत

मथुरा। कोतवाली की मनोहरपुरा बाल्मीकि बस्ती में आज दोपहर क्रिकेट खेलने के दौरान बच्चों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर गया। बचाव कराने आए वृद्ध के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट की जिससे वह अचेत होकर गिर गया। और उपचार के लिए जिला अस्पताल लाते-लाते उसकी मौत हो गयी। मिमनोहरपुरा बाल्मीकि बस्ती में आज दोपहर लगभग बारह बजे बस्ती में रहने वाले इसी समाज के बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। जिसमें एक पक्ष के गेंद लगने से दोनों के बीच झगड़ा और गालीगलौज हो गई। पड़ोस में बैठकर धूप सेक रहे कलुआराम (62) पुत्र बुद्धन मौके पर पहुंचे और बच्चों को समझाने का प्रयास किया जिसमें दूसरे पक्ष के लोगों ने लात घूसों से वृद्ध की पिटाई कर दी। जिससे वह मौके पर गिर गए। परिवारीजन गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बताया गया कि मृतक दो वर्ष पूर्व ही भारतीय स्टेट बैंक वृंदावन शाखा से रिटायर हुआ था। घटना में मृतक का नाती ध्रुव (15) पुत्र राजकुमार भी जख्मी हुआ है।

मोबाइल व पैसा लूटने का आरोपी गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने दो दिन पहले ऑटो चालक युवक से पैसा व मोबाइल छीनने के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दी। जानकारी के मुताबिक, सिद्धार्थ नगर जिले के छितौना निवासी बिनोद पाण्डेप पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय द्वारा चिलुआताल पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि 16 ।जनवरी को दिन वह अपने वाहन में दो तीन लोगो को बैठा कर जा रहा था। अभी सिक्टौर बाजार ओबर ब्रिज के पास पहुंचा ही था कि आरोपी राज बर्मा अपने भाई के साथ बाहन रोक कर बैठ गया। कुछ देर बाद सिगरेट पीने लगा। जिसका विरोध करने पर मारपीट पर उतर कर हाथा पाई करने लगा। साथ ही जेब मे रखा कुछ पैसा एवं मोबाइल छीन लिया था। जिसमे उप निरीक्षक हरिशंकर यादव अपनी टीम के साथ तत्परता दिखाते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया।

कैबिनेट मंत्री ने वितरित किये घरौनी

ग्रामीणों को उनके घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज घरौनी मिलेगाः लक्ष्मी नारायण

मथुरा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री द्वारा ह्रस्वामित्व योजनाह्व के अन्तर्गत देश भर में तैयार किए गए प्रापर्टी कार्ड (घरौनियों) का इलेक्ट्रानिक वितरण आज शनिवार दोपहर वर्चुअल माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के 74 जनपदों (जनपद जालौन को छोड़कर) के लगभग 29400 नए ग्रामों में दिनांक 24-04-2023 के उपरान्त तैयार हुई 45 लाख से अधिक घरौनियों का बटन दबाकर इलेक्ट्रानिक वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री जी द्वारा बटन दबाते ही सभी सम्बन्धित लाभार्थियों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से लिंक प्राप्त हुआ, जिसे खोलकर सम्बन्धित लाभार्थी अपनी अपनी घरौनी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रमों का वेबलिंक के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों / कर्मचारियों एवं उपस्थित लाभार्थियों ने नशा मुक्ति शपथ तथा स्वच्छता शपथ ली।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग चैधरी लक्ष्मी नारायण महापौर विनोद अग्रवाल, सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भुवन भूषण कमल विधायक मथुरा वृंदावन श्रीकांत शर्मा, एम.एल.सी योगेश नौहवार, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने कहा स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनके घरों के मालिकाना हक का दस्तावेज घरौनी मिलेगा। यह खतौनी की तरह ही घरों के लिए एक कानूनी दस्तावेज होगा। इससे ग्रामीणों को अपने घरों पर बैंक से कर्ज लेने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि गावों में आबादी को लेकर विवाद होते थे, जिसके निस्तारण के लिए सरकार के द्वारा ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर घरौनी के माध्यम से उन्हे मालिकाना हक देने का कार्य किया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के हित को लेकर चिन्तित है। जब गांव विकसित होगा तब देश विकसित होगा।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरौनी प्रमाण पत्र मिलने से ग्रामीणों को न केवल संपत्ति का वैध अधिकार मिलेगा, बल्कि इससे राजस्व विवाद भी कम होंगे और बैंको के द्वारा आसानी से लोन मिल सकेगा, जिससे लोग स्वरोजगार और व्यवसाय शुरू कर सकते है। उन्होंने घरौनी के लाभार्थियों को बधाई दी गयी।

कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में ग्राम मुखराई के परषोत्तम, मानपाल व लालचन्द, ग्राम बाटी के देवीराम, बृजो सिंह, श्याम, सत्यवीर, बाबू, प्रेमसिंह व राजू तथा ग्राम बाजना के टीकम, सुधीर, राजेन्द्र सिंह, अशोक व मदन मोहन को घरौनियों का वितरण किया। जनपद मथुरा में कुल 904 अधिसूचित ग्राम हैं। कुल 654 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। पड़ताल के बाद 611 ग्रामों के प्रारूप -5 डाटा लॉक हो चुके हैं तथा 540 ग्रामों में प्रपत्र 7 जेनरेट हो चुके हैं, जिसके अनुसार 155941 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। 537 ग्रामों के कुल 149992 प्रपत्र-10 (ग्रामीण आवासीय अभिलेख) घरौनी तैयार होकर वितरित की जा चुकी हैं। शेष 5949 घरौनियों का वितरण जनपद मथुरा की तहसीलों, ब्लाकों, ग्राम पंचायतों एवं जिला मुख्यालय पर किया जा रहा है। माननीय मंत्री जी ने कार्यक्रम में पश्चात मिलेट्स/ मोटे अनाज / श्री अन्न से संबंधित विशाल जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

7 करोड़ से अधिक रुद्राक्ष से निर्मित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को उमड़े भक्त

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले के शिव नगरी में सात करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष से निर्मित 12 ज्योतिर्लिंग विशेष रूप से श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं।

महाकुम्भ के सेक्टर छह में निर्मित प्रत्येक ज्योतिर्लिंग 11 फुट ऊंचा, नौ फुट चौड़ा और सात फुट मोटा है, जिन्हें सात करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष की मणियों की माला पहनाई गई है। इन रुद्राक्ष को 10,000 गांवों से पैदल घूम घूमकर भिक्षा में एकत्रित किया गया है। मौनी बाबा ने खुले आकाश में बने इन ज्योतिर्लिंगों के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि आतंकवाद के नाश और बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की कामना से पूजा अनुष्ठान कर लौह से शिवलिंग को आकार दिया और उन पर रुद्राक्ष की मालाओं को लपेटा गया।

उन्होंने बताया कि मैंने वर्षों पहले मन में रुद्राक्ष के ज्योतिर्लिंग की स्थापना का संकल्प लिया था। पिछले 37 वर्षों से मैं रुद्राक्ष का शिवलिंग बनाकर पूजा कर रहा हूं। यहां स्थापित ज्योतिर्लिंगों में एक मुखी से लेकर 26 मुखी तक के श्वेत रुद्राक्ष, काले रुद्राक्ष, लाल रुद्राक्ष का उपयोग किया गया है। मौनी बाबा ने बताया कि यह रुद्राक्ष से बनी शिव नगरी पूरी दुनिया में अपनी तरह की अनूठी नगरी है, जहां छह शिवलिंग दक्षिणमुखी और छह शिवलिंग उत्तर मुखी हैं।

प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ : सुनील जैन

टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में चयनित ग्राम बुर्ज नत्थू में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुनील कुमार जैन ने स्वयं सेविको के साथ गांव की गलियों में लोगों को प्लास्टिक प्रयोग न करने की सलाह दी। तथा इससे होने वाले दुष्प्रभावों को भी बताया। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने बताया कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। प्लास्टिक में पाए जाने वाले जहरीले रासायनिक योजक मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। स्वयं सेविको ने तरह-तरह के पोस्टर बनाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया, स्वच्छता से संबंधित नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रिचा गुप्ता हरिओम, ऋषभ शर्मा रमन पाठक, एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

साइबर अपराध पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के रुपये कराये वापस

फिरोजाबाद। थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा डिजिटल अरेस्ट करके ऑनलाइन ठगी में वादी के 1,13,000 रुपए सकुशल वापस कराए गए। शरद कुमार गुप्ता पुत्र माधव गुप्ता निवासी जैन गली कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना साइबर अपराध पर शिकायती पत्र दिया गया था कि किसी अज्ञात के द्वारा वादी के पिता माधव गुप्ता को मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट करते हुए झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर धोखाधड़ी से विभिन्न खातों में रुपये डलवाकर ऑनलाइन ठगी कर ली गयी। तहरीर के आधार पर थाना साइबर अपराध पर आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में वादी के कुल 1,13,000- रुपये सकुशल वापस कराए गए। वादी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं साइबर पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया।

अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने उतरवाये लाउडस्पीकर

टूंडला। ध्वनि प्रदूषण को लेकर सुप्रीमकोर्ट के दिए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर के नेतृत्व में थाना टूंडला पुलिस टीम ने नगर की 2 मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए। शनिवार को एसपी सिटी के नेतृत्व में थाना टूंडला पुलिस टीम ने नगर की जामा मस्जिद और लाइनपार मस्जिद से लाउडस्पीकर उतरवाए गए। इस दौरान एसपी सिटी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश व शासन के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण को रोकथाम के तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकरो को उतरवाये जाने को पिछले 1महीने से जनपद में अभियान शुरू किया गया है इसी के अंतर्गत आज टूंडला में 2 मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सभी धरमगुरुओ को हिदायत दी गई है कि वे मानक के अनुरूप ध्वनि के अंतर्गत ही लाऊडस्पीकर की आवाज रखें। इस दौरान एसपी सिटी रविशंकर सीओ टूंडला विनीत कुमार, थानाप्रभारी टूंडला अंजिश कुमार, मौलाना अनवर उल हक मौलाना हारून जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सामी उजुमा कुरैशी, मौलाना हाफिज जैद मुन्ना मास्टर सदर, मोहम्मद अकील ड्राइवर सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

आबकारी टीम ने पुलिस के सहयोग से पकड़ी बड़ी मात्रा में विदेशी मदिरा, तस्कर गिरफ्तार

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। जिले की आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से जनवरी माह में अब तक सात वाहनों से अवैध शराब को पकड़ा है, जो अन्य राज्यों में तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। इसी कड़ी में बीतीरात थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत पुलिस के सहयोग से दिल्ली की कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। आबकारी विभाग और पुलिस को चकमा देकर एक तस्कर भाग गया जबकि दो तस्करों को गिरफ्तार कर आबकारी टीम ने हाईवे पुलिस को सौंपा है।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय के आदेशानुसार अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा ने हाईवे थाना प्रभारी एटीवी के सामने दिल्ली मथुरा एन एच पर चैकिंग कर रहे थे कि इस बीच रोहतक से बिहार राज्य हेतु एक सफेद रंग की ह्लब्रिजा कार डीएल 1 सीएबी 8963 को रोका गया तो उसकी चैकिंग में कम्बल से ढककर 349 बॉटल इंडियन ब्ल्यू प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की एवं 69 क्वार्टर जुबिली स्पेशल व्हिस्की ब्रांड की विदेशी मदिरा (समस्त ड्यूटी पैड इन यू टी चंडीगढ़ ,कुल 274.17बीएल) बरामद की गई। मौके से उसमें सवार आकाश एवं संदीप उर्फ सैंडी तस्कर फरार हो गया जबकि आबकारी टीम ने आशीष कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी छोटू राम नगर सुखपुरा रोहतक हरियाणा गिरफ्तार कर हाईवे पुलिस को सौंपा है, पकड़े गए तस्कर के कब्जे से कार से कई अलग अलग नम्बरों की नम्बर लेट भी बरामद हुई है। थाना हाइवे में आबकारी अधिनियम एवं बी ऐन एस की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत कराया गया। हाईवे थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों तस्कर रोहत के रहने वाले है, भागे हुए तस्करों की तलाश जारी है जल्द ही पुलिस की हिरासत में होंगे।

संकल्प 2024 ब्रेक द बैरियर में दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया अद्भुत प्रदर्शन

मथुरा। बीएससी कॉलेज मथुरा में आयोजित तीन दिवसीय संकल्प 2024ः ब्रेक द बैरियर के तीसरे दिन दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में गीतांजलि शर्मा ने अपने माता-पिता की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर मलखंभ बल का विधिवत पूजन किया। यह कार्यक्रम मानव संकल्प वेलफेयर सोसाइटी ङ्क उप्र सरकार के दिव्यांगजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। तीसरे दिन प्रतिभागियों ने हैंडबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, कैरम, खो-खो, रनिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन, और रस्सी खींच जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के आकर्षक प्रदर्शन ने दर्शकों को दंग कर दिया।

सम्मान समारोह प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। गीतांजलि शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 2020 में सीएम योगी आदित्यनाथ और 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरी मुलाकात ने मुझे दिव्यांगजनों के लिए कुछ विशेष करने की प्रेणा दी। हमने अलीगढ़ में माता प्रेमवती शर्मा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट की स्थापना की, जो दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े प्रयासों को समर्पित है। 2003 में स्थापित मानव संकल्प वेलफेयर सोसाइटी लगातार इस दिशा में कार्यरत है। हमारे प्रयासों को योगी जी और मोदी जी का पूरा सहयोग प्राप्त है। विभिन्न जनपदों से छात्र छात्राओं में प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया है, अब तक 804 से अधिक दिव्यांगों ने भाग लिया है। आज के आयोजन में दिव्यांगजनों ने खेलों में भाग लेकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को मेडल दिए गए, और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

25 लाभार्थियों को वितरित की गयीं घरौनी

- इस योजना के संचालन से गरीबों की दशा एवं दिशा बदलेगी: जिलाधिकारी
- स्वामित्व योजना से लाभार्थियों की सामाजिक, आर्थिक जीवन में व्यापक बदलाव उपस्थित होगा: सदर विधायक

फिरोजाबाद। सदर विधायक मनीष असीजा जिलाधिकारी रमेश रंजन भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी सदर, सिरसागंज, शिकोहाबाद, जसराना, टूंडला की मौजूदगी और किसानो की उपस्थिति में प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी वितरण का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 271 किसानों को घरौनी या स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्डों का इलेक्ट्रॉनिक वितरण किया गया, इसमें से 25 लाभार्थियों जिनमे फिरोजाबाद से बाबूराम सुरेंद्र, अर्जुन सिंह, उमाकांत, शांतिपाल जबकि टूंडला से भूदेव, कुवंरपाल, गुलाब सिंह सुखबीर सिंह, शब्बीर खां, जबकि शिकोहाबाद से वीरेंद्र सिंह हरि विलास पूरन सिंह जयपाल, सुरेश जसराना से अखिलेश ग्रिसचंद्र गिरिजा देवी दलबीर सिंह, दिनेश चंद्र, और सिरसागंज से जगमोहन, चंद्रशेखर, अरविंद कुमार, रामकुमार, संतोष कुमार को प्रदान किया गया। डीएम ने अवगत कराया कि कुल एक लाख 10 हजार घरौनियां जनपद में तैयार की गई है, जो किसानों के भूमि स्वामित्व को न केवल प्रमाणिक बनाएंगी अपितु वर्षों से चलें आ रहें जमीनी विवाद की समस्याओं को भी हल करेंगी, साथ ही साथ घरौनी से गांव के लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना से गांव की दशा एवं दिशा बदली है, अब किसानों को आसानी से इसके माध्यम से ऋण इत्यादि की प्राप्ति हो जाएगी वहीं इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि इसमें स्वामित्व योजना से लाभार्थियों की सामाजिक, आर्थिक जीवन में व्यापक बदलाव उपस्थित होगा। इसके माध्यम से गरीब किसानों को राहत मिलेगी हमारी सरकार ने आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण और दुरूहकार्य को पूरा कर आमजन को व्यापक राहत पहुंचाई है, इससे प्रदर्शित होता है कि सरकार गरीब और कमजोर वर्गों के लिए पूरी तरह समर्पित है इस अवसर पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया प्रधानमंत्री ने इस दौरान राजस्थान के गंगानगर की निवासी रचना, महाराष्ट्र के नागपुर जिले के रोशन पाटील, उड़ीसा के रामगढ़ जिले की गजेंद्र संगीता, जम्मू कश्मीर के वीरेंद्र से भी वर्चुअल संवाद किया, आज के दिन मुख्यालय के साथ-साथ ग्राम पंचायतों और विकास खण्डों में भी सम्पत्ति कार्डों का इलैक्ट्रॉनिक वितरण किया गया, 156 ग्राम पंचायतों के 172 गांव में सम्पत्ति कार्ड वितरित किये गये।

जेल में सजायाफ्ता बुजुर्ग कैदी की मौत

सुलतानपुर। जिले में एक फौजी हत्याकांड में सजायाफ्ता कैदी की जेल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। लगभग सवा तीन वर्ष पूर्व उसे उम्र कैद की सजा हुई थी। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्वाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर निवासी रामनगर में फौजी अजय प्रताप सिंह की वर्ष 2009 में हत्या कर दी गई थी। मुकदमे के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने 30 सितंबर 2021 को गांव निवासी सत्यनारायन सिंह (76) पुत्र देवनारायन सिंह को उम्र कैद और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाया था। वह तब से जेल में निरुद्ध था।

जेल प्रशासन की माने तो शनिवार सुबह कैदी सत्यनारायन सिंह की तबीयत खराब हुई, जिसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण किये

फिरोजाबाद। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। माह नवम्बर में एडिप योजना के अंतर्गत कुल 402 दिव्यांगजनों तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत कुल 32 वरिष्ठजनों को चिन्हित किया गया था, इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 67 लाख 76 हजार के 897 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। फिरोजाबाद में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अतुल प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन सिरसागंज रंजना सिंह उप जिलाधिकारी सिरसागंज दिव्यांगजन षसक्तीकरण अधिकारी एलिम्को के प्रतिनिधि सहायक प्रबन्धक संदीप कुमार, विपणन अधिकारी हिमांषू शर्मा आदि की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। समारोह का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को, कानपुर द्वारा एवं जिला प्रशासन फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया। शिविर में आये वरिष्ठजनों को फिरोजाबाद जिले के अन्तर्गत पूर्व में विभिन्न विकास खण्डों मे आयोजित किये गये परीक्षण शिविर में चिन्हित किया गया था । इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के लाभार्थियों के लिए जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

मुठभेड़ के बाद टटलू गैंग के साहिल खान गिरफ्तार

मथुरा। गोवर्धन थाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में टटलू गैंग का शातिर बदमाश मुठभेड़ के दौरान टांग में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गोवर्धन सीओ और थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि गांव नीमला थाना कैथवाडा जिला डीग राजस्थान निवासी साहिल खान को देवसेरस से गाठौली रोड पर पुलिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 4 मोबाइल, 7 सिमकार्ड फर्जी, 3 पासबुक, 2 चेक बुक, अलग-अलग बैंक के 5 एटीएम कार्ड, 1000 रुपये नकद, एक तमंचा, दो कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। आरोपी द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों को फोन पे व ट्रू कॉलर पर नाम व पता चेक कर फर्जी सिम कार्ड से फोन लगाकर मोबाइल धारक के पिता-भाई या मित्र का परिचित बनकर बात करता है तथा मोबाइल धारक को विश्वास में लेकर ठगता था। यह टटलू गैंग अधिकतर नौकर पेशा व व्यापारियों को टारगेट करते ह आरोपी का अन्य आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

पीड़ित को न्याय मिले जनहित के साथ खिलवाड़ नहीं

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। नवागत जिला अधिकारी ने शनिवार दोपहर चार्ज ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालयों का निरीक्षण किया फिर उन्होंने सभागार कक्ष में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि पीड़ित को न्याय मिले और उनके साथ मधुर व्यवहार किया जाए यही नहीं समस्त कर्मचारियो से कहा कि जैसे मुझे फूल दे रहे हो इसी तरह चमकते खिलते रहो और तनाव मुक्त होकर काम कीजिए अगर उनकी कोई समस्या है तो वह उनसे सीधे आकर मिले। उन्होंने मथुरा वृंदावन में बेहतर सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि कान्हा की नगरी में आने वाले लाखो श्रदालुओ के लिए अधिक से अधिक सुविधाएँ किस तरह मुहैया कराई जाए उस पर चिंतन किया जाना बहुत जरूरी है।

नवागत जिला अधिकारी सीपी सिंह ने शनिवार दोपहर मथुरा पहुंचे यहां से वह सीधे जिलाधिकारी आवास पहुंचे पूर्व जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने उन्हें पद भार ग्रहण कराया। यहां से वह कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिला कोषागार में डबल लॉक का चार्ज लिया। सभागार कक्ष में उन्होंने कलेक्ट्रेट में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्य में कोई भी लापरवाही उन्हें बर्दाश्त नहीं है अगर पीड़ित आता है तो उसकी समस्या का निदान होना चाहिए अगर कार्य होने वाला है तो उसे करिए और नहीं होने वाला है तो बड़े ही आराम से उसको बता दीजिए कि इस कारण यह कार्य नहीं हो सकता जिस तरीके से आप लोगों ने मुझे फूलों के गुलदस्ते भेंट किए हैं मैं कामना करता हूं कि इसी तरह आप लोग मुस्कुराते रहें और तनाव मुक्त होकर कार्य करें अगर किसी भी कर्मचारी को कोई परेशानी या दिक्कत है तो वह मुझसे सीधे मेरे कार्यालय या आवास पर आकर मुझे अपनी समस्या बता सकता है मैं कोशिश करूंगा कि उसकी समस्या का निदान हो जाए मुझे वह चीज अच्छी नहीं लगती जो किसी और से कहलवाई जाए अगर आपकी कोई परेशानी है तो आप मुझसे शेयर करिए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कि 2017 के बाद एक बार फिर यहाँ काम करने का मौका मिला है। अब मथुरा में बड़ा बदलाव आ गया है। सडके चैड़ी है, स्वच्छ्ता है। विकास नजर आ रहा है। इस दिशा में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम और ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा काम किया जा रहा है। अब कोशिश रहेगी कि और बेहतर योजनाओं पर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भूमि उत्सव और त्योहारों की भूमि है। इनके अलावा यहाँ शनिवार और रविवार को भीड़ का दवाब अत्यधिक रहता है। ऐसी स्थिति में ट्रेफिक व्यस्ता को देखकर प्लान पर काम होगा। प्राथमिक ध्यान यहां की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर किया जाएगा जिससे ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालु अच्छे अनुभव के साथ लौट कर जाए और फिर आने का संकल्प लें। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि वह इससे पहले बुलंदशहर कासगंज के जिलाधिकारी रह चुके हैं यह उनका तीसरा जिला है कोशिश करूंगा कि मे लोगों की उम्मीद पर खरा उतरु।

पदभार संभालने से पूर्व नवागत डीएम ने लिया श्रीबांके बिहारी का आशीर्वाद

मथुरा। नवनियुक्त डीएम चंद्र प्रकाश सिंह शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन पहुंचे। नवागत डीएम च्ने जिले का चार्ज संभालने से पहले ठाकुर बांके बिहारी लाल महाराज के दर्शन करने मंदिर पहुंचे। जहां पर उन्होंने विधि विधान पूर्वक ठाकुर बांके बिहारी लाल महाराज का पूजन अर्चन कर अपना माथा टेका। इस दौरान मंदिर के सेवायतों ने नवागत जिलाधिकारी एवं उनकी पत्नी को ठाकुर जी की प्रसादी व अंग वस्त्र भेंट की है। मथुरा के डीएम रह चुके शैलेंद्र सिंह को आगरा मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। जिनके स्थान पर चंद्र प्रकाश सिंह को मथुरा का नवागत जिलाधिकारी बना दिया गया है। इसी के चलते शनिवार को मथुरा जिले का चार्ज लेने से पहले जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह अपने अधीनस्थों के साथ जग प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मंदिर के सेवायतों के सानिध्य में देहरी पूजन किया। साथ ही इससे पहले वह मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष के पद पर रहकर सेवाएं दे चुके हैं।

संक्षेप

बिहार में 53 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले में 53 से अधिक पुलिस अधिकारियों पर स्थानांतरण के बाद भी उनके स्थान पर आने वाले अधिकारी को केस फाइल नहीं सौंपने, कई मामलों की जांच में बाधा डालने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के मुताबिक, जिले के चार थानों में 53 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दीक्षित ने फोन पर बताया कि अगर वे अगले एक सप्ताह में मामलों को सौंपने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की जाएगी। जिला पुलिस से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह पाया गया कि कई मामलों में जांच लटकी हुई है क्योंकि तत्कालीन जांच अधिकारियों (कुल 53) का तबादला हो गया और उन्होंने फाइलें अन्य अधिकारी को नहीं सौंपीं। सभी 53 पुलिस अधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस ने चार आतंकियों की तस्वीरें जारी की, इनाम की घोषणा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को किश्तवाड़ जिले में चार सक्रिय आतंकवादियों की तस्वीरें जारी कीं और उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले व्यक्ति को प्रत्येक आतंकवादी के लिए पांच लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। सैफुल्ला, फरमान, आदिल और बाशा बताए जा रहे एक अन्य आतंकवादी की तस्वीरें उर्दू और अंग्रेजी, दोनों भाषा के पोस्टर के माध्यम से सार्वजनिक की गईं। पोस्टर में लिखा गया है, आम जनता से अनुरोध है कि वे तस्वीरों में दिखाए गए व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी साझा करें, जिनकी पहचान चार आतंकवादियों के रूप में की गई है। उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने वाले व्यक्ति को प्रत्येक आतंकवादी के लिए पांच लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। किश्तवाड़ और अन्य जिले पिछले साल आतंकवादी हमलों से दहल गए थे क्योंकि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी आकाओं ने जम्मू क्षेत्र के शांतिपूर्ण क्षेत्रों में आतंकवाद फैलाने के अपने प्रयास जारी रखे थे।

बैटरी उत्पादकों ने दायित्व पूरे न किए तो लगेगा जुर्माना : अधिकारी

नयी दिल्ली। निर्धारित दायित्वों को पूरा न करने वाले उत्पादकों पर वित्तीय जुर्माना लगाए जाने से बैटरी का दोबारा इस्तेमाल करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी लाभप्रदता बढ़ेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह बात कही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निदेशक वी पी यादव ने यहां इंडिया बैटरी रीसाइक्लिंग एंड रीयूज समिट 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि निर्धारित दायित्वों को पूरा न करने वाले बैटरी उत्पादकों पर जुर्माना लगाने की व्यवस्था तैयार कर ली गई है। यादव ने कहा, इस आर्थिक दंड से आखिरकार बैटरी दोबारा इस्तेमाल करने वालों को ही लाभ होगा, क्योंकि वे क्रेडिट उत्पन्न करते हैं जो मुआवजे के बदले उत्पादकों को हस्तांतरित किए जाते हैं।

न्यूमेरोस मोटर्स ने इलेक्ट्रिक स्कूटर डिप्लोस मैक्स को किया पेश

नयी दिल्ली। बेंगलुरु स्थित मूल उपकरण विनिर्माता न्यूमेरोस मोटर्स ने शनिवार को अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर डिप्लोस मैक्स को पेश किया। इसकी शुरुआती कीमत 1.09 लाख रुपये है। इसके साथ ही कंपनी ने यहां आयोजित वाहन प्रदर्शनी भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में एक नया वाहन मंच भी पेश किया जो मोटरसाइकिल एवं स्कूटर का क्रॉसओवर होगा। कंपनी के मुताबिक, ई-स्कूटर डिप्लोस मैक्स की बैटरी तीन-चार घंटे से भी कम समय में चार्ज हो जाती है। इसके साथ यह एक बार चार्ज होने पर 140 किलोमीटर तक की दूरी तय करता है और इसकी अधिकतम रफ्तार 63 किलोमीटर प्रति घंटा है। न्यूमेरोस मोटर्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रेयस शिबूलाल ने कहा कि डिप्लोस मैक्स एक ऐसा स्कूटर है।

एक साथ चुनाव संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं है और ऐसा करने से शासन बेहतर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक देश, एक चुनाव का विरोध करने वाले लोग राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं।

मेघवाल ने कहा कि 1952 से लोकसभा और विधानसभाओं के कुछ चुनाव एक साथ हुए थे। उन्होंने कहा कि अगर वह संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं था, तो अब यह (संघवाद के लिए) कैसे सही नहीं रहेगा। मेघवाल ने कहा कि एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चाहते हैं कि सदन की एक समिति मसौदा कानूनों की पड़ताल करे। संयुक्त समिति की पहली बैठक में विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि ने सदस्यों को एक साथ चुनाव के विभिन्न पहलुओं और इन चुनावों के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। कानून मंत्री ने कहा, अब सबसे बड़ा आरोप जो वे (एक देश, एक चुनाव का विरोध करने वाले) लगा रहे हैं, वह यह है कि ऐसा करना संघीय ढांचे के खिलाफ होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि 1952 में चुनाव हुए थे, सभी विधानसभाओं के चुनाव भी एक साथ हुए थे। उन्होंने कहा, 1957 में चुनाव हुए थे, 1962 में चुनाव भी एक साथ हुए थे। 1967 के चुनाव भी एक साथ हुए थे, अब यह (संघीय ढांचे के लिए) नुकसानदेह कैसे होगा? मेघवाल ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से सुशासन और तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के कारण समय-समय पर जो कठिनाइयां आती हैं, उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विपक्षी सदस्यों को एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, लोकसभा के गठन की तिथि के बारे में भी उन्हें बताया गया है, वे सब कुछ समझ गए हैं।

कानून मंत्री ने दावा किया, अगर कोई इसका विरोध कर रहा है, तो वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति मसौदा कानूनों की पड़ताल कर रही है और परामर्श कर रही है। मेघवाल ने सवाल किया, लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी गांव की संपत्ति के बारे में आप वहां जाकर कहें कि यह वक्फ की संपत्ति है और यह वक्फ की संपत्ति हो जाएगी? उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के मामले में एक प्रणाली होनी चाहिए। समिति द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद, इसे चर्चा और पारित करने के लिए संसद में लाया जाएगा। उपासना स्थल अधिनियम के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब मामला उच्चतम न्यायालय में है, तो इस मुद्दे पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से दूर रहना चाहिए।

पांच साल में पहले स्थान पर होगा भारतीय वाहन उद्योग

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा।

गडकरी ने यहां वाहन डीलरों के निकाय फाडा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपये का है। मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल के भीतर भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में नंबर एक बन जाएगा।

वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है, इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान आता है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। उन्होंने फेडरेशन ऑफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में कहा कि वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं।

किरायेदारों को भी मिलेगा मुफ्त बिजली पानी की योजना का लाभ : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आई तो किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी की योजना का लाभ देने के लिए निर्णायक कदम उठाएगी।

राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दिल्ली के किराएदारों द्वारा उठाई गईं चिंताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता हूं, मुझे किराए पर रहने वाले लोग मिलते हैं और वे कहते हैं कि उन्हें अच्छे स्कूल और अस्पताल की सुविधा तो मिली हैं, लेकिन वे मुफ्त बिजली और पानी की योजनाओं से वंचित हैं। इस मुद्दे के समाधान का आश्वासन देते हुए केजरीवाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव के बाद किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिले। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आम आदमी पार्टी पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियान को तेज कर रही है। परिणाम आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही आप ने अपने अभियान को कल्याणकारी पहलों के इर्द-गिर्द तैयार किया है।

आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री घटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु समेत देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की गिरावट आई है। बिक्री में गिरावट का मुख्य कारण महाराष्ट्र एवं हरियाणा में चुनाव और संपत्ति की बढ़ी हुई कीमतें हैं।

रियल एस्टेट परामर्श मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः एनुअल राउंडअप 2024 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, इस विश्लेषण में शामिल आठ में से तीन शहर महाराष्ट्र और हरियाणा में हैं जहां पर बीती तिमाही में विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। हालांकि दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सालाना आधार पर बाकी सभी सात शहरों शहरों में घरों की बिक्री में गिरावट आई है। दिल्ली-एनसीआर में दिसंबर तिमाही में घरों की बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 9,808 इकाई रही जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 6,528 था। चुनावों का असर नई आपूर्ति पर भी दिखा। बीते वर्ष की चौथी तिमाही में नयी परियोजनाएं पेश करने में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है।

रहस्यमयी हालात में मौतों से खौफ में जम्मू-कश्मीर के निवासी

एजेंसी

बधाल (जम्मू-कश्मीर)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के इस सुदूर पर्वतीय गांव के लोग पिछले 45 दिनों में रहस्यमयी परिस्थितियों में एक के बाद एक हुई मौतों से सदमे में हैं तथा उनके चेहरों पर भय और दुख साफ झलक रहा है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि मौत का डर उन्हें पहले कभी इतना नहीं था, यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी नहीं, या जब आतंकवाद अपने चरम पर था।

अधिकारियों ने मौतों के पीछे किसी संक्रामक बीमारी की आशंका से इनकार किया है। मामले में, सीएसआईआर-आईआईटीआर (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान) की अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट में न्यूरोटॉक्सिन की मौजूदगी का खुलासा होने के बाद पुलिस की एक नवगठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने जांच के लिए 60 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कोटरंका उप-मंडल के बधाल गांव की स्थिति पर चर्चा के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की तथा स्वास्थ्य एवं पुलिस विभागों को जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए।

अश्विनी वैष्णव ने परखी बुलेट ट्रेन परियोजना की तैयारी

एजेंसी

मुंबई/ठाणे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे (बुलेट ट्रेन परियोजना) के तहत समुद्र के नीचे निर्माणाधीन सुरंग का शनिवार को निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति पर संतोष जताया। परियोजना के तहत 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। यह सुरंग बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन को शिलफाटा से जोड़ेगी। समुद्र के नीचे बनी यह सुरंग देश में अपनी तरह की पहली सुरंग है। वैष्णव ने नवी मुंबई के घनसोली में संवाददाताओं से कहा कि समुद्र के नीचे सुरंग का डिजाइन तैयार कर लिया गया है और इसका निर्माण बड़ी सावधानी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सुरंग के डिजाइन और इसमें इस्तेमाल की जा रही प्रौद्योगिकी की मदद से दो ट्रेनें 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजर सकती हैं। हवा और प्रकाश के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा गया है। परियोजना के 340 किलोमीटर लंबे हिस्से पर निर्माण कार्य अच्छी गति से चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में ट्रेन कोलकाता मेट्रो की नदी के नीचे बनी सुरंग में संचालित ट्रेनों के मुकाबले कही अधिक रफ्तार से गुजर सकेंगी। वैष्णव ने कहा इस परियोजना में नदियों पर पुल निर्माण और स्टेशन के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है। बीकेसी में स्टेशन एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसमें 10 भूमिगत तल और सात जमीन से ऊपर के तल हैं। हाई-स्पीड रेल परियोजना तय समय पर चल रही है। इसका निरीक्षण और अनुमोदन जापानी विशेषज्ञ कर रहे हैं। रेल मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए किफायती, कुशल परिवहन साधन उपलब्ध कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना धीरे-धीरे साकार हो रहा है। वैष्णव ने कहा कि देश में पहली बार हाई-स्पीड रेल मार्ग के पूरा होने से मुंबई और अहमदाबाद सहित मार्ग में पड़ने वाले शहरों की अर्थव्यवस्थाएं एकीकृत होंगी और शहरी विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा, इस गलियारे के साथ बनने वाले स्टेशन शहरी विकास को बढ़ावा देंगे और यात्रा के समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करके दैनिक यात्रियों की उत्पादकता बढ़ाएंगे। हाई-स्पीड ट्रेन को एक परिवहन परियोजना के रूप में न देखकर अर्थव्यवस्था के एकीकरण के रूप में देखें। यह भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगी।

गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए किसानों को करें प्रेरितः मुख्यमंत्री

- गोवंश आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी व छायादार वृक्ष लगाए जाने के दिये निर्देश
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोवंश के लिए हरे चारे की अधिकाधिक उपलब्धता के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करने के लिए गोष्ठी का आयोजन भी किया जाए। सीएम ने अधिकारियों को भूसे और हरे चारे के लिए वेयरहाउस बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मकई, ज्वार, बाजरा और बरसीम आदि हरा चारा तीन से चार माह चल जाता है। ऐसे में इसके लिए वेयरहाउस बनाएं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिये ताकि उसकी प्रापर मॉनीटरिंग हो सके। मुख्यमंत्री ने गो आश्रय स्थलों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने, सड़क किनारे स्थित ग्रामों के पशुपालकों के गोवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगाने, ग्रीष्म एवं शीत ऋतु से बचाव के लिए पफ पैनल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। वहीं, निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, संबंधित उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी इन स्थलों का तय अंतराल पर निरीक्षण करते रहें।

नौकरियों की कमी को दूर करने की जरूरत

सूरत। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि ने कहा कि पर्याप्त रोजगार अवसरों की कमी, अनसुलझी सीमा का मुद्दा और मानव विकास सूचकांक में स्थिति कुछ ऐसी कमजोरियां हैं, जिन्हें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए दूर करने की जरूरत है। सूरत साहित्य महोत्सव-2025 में शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत ऐट 2047 विषय पर अपने विचार रखते हुए लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने कहा कि 2047 के भारत को अपनी प्रतिक्रिया प्रणाली को एकीकृत करना चाहिए, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में अपनी आंतरिक समस्याओं के साथ ही वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) का भी समाधान करना चाहिए, ताकि सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित हो सके।

पेज एक का शेष

राजनाथ सिंह

तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया है वह सराहनीय है। जिस श्रद्धा भाव से यह आयोजन किया जा रहा है उसके लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद देता हूं। प्रशासनिक दृष्टि से भी यह आयोजन ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। प्रयागराज पहुंच कर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है।

सैफ अली

अधिकारियों से उसकी बात कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल संदिग्ध को दुर्ग आरपीएफ पोस्ट में रखा गया है और मुंबई पुलिस की एक टीम जल्द ही छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को दादर स्थित मोबाइल फोन की एक दुकान से सीसीटीवी फुटेज एकत्र की थी, जहां घटना के बाद कथित संदिग्ध व्यक्ति गया था। इकरा नामक दुकान पर काम करने वाले हसन पीटीआई-वीडियो से कहा, उसने 50 रुपये में एक जोड़ी इयरफोन खरीदा था। अभिनेता पर गर्दन और रीढ़ समेत कई जगहों पर चाकू से वार किया गया, जिसके बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि अभिनेता को गहन चिकित्सा इकाई से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। वह चल-फिर रहे हैं और सामान्य आहार ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि खान को दो से तीन दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है। लीलावती अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने शुक्रवार को कहा था, हम उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं और हमारी उम्मीदों के मुताबिक वे बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं।

ईपीएफओ के

बाद इन शिकायतों में उल्लेखनीय रूप से गिरावट आएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के व्यक्तिगत विवरणों में संशोधन के अनुरोधों का लाभ भारी कार्यबल वाले बड़े नियोक्ताओं को भी होगा। श्रम मंत्री ने कहा कि ईपीएफओ ने ईपीएफओ पोर्टल पर संयुक्त घोषणा की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इससे कर्मचारियों को नाम, जन्म तिथि, लिंग, राष्ट्रीयता, पितामाता का नाम, वैवाहिक स्थिति, पति पत्नी का नाम, कामकाजी संगठन से जुड़ने और छोड़ने की तिथि जैसी व्यक्तिगत जानकारियों में होने वाली आम त्रुटियों को खुद ही सुधारने की सुविधा मिल गई है। इसके लिए नियोक्ता द्वारा किसी सत्यापन या ईपीएफओ द्वारा अनुमोदन की जरूरत नहीं रह गई है। ऐसे मामलों में किसी सहयोगी दस्तावेज की भी जरूरत नहीं है। यह सुविधा उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका यूएएन (सार्वभौमिक खाता संख्या) एक अक्टूबर, 2017 (जब आधार से मिलान अनिवार्य हो गया था) के बाद जारी किया गया था। यूएएन एक अक्टूबर, 2017 से पहले जारी होने की स्थिति में नियोक्ता ईपीएफओ की मंजूरी के बिना भी विवरण को सही कर सकता है। ऐसे मामलों के लिए सहयोगी दस्तावेज़ की जरूरत को भी सरल बना दिया गया है।

आर्थिक गतिविधियों

लाख कार्ड वितरित किए जाने के बाद अब गांवों में लगभग 2.24 करोड़ लाभार्थियों के पास स्वामित्व संपत्ति कार्ड होंगे। उन्होंने कहा संपत्ति अधिकार दुनिया भर में एक बड़ी चुनौती है। कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें पता चला था कि कई देशों में लोगों के पास संपत्ति के अधिकार के लिए कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गरीबी उन्मूलन के लिए संपत्ति अधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा था कि गांवों में संपत्ति एक मृत पूंजी है, क्योंकि लोग इसके साथ कुछ नहीं कर सकते और यह उनकी आय बढ़ाने में भी मदद नहीं कर सकती। उन्होंने कहा भारत में भी इस चुनौती का असर देखने को मिला।

यूपी में वितरित

योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में कही। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब ग्रामीण क्षेत्र में आबादी की जमीन पर बसे हुए लोगों को उनकी जमीन का कानूनी हक दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 57,000 से अधिक ग्राम पंचायत हैं।

आरजीकर

ने कहा कि रॉय को प्रशिक्षु चिकित्सक का यौन उत्पीड़न करने और उसकी गला घोंटकर हत्या करने का दोषी पाया गया है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उसके खिलाफ सभी आरोप साबित कर दिए हैं। दास ने दोषसिद्धि का आदेश सुनाते हुए कहा कि रॉय सुबह करीब चार बजे अस्पताल में दाखिल हुआ और ड्यूटी पर मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक पर उस वक्त हमला किया, जब वह अस्पताल के सेमिनार रूम में सो रही थी। उन्होंने कहा तुमने चिकित्सक पर यौन हमला किया। तुमने उसका गला घोंटा और उसका चेहरा ढक दिया तथा इस हमले के कारण आखिरकार उसकी मौत हो गई। न्यायाधीश ने कहा गवाहों के बयानों और इस मामले में पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर तुम्हारा अपराध साबित हो गया है और तुम्हें दोषी ठहराया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि 160 से अधिक पृष्ठों का फैसला सोमवार को सजा सुनाए जाने के बाद पूरा हो जाएगा और इसमें शिकायतकर्ता, पीड़िता के पिता द्वारा उठाए गए कुछ सवालों का भी स्पष्ट रूप से जवाब दिया जाएगा।

तीन मंदिरों

में बजरंग बली की मूर्ति को शुक्रवार रात अराजकतत्वों ने खंडित कर दिया। शनिवार सुबह जब लोग मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे तो मूर्ति खंडित किये जाने की जानकारी हुई और इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस के अनुसार, मंदिर से कुछ दूर पर स्थित सड़क किनारे स्थापित शिवलिंग भी टूटा मिला, जिसे देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गये। पुलिस ने बताया कि इसी गांव के दिखौली मोड पर स्थित बाग में मौजूद बीस वर्ष पुराने शिवमंदिर में भी शिवलिंग खंडित मिला। पुलिस के मुताबिक, मंदिर के पुजारी राम प्रकाश जब सुबह पूजा करने गये तो मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ और शिवलिंग खंडित मिला।

राष्ट्रीय खेलों

के रिश्तेदार व अन्य लोग भी अपने स्तर से होटलों में कमरों की बुकिंग करा रहे हैं। उत्तराखंड में भीषण सर्दी के बीच राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होटल इंडस्ट्री को गरमी प्रदान कर रहा है। भीमताल-टनकपुर के होटल कारोबारी हों या फिर कोटी कालोनी टिहरी के होटल व्यवसायी, राष्ट्रीय खेलों की वजह से सबकी आंखों में चमक आ रही है। इंडस्ट्री ऐसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष पंकज गुप्ता का कथन है कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से होटल इंडस्ट्री को देशभर में एक्सपोजर मिलेगा। हल्द्वानी होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज जायसवाल का मानना है कि राष्ट्रीय खेल होटल वालों के लिए भी बड़ा अवसर है। हम मेहमानों को अच्छी सर्विस देंगे, ताकि वे अच्छी स्मृतियां लेकर उत्तराखंड से जाएं और हमारे होटलों का नाम पूरे देश तक फैले। दून होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज को राष्ट्रीय खेलों से होटल इंडस्ट्री को तात्कालिक और दीर्घकालिक दोनों तरह के फायदे मिलते दिखते हैं। भारद्वाज का कहना है कि इस आयोजन से होटल इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी।

विराज सागर

में सदैव सक्रिय रहते थे। आज उनके सुपुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने पिता के पद चिह्नों पर चलकर जनसरोकार व मानव सेवा में पूरी तन्यमता के साथ जुटे हैं। गर्मियों में मिष्ठान के साथ लगने वाले उनके प्याऊ राहगीरों की प्यास बुझाते रहते हैं तो कोरोना काल में जब हर तरफ अफरा–तफरी का माहौल था, तब वह गम्भीरता व शांतभाव से मरीजों को घर से अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस उपलब्ध कराते नजर आते थे। संक्रमितों व उनके परिजनों को भोजन की व्यवस्था के साथ मोहल्ले–मोहल्ले गली– गली सैनिटाइज कराने में उनकी सक्रियता देखते बनती थी। वहीं शहर के हर गली-मोहल्ले और चौराहे पर डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव लोगों को ठंड से निजात दिलाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। फाउंडेशन की दो टीमें शनिवार को शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलीं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चला। प्रत्येक अलाव पर लगभग 40 किलो लकड़ी जलाई जा रही है। पहली टीम ने ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स आफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर जहां अलाव जलाया। वहीं, दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती, मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल और लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने में अपनी बड़ी भूमिका निभायी।

कांग्रेस सांसद

को राकेश राठौर ने पीड़िता को अपने घर बुलाया। आरोप है कि सांसद ने एक सादे कागज पर आपत्तिजनक शब्द लिखवाकर हस्ताक्षर करवाए। साथ ही यह भी कहा कि अगर विरोध किया तो तुम्हें बदनाम कर दूंगा। आरोप है कि विरोध करने पर सांसद ने जान-माल के नुकसान की धमकी दी।

संक्षेप

क्लासिक डकार रैली पूरी करने वाले पहले भारतीय

रियाद (सऊदी अरब)। शीर्ष रेसर संजय टकाले ने क्लासिक कारों की श्रेणी में प्रतिष्ठित डकार रैली को पूरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। कॉम्पैनी सहरिएन टीम के फ्रांस के सह-चालक मैक्सिम राउड के साथ टकाले ने लगभग 7,453 किमी की कठिन प्रतियोगिता में असाधारण निरंतरता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 14 चरण के रेस के क्लासिक कारों की श्रेणी में 10 वां जबकि ओवरऑल 18वां स्थान हासिल किया। उन्होंने टोयोटा लैंड क्रूजर एचजेडजे78 से रेस के आखिरी चरण को पांचवें स्थान पर रहते हुए खत्म किया। डकार रैली का यह 47वां जबकि सऊदी अरब में छठा सत्र है।

बैडमिंटन कोच अरुण ने राष्ट्रीय टीम छोड़ी

नयी दिल्ली। भारत में महिला युगल बैडमिंटन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोच अरुण विष्णु ने राष्ट्रीय कोचिंग टीम को छोड़ दिया है और वह मार्च में नागपुर में अकादमी शुरू करेंगे। कोझिकोड के इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को विश्व स्तरीय जोड़ी बनाने तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह अब नागपुर में बसने जा रहे हैं जहां उनके ससुर रहते हैं। अरुण अपनी पत्नी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरुंधति पेंतावने के साथ एक अकादमी भी खोलेंगे। अरुण ने पीटीआई से कहा, मैंने विश्व टूर फाइनल्स के बाद दिसंबर में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मैं एक कोच के रूप में साढ़े आठ साल तक राष्ट्रीय टीम के साथ रहा हूं और मेरी टीम के साथ कुछ बहुत अच्छी यादें जुड़ी है। अब मैं नागपुर जा रहा हूं और मार्च में वहां एक अकादमी शुरू करूंगा। गायत्री और त्रीसा ने दिसंबर में सत्र की अंतिम प्रतियोगिता बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में भाग लिया था। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरुण ने अपर्णा बालन के साथ 2016 में मिश्रित युगल राष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद से मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद के साथ काम किया है। अरुण ने बताया, मैंने पहले चार साल जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम किया और आखिरी चार साल महिला युगल पर ध्यान केंद्रित किया। यह सफर वास्तव में यादगार रहा।

बालाजी-वरेला की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

मेलबर्न। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। बालाजी और वरेला की जोड़ी ने दूसरे सेट में दमदार शुरुआत की और फिर और अपनी लय बरकरार रखते हुए इस सेट को अपने नाम करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक सेट में बोर्गेस और कैब्राल ने चौथे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली। पुर्तगाल की जोड़ी ने नौवें गेम में ब्रेक पॉइंट हासिल करके मैच अपने नाम किया। भारत की निगाहें अब मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं।

छेत्री के गोल से बेंगलुरू एफसी को मिला एक अंक

हैदराबाद। महान फुटबॉलर सुनील छेत्री के सत्र के 10वें गोल की मदद से बेंगलुरु एफसी ने शनिवार को यहां इंडियन सुपर लीग मैच में हैदराबाद एफसी से 1-1 ड्रॉ खेलकर अंक बांटे। देवेंद्र मुरगांवकर ने पहले हाफ में 21वें मिनट में गोल कर हैदराबाद एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। लेकिन 40 साल के छेत्री ने 78वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इस तरह छेत्री अपने आईएसएल करियर में दूसरी दफा 10 से ज्यादा गोल करने में कामयाब रहे।

रोहित की कप्तानी में खेली जायेगी चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की शनिवार को पुष्टि की लेकिन घरेलू मैचों में स्टार खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम से खिलाड़ियों के लिए समय निकालना मुश्किल है। रोहित ने यह भी कहा कि कोई भी खिलाड़ी शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता को हल्के में नहीं लेता है। रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 23 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुंबई की टीम यहां के एमसीए-बीकेसी ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए 10 दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भागीदारी को अनिवार्य बनाना भी शामिल है। इसके बाद से रोहित और भारतीय टीम में उनके लंबे समय के साथी रहे विराट कोहली पर नजरें है। बीसीसीआई मुख्यालय में यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान घरेलू मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, पिछले छह सात वर्षों से अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हम 45 दिनों तक घर बैठे रहे हो। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है।

भारतीय कप्तान ने कहा, हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नहीं खेल रहे हैं और जब घरेलू क्रिकेट हो रहा है, तो वे इसमें खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी बात करूं तो मैंने 2019 से नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया है। ऐसे में आपको मुश्किल से ही समय मिलता है। जब आप नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको तरोताजा होने के लिए समय की जरूरत होती है। ऐसा नहीं है कि कोई घरेलू क्रिकेट को हल्के में ले रहा है। सैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने टेस्ट में अपनी पिछली 15 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाने के बावजूद इस प्रारूप से संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। रोहित ने मंगलवार को



वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया था। रोहित हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरी तरह विफल रहे। वह तीन मैचों की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन ही बना सके थे। खराब फॉर्म के कारण वह पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट को नहीं खेले थे। रोहित ने अपना पिछला रणजी मैच नवंबर 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। उन्होंने कहा, हमने इसका समाधान निकाला है और कोई भी इसे (लाल गेंद प्रारूप के घरेलू मैच) हलके में नहीं लेता है। यह सिर्फ इस पर आधारित है कि कोई किसी का सत्र कैसा गुजर रहा है और उसे आराम की कितनी जरूरत है। उन्होंने कहा, इन सबके आधार पर हम तय करते हैं कि कुछ खिलाड़ियों के साथ क्या होने वाला है। अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि अगर समय है तो आपको घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे बुमराह, उन्हें आराम करने को कहा गया: अगरकर

मुंबई। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए फिट नहीं हो पाएंगे जिसके कारण हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे मुख्य तेज गेंदबाज की स्थिति पर मेडिकल टीम से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में अगरकर ने कहा, बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हो पायेंगे। हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा। पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के पांचवें दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम 11 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंपनी होगी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। इससे पहले भारत छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ तीन द्विपक्षीय वनडे मैच खेलेगा। पिछले साल अगस्त में श्रीलंका दौरे के बाद से भारतीय टीम की यह 50 ओवर की पहली श्रृंखला होगी।

सनराइजर्स ईस्टर्न कोप ने डरबन सुपर जॉइंट्स को 58 रन से हराया

डरबन। गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार तीन हार के बाद वापसी करते हुए किंग्समीड में खेले गए एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में डरबन सुपर जॉइंट्स पर 58 रन से शानदार जीत हासिल की। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 165 रन बनाए और इसके बाद सुपर जॉइंट्स को 107 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जैक कॉली ने 29 गेंदों में 34 रन बनाकर सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई जबकि टॉम एबेल ने 39 गेंदों में 57 रन बनाए। पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले मार्को यानसन ने एक बार फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाकर सनराइजर्स को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। सुपर जॉइंट्स की तरफ से स्पिनर नूर अहमद ने 24 रन देकर चार विकेट लिए। सुपर जॉइंट्स के बल्लेबाज हालांकि टिककर नहीं खेल पाए और उसकी पूरी टीम 18.1 ओवर में आउट हो गई। उसके चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

पंजाब के खिलाफ रणजी मैच से बाहर हो सकते हैं केएल राहुल

बेंगलुरु। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल कोहनी की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह गुरुवार से यहां पंजाब के खिलाफ शुरू होने वाले कर्नाटक के रणजी ट्रॉफी मैच से बाहर हो सकते हैं। पीटीआई को पता चला है कि राहुल ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चिकित्सा दल को इस मुद्दे पर अपनी चिंता से अवगत कराया है और वे फिलहाल उनकी निगरानी कर रहे हैं।

राहुल हालांकि 30 जनवरी से हरियाणा के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी मैच में खेल सकते हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ पंजाब के खिलाफ मैच के लिए एक या दो दिन में टीम की घोषणा कर सकता है।

अंकुश, अमन व अभव्या ने स्वर्ण जीतकर मेजबान उत्तर प्रदेश को दिलाई शानदार शुरुआत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अंकुश कुमार, अमन पाल व अभव्या तिवारी ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप - 2025 ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान को शानदार शुरूआत दिलाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऑफिशियल ग्रुप की स्पधाओं के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने दो स्वर्ण जबकि हरियाणा व दिल्ली ने एक-एक स्वर्ण पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। मुख्य अतिथि श्री बृजेश पाठक ने अपने आर्शीवचन में विभिन्न टीमों से आए खिलाड़ियों को लखनऊ में स्वागत करते हुए उन्हें चैंपियनशिप में हार्दिक बधाई और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारीह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बताया कि चैंपियनशिप में 24 राज्यों व इकाईयों की टीमों से 1700 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, कुमाऊं रेजीमेंट और सर्विसेज के खिलाड़ी भी शामिल है।

सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप

38वें नेशनल गेम्सः ताइक्वांडो में वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए ओपन ट्रायल 20 व 21 जनवरी को

लखनऊ। 38वें नेशनल गेम्स के अंतर्गत ताइक्वांडो की स्पर्धा में वाइल्ड कार्ड इंट्री के लिए ओपन सलेक्शन ट्रायल का आयोजन 20 व 21 जनवरी, 2025 को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में किया जाएगा। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव आरडी मंगेशकर ने बताया कि इस ट्रायल में वे पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी आयु 17 वर्ष से अधिक है (जन्म 31 दिसंबर 2007 या उससे पूर्व हुआ हो)। यह ट्रायल ब्लैक बेल्ट श्रेणी में आयोजित किया जाएगा। इस ट्रायल में क्योरगी में सीनियर पुरुष व महिला वर्ग के 8-8 भार वर्ग और सीनियर पूमसे (30 वर्ष से कम) में पुरुष व महिला वर्ग व्यक्तिगत, मिक्सड पेयर और ग्रुप श्रेणी की स्पधाएं होंगी। ट्रायल के आधार पर प्रत्येक क्योरगी भार वर्ग में पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से 2-2 का चयन होगा। इसी तरह पूमसे की प्रत्येक श्रेणी में भी 2-2 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 38वें नेशनल गेम्स में ताइक्वांडो की स्पधाएं 4 से 8 फरवरी, 2025 तक हल्द्वानी (उत्तराखंड) में आयोजित होंगी। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार (सचिव, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन) ने बताया कि सर्विसेज के एथलीटों को छोड़कर अर्धसैनिक बलों (आसाम राइफल्स, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, बीएसएफ) के एथलीट, जिन्होंने 40वीं राष्ट्रीय सीनियर क्योरगी और 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिपः 2024 में प्रतिभाग किया था।

अंकिता व नैखटा ने जीता पहला युगल खिताब

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने शनिवार को यहां ब्रिटिश जोड़ीदार नैखटा बैंस के साथ आईटीएफ डब्ल्यू50 स्पर्धा की चैम्पियन बनने के साथ ही नौ महीने में अपना पहला युगल खिताब जीता। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय-ब्रिटिश जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में हुए फाइनल मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसी एनी और जेसिका फेला की जोड़ी को एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच में 6-4, 3-6, 10-8 से हराया। अंकिता एकल स्पर्धा के पहले दौर में ही बाहर हो गई थीं लेकिन उन्होंने युगल खिताब जीतकर इस निराशा की भरपाई की।

अंकिता ने इससे पहले अप्रैल 2024 में जापान में काशीवा में अपनी पहली युगल ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने तब ताइपे की चिया यी त्साओ के साथ जोड़ी बनाई थी। इस बीच सातवीं वरीयता प्राप्त तातियाना प्रोजोरोवा और दूसरी वरीयता प्राप्त पन्ना उडवार्डी ने अपने-अपने मैचों में जीत के साथ फाइनल में जगह बनायी। दिन के पहले सेमीफाइनल में हंगरी की उडवार्डी ने ब्रिटिश चौथी वरीयता प्राप्त युरिको लिली मियाजाकी को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी जबकि तातियाना ने लातविया की शीर्ष वरीयता प्राप्त दार्जा सेमेनिस्टाजा को 7-5, 6-2 से मात दी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में स्वियातेक और मोनफिल्स

मेलबर्न। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत दर्ज की जबकि गाएल मोनफिल्स ने 38 साल की उम्र में भी अपना दमदार खेल दिखाते हुए शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं। मिशेलसन अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनाउर का सामना करेंगे जिन्होंने 31वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 5-7, 7-6 (3), 6-3, 6-3 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के उपविजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ बाहर हो गए हैं। उन्हें 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स ने 3-6, 7-5, 7-6 (1), 6-4 से हराया।

टी-20 विश्व कप : बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया ने दर्ज की जीत

एजेंसी

कुआलालंपुर। बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने अहम मैच में न्यूजीलैंड को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया जबकि बांग्लादेश ने कम स्कोर वाले मैच में नेपाल को पांच विकेट से हराया। काओइमहे ब्रे ने सिर्फ एक रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को आसानी से हराया। मलेशिया में खराब मौसम के कारण तीन मैच रद्द कर दिए गए। इंग्लैंड और आयरलैंड का मुकाबले में और सात गेंद का खेल हुआ होता तो मैच का परिणाम निकल जाता। टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे नाइजीरिया और समोआ तथा अमेरिका और पाकिस्तान का मैच खराब मौसम के कारण शुरू नहीं हो सका।

अंडर-19 महिला विश्व कप

बांग्लादेश ने ग्रुप डी के मैच में नेपाल को 18.2 ओवर में 52 रन पर आउट करने के बाद 13.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। नेपाल के लिए सना परवीन ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 19 रन बनाये जबकि सीमान केसी (10) दोहरे अंक में रन बनाने वाली टीम की सिर्फ दूसरी बल्लेबाज रही। नेपाल के पांच बल्लेबाज रन आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने भी 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन सादिया इस्लाम (16) और कप्तान सुमैया अख्तर (12) ने विकेटों के पतन को रोककर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित ग्रुप सी के 11 ओवर के मैच में न्यूजीलैंड पर 22 रन की जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जेमिमा बोथा (24 गेंद में 32 रन) और सिमोन लुरेंस (14 गेंद में 21 रन) के साथ कराबो मेसो (14 गेंद में 25 रन) के उपयोगी योगदान से टीम ने सात विकेट पर 91 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 69 रन पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 15 साल की ब्रे की शानदार गेंदबाजी से ग्रुप डी के मैच में स्कॉटलैंड को 48 रन पर आउट करने के बाद 6.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रे ने 3.1 ओवर में एक रन खर्च कर तीन विकेट चटकाये। स्कॉटलैंड के लिए एम्मा वालसिंघम ने सबसे ज्यादा 12 रन बनाये।

इंग्लैंड ने ग्रुप बी के मैच में आयरलैंड के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की पारी के चौथे ओवर में बारिश के खलल के कारण मैच रद्द हो गया। बारिश के खलल से पहले आयरलैंड ने 3.5 ओवर में दो विकेट पर 28 रन बना लिये थे। टी20 में परिणाम के लिए दूसरी पारी में पांच ओवर का खेल जरूरी है ऐसे में महज सात गेंद के कारण इस मैच का परिणाम नहीं निकल सका।

विराट कोहली ने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच से बाहर रहने का फैसला किया

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जिस दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, उसी दिन मेगास्टार विराट कोहली ने संकेत दिया कि गर्दन में हल्की चोट के कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच में नहीं खेल पाएंगे। रणजी ट्रॉफी का मैच 23 जनवरी से शुरू होगा। दिल्ली चयन समिति ने शुरू में 22 सदस्यीय संभावित टीम चुनी थी और कोहली की भागीदारी उपलब्धता पर निर्भर थी।

केपी भास्कर की अध्यक्षता वाले पैनल ने शुक्रवार को टीम का चयन किया लेकिन आधिकारिक तौर पर इसे जारी नहीं किया गया क्योंकि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली स्टार बल्लेबाज की उपलब्धता की पुष्टि का इंतजार कर रहे थे। डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, कोहली को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट के कारण आराम करने की सलाह दी गई है। वह सौराष्ट्र के मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। दिल्ली का आखिरी लीग मैच रेलवे के खिलाफ है, हम अभी इसके बारे में निश्चित नहीं हैं। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच 2012 में गाजियाबाद के मोहन नगर में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट 25 से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में टेनिस को प्रमोट करने और खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक पाने का मौका देने के लिए चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 25 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक होगा। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के मैच अत्याधुनिक एसडीएस लामार्टिनियर टेनिस फैसिलिटी के टेनिस कोर्ट पर खेले जाएंगे।

इस बारे में आयोजित प्रेस वार्ता में टूर्नामेंट संयोजक पवन सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञान डेयरी (ज्ञान दूध) द्वारा प्रायोजित आठ दिवसीय इस टूर्नामेंट में पुरुष व महिलाओं के एकल व युगल के मुकाबलों के अलावा आयु वर्ग में भी स्पधाएं होगी। टूर्नामेंट में आयु वर्ग में अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 व अंडर-18 आयु वर्ग में बालक व बालिका एकल व युगल वर्ग में मुकाबले होंगे। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में पूरे प्रदेश के 150 से अधिक उम्दा खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाने उतरेंगे। संयोजक पवन सागर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में प्रदेश के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश के टेनिस कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण आयोजन बन जाएगा।

यहां खेल प्रेमियों को रोमांचक मैच में खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन देखने का मौका मिलेगा। यहीं नहीं इस टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर महत्वपूर्ण रैंकिंग प्वाइंट भी मिलेंगे। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल ने बताया कि यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और पेशेवर स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए एक का मंच प्रदान करेगा।

यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को टेनिस के प्रति प्रेरित करने और जमीनी स्तर पर इस खेल को प्रोत्साहन देने का भी काम करेगा। आज प्रेस वार्ता में टूर्नामेंट डायरेक्टर अमित तिलक, कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह व रेफरी गोपाल सिंह भी मौजूद थे।

मोदी सरकार ने दी गांवों को तरजीह

स्वामित्व योजना के तहत 3.17 लाख गांवों को तकनीक के जरिये कवर किया गया: जेपी नड्डा

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि स्वामित्व संपत्ति कार्ड का वितरण और अन्य पहलें जनता को सशक्त करने के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार के संकल्प को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत 3.17 लाख गांवों को तकनीकी की मदद से कवर किया गया और आज 1.53 लाख किसानों को संपत्ति का अधिकार दिया जाएगा। अहमदाबाद में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आम आदमी के सशक्तीकरण को बहुत महत्व दिया गया है। मोदी सरकार ने हमेशा लोगों को प्राथमिकता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि हमें आम आदमी को सशक्त बनाने के लिए कैसे काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए।

नड्डा ने कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और गरीबी कम होगी। ये संपत्ति कार्ड 10 राज्यों - छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 50,000 से अधिक गांवों में लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जब मैं सशक्तीकरण के बारे में बात करता हूं, तो जोर गांवों, गरीबों, वंचितों, पीड़ितों, शोषितों, दलितों, युवाओं और किसानों पर होता है। सभी कार्यक्रमों की योजना इन वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए बनाई गई थी। नड्डा ने कहा कि कल्याणकारी उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र का अक्षरशः पालन किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छता योजना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित विभिन्न योजनाओं ने सीमांत वर्गों को लाभ पहुंचाया और जातियों और धर्मों से परे जाकर महिलाओं को सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 61 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये (गुजरात में 10 लाख रुपये) का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। नड्डा ने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत 3.17 लाख गांवों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से कवर किया गया है और 1.53 लाख किसानों को संपत्ति का अधिकार दिया जा रहा है।

भारतीय नौसेना आठ देशों की नौसेनाओं के साथ कर रही सैन्य अभ्यास

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना उथल-पुथल वाले भू-राजनीतिक माहौल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के अपना प्रभाव बढ़ाने की पृष्ठभूमि में, अमेरिका और फ्रांस सहित आठ देशों की नौसेनाओं के साथ एक बड़े युद्धाभ्यास में भाग ले रही है।

नौसैन्य अभ्यास ला पेरोस हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच स्थित जलडमरूमध्यों के साथ-साथ मलक्का, सुंडा और लोम्बोक में जारी है। इन जलडमरूमध्य को वैश्विक समुद्री व्यापार के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। सोलह जनवरी से शुरू हुए नौ दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य समुद्री निगरानी, हवाई अभियानों और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भाग लेने वाले देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत चार्ल्स डे गाउले के नेतृत्व में फ्रांसीसी नौसेना का एक बेड़ा अभ्यास का मुख्य हिस्सा है। भारतीय नौसेना के अनुसार, भारत का स्वदेश विकसित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मुंबई भी अभ्यास का हिस्सा है।

भारत, अमेरिका और फ्रांस के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, कनाडा और ब्रिटेन की नौसेनाएं भी इस अभ्यास में भाग ले रही हैं। भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा, यह अभ्यास समान विचारधारा वाली नौसेनाओं को बेहतर सामरिक अंतर-संचालन के लिए योजना, समन्वय और सूचना साझा करने में घनिष्ठ संबंध विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।

संक्षेप

भारत और अमेरिका में साइबर अपराधों की जांच पर समझौता

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बाइडन प्रशासन द्वारा ट्रंप प्रशासन को प्रभार सौंपे जाने से तीन दिन पहले इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा और कार्यवाहक अमेरिकी उप-गृह सुरक्षा सचिव (डीएचएस) क्रिस्टी कैनेगैलो ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। उसने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों को आपराधिक जांच में साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और डिजिटल फॉरेंसिक के उपयोग के संबंध में सहयोग और प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने की अनुमति मिल जाएगी। भारत की ओर से गृह मंत्रालय का इंडियन साइबरक्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार है। अमेरिका की ओर से, डीएचएस और उसकी घटक एजेंसियों-यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट और होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन्स साइबर क्राइम सेंटर को समझौते को लागू करने का काम सौंपा गया है।

जब मैंने देश छोड़ा तो मौत कुछ ही मिनटों की दूरी पर थी : हसीना

नयी दिल्ली। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना पिछले वर्ष पांच अगस्त को केवल 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बच गईं थीं, जब छात्रों के नेतृत्व में हुए जन विद्रोह में उनकी अवामी लीग सरकार गिरा दी गई थी।

अपनी पार्टी द्वारा फेसबुक पेज पर जारी एक संक्षिप्त ऑडियो नोट में हसीना ने अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उनपर पूर्व में हुए दो हमलों को भी याद किया, जिनमें वे बाल-बाल बच गयी थीं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि ईश्वर ने उनके द्वारा कुछ महान कार्य करवाने की दैवीय योजना के तहत उनके जीवन को बचाया है। ऑडियो क्लिप में वह बांग्ला में कहती सुनाई दे रही हैं, हम मौत से सिर्फ 20-25 मिनट के अंतर से बच गए। मुझे लगता है कि 21 अगस्त को हुई हत्याओं से बचना, कोटालीपारा में बड़े बम विस्फोट से बचना या पांच अगस्त 2024 को बचना, इसके पीछे अल्लाह की मर्जी, अल्लाह का हाथ होना चाहिए। अन्यथा, मैं इस बार नहीं बच पाती।

पुलिस पर वृत्तचित्र का प्रदर्शन रोकने का आरोप : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने उनकी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी के पीछे के रहस्यों और षड्यंत्रों को उजागर करने वाले एक वृत्तचित्र के प्रदर्शन को रोक दिया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी

पुलिस ने एमसीसी का हवाला दिया

ने बताया कि पांच जनवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बावजूद इस वृत्तचित्र प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं

ली गयी थी। केजरीवाल ने सवाल उठाया कि वृत्तचित्र के निजी प्रदर्शन के लिए अनुमति की क्या जरूरत थी। उन्होंने यहां एक प्रेसवार्ता में कहा कि वृत्तचित्र अनब्रेकेबल निजी कार्यक्रम में मीडिया को दिखाया जाना था और यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था। केजरीवाल ने कहा, इस कार्यक्रम में न तो वोट मांगे जाने थे और न ही किसी पार्टी के खिलाफ कुछ कहा जाना था। आप संयोजक ने आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन पर इस वृत्तचित्र के प्रदर्शन के आयोजन स्थल की तस्वीर साझा की जिसमें भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती नजर आयी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर इस प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा इस वृत्तचित्र से पूरी तरह डरी हुई है, क्योंकि यह पिछले दो वर्षों में आप नेताओं की गिरफ्तारी के पीछे के रहस्यों और साजिशों को उजागर करता है।

इजराइल-हमास समझौता आज से होगा लागू : कतर

एजेंसी

काहिरा। हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम समझौता रविवार सुबह 8.30 बजे से लागू हो जाएगा।

कतर के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। कतर के विदेश मंत्री माजिद अल-अंसारी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, युद्धविराम समझौता रविवार को सुबह 8:30 बजे से लागू हो जाएगा। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने व अधिकारियों के निर्देशों की प्रतीक्षा करने की सलाह दी। इजराइली मंत्रिमंडल ने शनिवार सुबह गाजा में युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे दी। इस समझौते के लागू होने के बाद दर्जनों बंधकों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से जारी युद्ध पर लगाम लगेगी।

युद्धविराम की खबर के बावजूद शनिवार को पूरे मध्य इजराइल में सायरन बजने लगे और सेना ने बताया कि उसने यमन से दागी गयी मिसाइलों को रोक दिया। इससे पहले, कतर के विदेश मंत्रालय ने इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम रविवार सुबह साढ़े छह बजे से प्रभावी होने की बात कही थी।

कांग्रेस हर कीमत पर करायेगी जातीय जनगणना

एजेंसी

पटना। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी इसे किसी भी कीमत पर करवाकर रहेगी। उन्होंने बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को फर्जी बताया और कहा कि यहां लोगों को बेवकूफ बनाया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर देश के संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस प्रमुख मोहन का सच्ची आजादी वाला बयान देश के संविधान के खिलाफ है। राहुल ने पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसदी है,

लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा पहला कदम यह पता लगाना होगा कि देश में विभिन्न जातियों की स्थिति क्या है और हम इसे छोड़ने वाले नहीं हैं। यह बिहार वाली जाति आधारित गणना नहीं होगी, जो फर्जी और लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।

ईरान में गोली मार दो न्यायाधीशों की हत्या

दुबई। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को एक व्यक्ति ने दो प्रमुख कट्टरपंथी न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। देश में न्यायपालिका पर यह दुर्लभ हमला है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि इस गोलीबारी में न्यायाधीश मौलवी मोहम्मद मोगीसेह और न्यायाधीश अली रजिनी की मौत हो गई। इरना के मुताबिक, इस हमले में एक न्यायाधीश का अंगरक्षक भी घायल हो गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर अपनी जान दे दी। न्यायाधीश रजिनी की 1999 में हत्या करने की कोशिश की गयी थी।

ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध खत्म करने का किया निश्चय

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में शांति समझौता करने का संकल्प लिया है, लेकिन पदभार ग्रहण करने की उनकी तैयारी के बीच शांति की यह पहल पहले की तरह ही दूर की कौड़ी जान पड़ती है। रूस और यूक्रेन तीन साल से चल रही

लेकिन रूस और यूकेन के रूख से हो सकती है दिक्कत

लड़ाई के समापन पर केंद्रित किसी भी संभावित बातचीत से पहले वार्ता की मेज पर अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए युद्ध के मैदान में बढ़त बना लेने की कोशिश में जुटे हैं। पिछले साल रूसी

सेना धीरे-धीरे लेकिन लगातार यूक्रेनी सुरक्षा बलों को धकेलती आगे बढ़ती रही है तथा पूर्व और दक्षिण में चार क्षेत्रों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

रूस ने युद्ध की शुरुआत में जबरन इन क्षेत्रों का विलय कर लिया था, लेकिन वह कभी पूरी तरह से कब्ज़ा नहीं कर पाया। वह यूक्रेन के ऊर्जा नेटवर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को कमज़ोर करने की कोशिश में ताबड़तोड़ मिसाइलें और ड्रोन दाग रहा है। बदले में यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी पैठ का विस्तार करने की कोशिश की है।

यूक्रेन ने रूसी तेल केंद्रों और मॉस्को की युद्ध मशीन के लिए महत्वपूर्ण अन्य प्रमुख लक्ष्यों को मिसाइलों और ड्रोनों से निशाना बनाया है। दोनों ही पक्षों ने वार्ता के सिलसिले में ऐसा रूख अपना लिया है जहां समझौते की गुजाइंश बहुत कम बची है। चुनाव प्रचार के दौरान महज 24 घंटे के अंदर युद्ध रूकवा देने का ऐलान करने वाले ट्रंन ने इस माह के शुरू में यह समयसीमा बदल दी और उम्मीद जतायी कि छह माह में शांति वार्ता हो सकती है।

इंटरटेनमेंट...

आजाद : मूवी रिव्यू- अमर व राशा की मेहनत आई नजर

मुंबई। अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म में अजय देवगन, डायना पेंटी, पीयूष मिश्रा और मोहित मलिक की अहम भूमिकाएं हैं। यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 27 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इसे 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी आजादी से पहले 1920 की है। गोविंद (अमन देवगन) अपनी नानी से महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की कहानियां सुन कर अपने लिए एक काले घोड़े को पाने का सपना देखता रहता है। वह गांव के जमींदार (पीयूष मिश्रा) के अस्तबल में घोड़ों की देखभाल करता है। एक बार वह एक घोड़े पर गलती से बैठ जाता है। उसकी बहुत पिटाई होती है। गोविंद को लगता है कि जमींदार की बेटी जानकी (राशा थडानी) की शिकायत पर उसकी पिटाई हुई है। गांव में होली समारोह के दौरान गोविंद, जानकी के चेहरे पर रंग डाल देता है। दुबारा पिटाई के डर से वह चंबल के बीहड़ में भाग जाता है। वहां उसकी मुलाकात बागी विक्रम सिंह (अजय देवगन) से होती है। विक्रम सिंह के पास आजाद नाम का एक काला घोड़ा है। जिसे गोविंद अपने सपने में देखा करता था। वह आजाद से दोस्ती बनाने की कोशिश करता है, लेकिन उसे विक्रम सिंह के अलावा कोई और काबू में नहीं रखा सकता है। एक हमले में विक्रम सिंह की जान चली जाती है। इसके बाद गोविंद आजाद के करीब कैसे आता है? गांव वापस आकार अंग्रेजों और जमींदार को आजाद के साथ मिलकर कैसे परास्त करता है? यही इस फिल्म की कहानी है। फिल्म का शीर्षक जैसा आजाद है, वैसे ही फिल्म की पूरी कहानी आजाद नाम के घोड़े के ही इर्द-गिर्द घूमती है। अमन देवगन और राशा थडानी ने इस फिल्म को लेकर जिस तरह की तैयारी की है। वह फिल्म में नजर आता है। डेब्यू फिल्म के हिसाब से दोनों का परफॉर्मेंस बहुत अच्छा है। अजय देवगन के वन-लाइनर्स फिल्म की असली जान हैं। डायना पेंटी, पीयूष मिश्रा, मोहित मलिक ने अपने किरदार के साथ पूरी तरह से न्याय करने की कोशिश की है। गांव के सपोर्टिंग कलाकारों ने अच्छा काम किया है।

इस फिल्म को अभिषेक कपूर ने डायरेक्ट की है। इस फिल्म का सबसे कमजोर पहलू सुस्त स्क्रीनप्ले है। फिल्म का फर्स्ट हाफ थोड़ा कमजोर है। कहानी चंबल के ही बीहड़ों में घूमती रहती है। अमन और राशा की लव स्टोरी वाले सीन पर थोड़ा और मेहनत करने की जरूरत थी।

ईशा पर आरोप टॉप-5 के लिए मेकर्स से डील

मुंबई। रियलिटी शो बिग बॉस का सीजन 18 काफी विवादों से घिरा रहा है। ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो की कंटेस्टेंट ईशा सिंह पर आरोप लगाए जा रहे है कि उन्होंने टॉप- 5 में जाने के लिए मेकर्स के साथ डील की है। उन्होंने अपनी कमाई का 30 परसेंट हिस्सा मेकर्स को दिया है। इस मामले में ईशा सिंह के वकील अली काशिफ खान से बात की है। उन्होंने कहा कि ईशा के बारे में अफवाहों को फैलाने वालों को लीगल नोटिस भेजा गया है। ईशा की फैमिली और टीम ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप बिल्कुल गलत हैं, ईशा ने इतने साल से अपने करियर में जो मेहनत की उसके लिए भी काफी अपमानजनक है। ईशा सिंह की टीम ने आगे कहा- ईशा सिंह ने लगातार अपने काम के जरिए एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है।

बड़े स्टार्स का उनके हिसाब से बनता है कॉन्ट्रैक्ट

मुंबई। इस बार के रील टु रियल के एपिसोड में हमने एक्टर्स और प्रोडक्शन हाउस के बीच कॉन्ट्रैक्ट्स के प्रोसेस को जाना है। फिल्म इंडस्ट्री में हर एक्टर और प्रोडक्शन हाउस के बीच एक कॉन्ट्रैक्ट बनता है, जो उनके काम से जुड़ी हर बात तय करता है। यह कॉन्ट्रैक्ट सिर्फ फीस तक सीमित नहीं रहता है। इसमें उनके काम के घंटे, शूटिंग की शर्तें और उनकी इमेज से जुड़ी बातें भी शामिल होती हैं। रील टु रियल के इस एपिसोड में हम समझेंगे की एक्टर्स और प्रोडक्शन हाउस के बीच कॉन्ट्रैक्ट्स कैसे बनते हैं? इस प्रोसेस को पूरी तरह से समझने के लिए हमने एक्टर अमर उपाध्याय, एडवोकेट और मीडिया एंटरटेनमेंट कानून विशेषज्ञ रोहित प्रधान और सेलिब्रिटी एडवोकेट सुविज्ञ विद्यार्थी से बात की।

भारत में कोल्डप्ले का पहला कॉन्सर्ट मुंबई में

मुंबई। आज शनिवार शाम कोल्डप्ले वर्ल्ड टूर 2025 का पहला कॉन्सर्ट मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। कॉन्सर्ट शाम 7:45 बजे से शुरू होगा। 19 और 21 जनवरी को भी मुंबई के इसी स्टेडियम में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 दिन के इस कॉन्सर्ट में लगभग 70 हजार दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

मुंबई के बाद अहमदाबाद में कोल्डप्ले के 2 और कॉन्सर्ट होंगे। यह शो 25 और 26 जनवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होंगे। कॉन्सर्ट होने के बाद कुछ दिन पहले ही बुक माय शो पर अहमदाबाद के लिए एडिशनल टिकट जोड़े गए हैं। इस बात की जानकारी 15 जनवरी को सोशल मीडिया पर बुक माय शो के ऑफिशियल पेज पर शेयर की गई है। पोस्ट में लिखा गया है- कोल्डप्ले म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर 2025- भारत, अहमदाबाद के सभी शो के लिए सीमित टिकट जोड़े गए हैं। अहमदाबाद के दोनों शो के लिए लिमिटेड टिकट आज शाम 6 बजे से लाइव हो जाएंगे। इससे पहले जब साल 2024 में अहमदाबाद कॉन्सर्ट के लिए बुक माय शो पर टिकट बिकने शुरू हुए थे, तो कुछ ही मिनटों में सभी टिकट बिक गए और बुकिंग फुल हो गई थी। इस वजह से नाराज फैंस का कहना है कि जब कॉन्सर्ट के ऑर्गनाइजर्स ब्लैक में टिकट नहीं बेच पाए, तो उन्होंने एक्स्ट्रा टिकट्स जोड़ दिए। फिल्ममेकर करण जौहर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया था कि प्रिविलेज्ड होने के बावजूद वो टिकट बुक करने से चूक गए।

टिकट्स के इसी कालाबाजारी को समझने के लिए दैनिक भास्कर की टीम ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में पता चला था कि बड़े लेवल पर टिकटों की हेरफेर हुई है। जो टिकट साइट पर उपलब्ध नहीं थे, वो आसानी से बाहर 10 से 15 गुना ज्यादा दाम पर बिक रहे थे। आलम यह था कि 3500 रुपए का टिकट 70 हजार रुपए में मिल रहा था। मुंबई में कुछ गिरोह थे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K